ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 29 मई 2024
वर्ष 2, अंक 278, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com




पृथ्वी से चार गुना विशाल है यह रहस्यमयी ग्रह 14

अमेजन पर आएगी अनन्या की वेब सीरीज कॉल मी बे 2

## विमान में बम की सूचना, यात्रियों को इमरजेंसी गेट से बाहर निकाला

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से वाराणसी जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट (6ई2211) में मंगलवार सुबह टेकऑफ से पहले बाथरूम में एक कागज का टुकड़ा मिला, जिसमें 30 मिनट में बम ब्लास्ट लिखा हुआ था। यह खबर विमान में बैठे यात्रियों में फैल गई और अफरातफरी मच गई। जिसके बाद क्रू मेंबर्स ने पैसेंजर्स को इमरजेंसी गेट से बाहर निकाला। कई यात्री विंग के जरिए प्लेन से उतरे गए। फ्लाइट में 176 पैसेंजर्स थे। इसके बाद दिल्ली एयरपोर्ट पर



- दिल्ली से वाराणसी के लिए उड़ान भरने को तैयार विमान में बम होने की सूचना अफवाह निकली

क्यूआरटी और बम डिस्पोजल टीम बुलाई गई। प्लेन की तलाशी ली गई, लेकिन अधिकारियों को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। एयरपोर्ट के अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब साढ़े 5 बजे वॉशरूम में पायलेट को टिशू पेपर मिला था।

### सभी प्रोटोकॉल का पालन किया : इंडिगो प्रवक्ता

इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन किया गया और हवाई अड्डा सुरक्षा एजेंसियों के दिशानिर्देशों के अनुसार विमान को हवाई अड्डे के एक दूरस्थ स्थान पर ले जाया गया। सभी यात्रियों को आपातकालीन निकास द्वार के जरिए विमान से सुरक्षित बाहर निकाला गया। वाराणसी के लिए उड़ान पूर्वाह्न 11 बजकर 10 मिनट पर रवाना हुई। हमें यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद है।

यह पेपर वॉशरूम में कैसे पहुंचा, इसकी जांच चल रही है।

## राजकोट अग्निकांड : गेम जोन का एक और साझेदार गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** राजकोट अग्निकांड में जान गंवाने वाले 27 लोगों के मामले में गुजरात पुलिस ने टीआरपी गेम जोन के एक और साझेदार को गिरफ्तार किया है। बनासकांठा के पुलिस अधीक्षक अक्षयराज मकवाना ने बताया कि धवल कॉर्पोरेशन के मालिक धवल ठक्कर को पड़ोसी राजस्थान के आबू रोड से गिरफ्तार कर लिया गया है। वह रेसवे इंटरप्राइज के पांच साझेदारों के साथ मिलकर टीआरपी गेम जोन चलाता था। मामले में अब तक चार लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

- मृतक के परिजन को दो लाख रुपये देगी केंद्र सरकार

**मृतक के परिजनों को राज्य सरकार देगी चार लाख :** राज्य सरकार ने इस घटना की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया है और प्रत्येक मृतक के परिजन को चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। केंद्र सरकार ने भी प्रत्येक मृतक के परिजन को दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

## राम रहीम रणजीत मर्डर केस में बरी साध्वी रेप केस में जेल में रहेगा

सिरसा, एजेंसी

हरियाणा में सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को मंगलवार को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने बड़ी राहत दी। डेरे के पूर्व मैनेजर रणजीत हत्याकांड मामले में डेरा प्रमुख सहित पांच अन्य आरोपियों को सीबीआई कोर्ट के फैसले को रद करते हुए बरी कर दिया है। यह मामला 22 साल पुराना है। मामले में 19 साल बाद सीबीआई कोर्ट ने डेरा प्रमुख राम रहीम को दोषी करार दिया था।

राम रहीम फिलहाल, पत्रकार रामचंद्र छत्रपति, साध्वी यौन शोषण मामले में रोहतक की सुनारिया जेल में बंद है और उस मामले में सजा बरकरार रहेगी। कुरुक्षेत्र के कोलिया गांव निवासी डेरा साधु रणजीत सिंह की 10 जुलाई



- पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने दी बड़ी राहत, सीबीआई कोर्ट ने सुनाई थी उम्रकैद की सजा

2002 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। डेरा प्रबंधन को शक था कि जो गुमनाम चिठी डेरा प्रमुख के खिलाफ जारी हुई वह रणजीत सिंह ने अपनी बहन से लिखवाई थी। हत्या के बाद हुई पुलिस जांच में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख को इस केस में क्लीन चिट दे दी गई। जिसे मृतक रंजीत सिंह के पुत्र ने हाइकोर्ट में चुनोती दी जिससे बाद सीबीआई जांच हुई जिसमें रणजीत सिंह हत्याकांड में डेरा प्रमुख का नाम जुड़ गया।

## कोर्ट ने बिभव को तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट करने के आरोपी बिभव को 31 मई तक हिरासत में भेज दिया है।



बिभव मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी हैं। अदालत के विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है। कुमार के वकील ने हिरासत में लेकर उनके मुवक्किल से पूछताछ करने की दिल्ली पुलिस की याचिका का विरोध करते हुए दावा किया कि उसके पास कोई सबूत नहीं है।

## एक नजर

### केंद्रीय मंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने पर मामला दर्ज

**राजकोट।** फर्जी इंस्टाग्राम आईडी का उपयोग करके भ्रामक तस्वीरों और वीडियो के जरिए केंद्रीय मंत्री और राजकोट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार पुरुषोत्तम रुपाला की छवि धूमिल करने के आरोप में पांच अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। सहायक पुलिस आयुक्त बीबी बसिया ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता योगेश पंचानी की शिकायत के आधार पर राजकोट साइबर अपराध प्रकोष्ठ ने 26 मई को पांच इंस्टाग्राम उपयोगकर्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

### जम्मू कश्मीर के रामबन में राजस्व अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जम्मू।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मंगलवार को कहा कि उसने जम्मू कश्मीर के रामबन जिले में एक राजस्व अधिकारी को जमीन संबंधी एक आवेदन पर कार्रवाई करने के एवज में एक व्यक्ति से कथित रूप से 18000 रुपये रिश्वत लेने को लेकर गिरफ्तार किया है। बनिहाल तहसीलदार के कार्यालय कानूनगो मोहम्मद इशाक भट को सोमवार को शिकायतकर्ता से रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# वोट जिहाद के लिए तृणमूल ने छीने ओबीसी के अधिकार : मोदी

## प. बंगाल के बारासात में चुनावी रैली में ममता बनर्जी पर बरसे प्रधानमंत्री

- मोदी ने कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायाधीशों पर सवाल उठाने के लिए ममता बनर्जी की आलोचना की

बारासात (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तुष्टीकरण की राजनीति करने और वोट जिहाद को बढ़ावा देने के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के युवाओं के अधिकार छीनने का आरोप लगाया।

बारासात में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का नाम लिए बिना कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों पर सवाल उठाने के लिए उनकी आलोचना की और आश्चर्य जताते हुए कहा कि क्या तृणमूल कांग्रेस प्रतिकूल फैसलों के बाद अब न्यायधीशों के पीछे भी अपने गुंडे छोड़ देगी?

उन्होंने कहा बंगाल में तृणमूल ने ओबीसी को जो धोखा दिया, उसकी पोल अदालत ने खोल दी है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने कहा है कि 77 मुसलमान जातियों को ओबीसी घोषित करना गैर-कानूनी और असंवैधानिक है। यानी तृणमूल ने लाखों ओबीसी नौजवानों का हक रातों-रात वोट जिहाद वालों की मदद के लिए लूट लिया। तृणमूल ने राज्य के ओबीसी समुदाय को धोखा दिया है।



दुमका में आयोजित रैली में प्रधानमंत्री को सम्मानित करते भाजपा पदाधिकारी।

### झारखंड में घुसपैठ बड़ा संकट

**दुमका (झारखंड)।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा घुसपैठ के कारण संथाल परगना में आदिवासियों की आबादी कम हो रही है। उन्होंने झामुमो के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। दुमका में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि उन्होंने सुना है कि लव जिहाद शब्द का ईजाद झारखंड के लोगों ने किया है। उन्होंने कहा कि राज्य के एक जिले में ईसाई समुदाय से जुड़े साप्ताहिक अवकाश का दिन रविवार से बदलकर शुक्रवार करने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा अब झारखंड में एक बड़ा संकट घुसपैठियों का हो गया है।

### प्रधानमंत्री ने कहा- तृणमूल से सच बर्दाश्त नहीं होता

मोदी ने कहा तृणमूल से सच बर्दाश्त नहीं होता। जो कोई भी तृणमूल के गुनाह सामने लाता है, वह उनको निशाना बनाती है। आपने भी देखा है कि तृणमूल कांग्रेस के विधायक ने साफ-साफ कहा कि हिंदुओं को भागीरथी में बहा देंगे। इस पर बंगाल के संतों ने तृणमूल को गलती सुधारने के लिए कहा। लेकिन उसने हमारे संत समाज को ही गालियां देनी शुरु कर दी। मोदी ने कहा कि रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ दुनिया भर में सेवा और नैतिकता के लिए जाने जाते हैं, लेकिन तृणमूल कांग्रेस उन्हें खुलेआम धमकी दे रही है, उन्हें खुले मंच से चेतावनी दे रही है। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के घटक दलों पर निशाना साधा।

### रेमल तूफान का अब नॉर्थ-ईस्ट में दिखने लगा असर

## बारिश के दौरान मिजोरम में पत्थर खदान धंसने से 17 लोगों की मौत

आइजोल, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में आए रेमल तूफान का असर अब नॉर्थ-ईस्ट में दिखने लगा है। मिजोरम में तूफान के कारण लगातार हो रही बारिश की वजह से मंगलवार सुबह 6 बजे आइजोल में एक पत्थर की खदान ढह गई। अब तक इसमें 17 लोगों की मौत हुई है। इनमें 4 साल का लड़का और 6 साल की लड़की शामिल है। दो लोगों का रेस्क्यू भी किया गया है।

मिजोरम के डीजीपी अनिल शुक्ला ने बताया कि हमने अब तक 17 शव बरामद कर लिए हैं और बचाव अभियान जारी है। हमें आशंका है कि मलबे में अभी भी लोग फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के कारण आपदा स्थल पर बचाव कार्य प्रभावित हो रहा है। शुक्ला ने कहा कि बारिश के कारण राज्य में कई अन्य स्थानों पर भूस्खलन हुआ और कम से कम दो लोग बह गए। आइजोल के उपायुक्त नाजुक कुमार ने कहा कि जब तक मलबा साफ नहीं हो जाता, तब तक तलाश अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा हमने घटनास्थल से दो लोगों को जिंदा बचाया है। एक अधिकारी ने बताया कि आइजोल के सेलम वेंग में भूस्खलन से एक इमारत नष्ट हो गई, जिसके बाद से तीन लोग लापता हैं, और उनकी तलाश की जा रही है। हुनथर में राष्ट्रीय राजमार्ग छह पर भूस्खलन के कारण आइजोल का देश के बाकी हिस्सों से संपर्क टूट गया है। इसके अलावा कई अंतर-राज्य राजमार्ग भी भूस्खलन से प्रभावित हुए हैं।



आइजोल में राहत कार्य में जुटे बचावकर्मी। ● एजेंसी

### मुख्यमंत्री ने बुलाई आपात बैठक

मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने स्थिति का जायजा लेने के लिए गृह मंत्री के सपडांगा, मुख्य सचिव रेनू शर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक आपात बैठक बुलाई। मुख्यमंत्री ने खदान धंसने और बारिश के कारण हुई आपदाओं में मारे गए लोगों के परिवारों को 4-4 लाख रुपये अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। उन्होंने खदान धंसने से मारे गए 8 मिजो लोगों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये के चेक सौंपे और कहा कि शेष राशि उन्हें जल्द ही दी जाएगी। गृह मंत्री के सपडांगा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'चार गैर-आदिवासी लोगों की पहचान का सत्यापन किया जा रहा है।

## छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों व नक्सलियों के बीच मुठभेड़

सुकमा, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच फिर से मुठभेड़ हुई। हार्डकोर नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर जवान मौके के लिए निकले थे। मंगलवार सुबह करीब 20 मिनट तक दोनों तरफ से भारी गोलीबारी हुई है।

मुठभेड़ रुकने के बाद जवान इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। सूचना मिली थी कि गोगुंडा की पहाड़ी पर नक्सली कमांडर जगदीश समेत भारी संख्या में हथियारबंद नक्सली हैं। इसी सूचना के आधार पर सुकमा से डीआरजी के जवानों को मौके के लिए रवाना किया गया था। जवान जब इलाके में पहुंचे तो नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जिसके बाद जवानों ने भी मोर्चा संभाला और जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी।

### दंतेवाड़ा में 15 नक्सलियों को किया गिरफ्तार

**रायपुर/दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के गिरसापारा की पहाड़ियों में सुरक्षाबल के जवानों ने पंद्रह नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए नक्सलियों में सात महिला और आठ पुरुष नक्सली हैं। इनमें से एक नक्सली बीजापुर और 14 नक्सली नारायणपुर जिले के हैं। सुरक्षाबलों को मिली इस कामयाबी पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उन्हें बधाई दी है।

## ड्राइवर भाइयों ने दोस्त संग रची थी हत्या की साजिश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

### पूर्व आईएएस की पत्नी की हत्या का मामला

- तीनों गिरफ्तार, लूटी गई डीवीआर की बरामदगी के दौरान पुलिस टीम पर फायर झोंका
- मुख्य आरक्षी को लगी गोली, पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक आरोपी के पैर में लगी गोली

**अमृत विचार :** पूर्व आईएएस अफसर देवेंद्र नाथ दुबे की पत्नी मोहिनी दुबे की हत्या कर लूटपाट उनके ही दो ड्राइवर भाइयों ने अपने दोस्त के साथ मिल कर की थी। पुलिस ने तीनों को सोमवार रात गिरफ्तार कर लिया ।लूटी गई डीवीआर की बरामदगी के लिए उनके बताए स्थान पर ले जाने पर एक ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। गोली गाजीपुर थाने के मुख्य आरक्षी को लगी। जवाबी फायरिंग में वह आरोपी घायल हुआ ।उनके पास से एक करोड़ के जेवरात, 1500 अमरीकी डॉलर, सिंगापुर के 7 डॉलर, इंग्लैंड के 10 पाउंड, मलेशिया के 10 यूरो, 10 स्विस डॉलर, नीले रंग की स्कूटी और सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर बरामद हुई।

पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर के मुताबिक पूरी साजिश पूर्व आईएएस देवेंद्र नाथ दुबे के 13 साल पुराने ड्राइवर रवि और अखिलेश यादव ने रची थी। साजिश के तहत 25 मई शनिवार सुबह 7 बजे रवि पूर्व आईएएस अफसर को लेकर गोल्फ क्लब चला गया। इसके बाद उसका भाई अखिलेश और दोस्त रंजीत घर में दाखिल हुए। अंदर जाने के बाद सबसे पहले मोहिनी का गला घोंटा और पेंचकस से पांच वार किए।

संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध आकाश कुलहरि के मुताबिक मोहिनी की हत्या करने के बाद आरोपी रंजीत और अखिलेश ने चाबियों का गुच्छा लिया और 45 मिनट तक कमरे की आलमारी खंगाली ।उसमें रखी गई नकदी और जेवरात निकालकर बैग में भरा और स्कूटी से निकल गए। उन्होंने आलमारी और बैग से मिले दस्तावेज, पासपोर्ट व पर्स बाथरूम में टब में डाल दिया ताकि पुलिस को कोई फिंगर प्रिंट न मिल सके।

### डीवीआर बरामदगी के समय की फायरिंग

जेसीपी आकाश कुलहरि के मुताबिक आरोपियों से पूछताछ की तो सारे राज उगल दिये। लूटे गए सामान और डीवीआर के बारे में जानकारी ली तो बताया कि डीवीआर व नकदी सर्वोदयनगर स्थित कुकरैल बंधे के पास झाड़ियों में छिपा रखा है। पुलिस टीम तीनों को लेकर ढाई बजे के करीब बंधे के पास पहुंची। उनके बताए गए स्थान पर गई। जहां से अखिलेश ने बैग निकाला। इसी बीच अखिलेश ने बैग खोलकर उसमें रखा तमंचा निकाला और पुलिस पर फायर झोंक दिया। इससे गाजीपुर में तैनात मुख्य आरक्षी घायल हो गया। पुलिस फायरिंग में अखिलेश के दाहिने पैर में गोली लगी।

## जल्द ही एसी की हवा लेंगे कूलर में रह रहे रामलला

अयोध्या कार्यालय

- हल्के सूती कपड़े पहनाए, लस्सी व रसीले फलों का लग रहा भोग
- नौतपा में रामलला की सेवा में बदलाव, की जा रही शीतल आरती

**अमृत विचार :** नौतपा में अभी तक कूलर में रह रहे रामलला अब एसी की ठंडी हवा में रहेंगे। इसके अलावा उन्हें सूती वस्त्र पहनाए जा रहे हैं। रामनगरी में चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी का असर आम जनमानस के साथ-साथ मठ मंदिरों सहित राममंदिर में भी देखने को मिल रहा है।

राम मंदिर में रामलला पांच वर्ष के बालक के रूप में विराजमान हैं। उन्हें गर्मी से बचाने के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। रामलला को भोग में शीतल व्यंजन परोसे जा रहे हैं और हर रोज चांदी की थाली में चारों तरफ फूल बिछाकर शीतल आरती की जाती है। साथ ही भोग में उन्हें सुबह और शाम दही दी जाती है। इसके अलावा फलों का जूस व लस्सी के साथ साथ भोग में मौसमी फल भी दिए जा रहे हैं। रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र ने बताया कि गर्मी में श्रीराम लाल को किसी प्रकार की समस्या ना हो इसका विशेष ख्याल रखा जा रहा है। यूनियन बैंक की तरफ से दो टॉवर एसी दिए गए हैं, जो जल्द ही गर्भगृह में लगा दिए जाएंगे।

## प्रेमिका से मिलने घर पहुंचे युवक की पीटकर हत्या, हत्यारोपी फरार

संवाददाता, बेहजम (लखीमपुर खीरी)

**अमृत विचार:** प्रेमिका से मिलने मंगलवार की तड़के उसके घर पहुंचे एक युवक को प्रेमिका के घर वालों ने पकड़ लिया। इसके बाद लाठियों से पीटकर-पीटकर उसकी हत्या कर दी। प्रेमिका के घर वाले फरार हैं।

थाना नीमगांव के गांव मिर्जापुर निवासी नागेश (22) का एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों आपस में रिश्तेदार थे। मंगलवार की तड़के करीब 4:30 बजे नागेश अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर गया था। बताते हैं कि घर वालों ने दोनों को पकड़ लिया और घर के अंदर खींच ले गए। जहां



- मृतक के पिता बोले, सरकारी नल पर पानी पीने गया था बेटा

युवक को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। उस पर धारदार हथियारों से भी कई प्रहार किए। प्रेमी युगल के शोर मचाने पर युवक के परिवार व आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। परिवार वालों ने घटना की सूचना यूपी 112 पुलिस को दी। पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर बमुश्किल घर का दरवाजा खुलवाया और खून से लथपथ मरणासन्न हालत में पड़े नागेश को घर से बाहर निकालकर सीएचसी बेहजम जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया, रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। सीओ मितौली शमशेर बहादुर सिंह, एसओ नीमगांव श्रद्धा सिंह समेत भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। उधर मृतक के परिवार वालों का कहना है कि नागेश सुबह 4:30 बजे उठकर घर के पड़ोस में स्थित सरकारी हैंडपंप पर पानी पी रहा था। तभी पास में रहने वाली उसकी प्रेमिका के पिता ने अपने पुत्रों के साथ मिलकर नागेश को पकड लिया और उसे अपने घर खींच ले गए। घर के अंदर लाठी-डंडों और कुदाल से ताबड़तोड़ प्रहार कर हत्या कर दी।

## केजरीवाल की जमानत पर तत्काल सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया। दिल्ली सीएम ने मेडिकल ग्राउंड पर एक जून तक मिली अंतरिम जमानत को 7 दिन बढ़ाने की मांग की थी। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस केवी विश्वनाथन की वेकेशन बेंच ने कहा कि अंतरिम जमानत बढ़ाने का फैसला सीजेआई करेंगे, क्योंकि मुख्य मामले में केजरीवाल के खिलाफ फैसला सुरक्षित है। केजरीवाल की तरफ से वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दलीलें रखीं। केजरीवाल को ईडी ने शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था।

## शिक्षा के लिए राजनाथ को भी जाना पड़ा था बाहर

संवाददाता, मीरजापुर

### मुख्यमंत्री ने मीरजापुर से राजग प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल के पक्ष में की जनसभा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को एक चुनावी जनसभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह का उदाहरण देते हुए गैरभाजपा सरकारों में मीरजापुर के पिछड़ेपन का हवाला दिया। योगी ने कहा कि यहां का नौजवान पढ़ने बाहर जाता था।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हों या भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, इन्हें भी पढ़ने मीरजापुर से बाहर जाना पड़ा था। कोई दूसरे जनपद तो कोई रिश्तेदार के घर और छात्रावास रहने जाता था। साधन का अभाव था, फिर भी मेहनत से पढ़ते थे पर अब मीरजापुर वाले भी कह सकेंगे कि यहां विश्वविद्यालय है। रिश्तेदार आकर यहां अच्छी शिक्षा ग्रहण करें।मुख्यमंत्री केंद्रीय मंत्री व मीरजापुर से राजग (अपना दल एस) प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल के पक्ष में मंगलवार को महाशक्ति इंटर कॉलेज के सामने बिहसड़ा में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।



मीरजापुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सम्मानित करते केंद्रीय मंत्री और अपना दल (सोनेलाल) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और मीरजापुर सीट से लोकसभा उम्मीदवार अनुप्रिया पटेल।

### दंगाइयों की रीढ़ तोड़ने वाली पीएसी को सपा ने कर दिया था खत्म

योगी ने कहा कि सपा ने दंगाइयों की रीढ़ तोड़ने वाली पीएसी की 54 कंपनियों को समाप्त कर दिया था। हमने फिर सभी कंपनियों को बहाल किया। देश में कहीं भी दंगा होता है तो दंगाइयों की ठुकाई के लिए यूपीपीएसी को बुलाया जाता है। इनका नाम सुनकर दंगाई घरों में दुबक जाते हैं। दंगा शांत हो जाता है तो जनता कहती है कि पीएसी तो आ गई है, योगी जी बुलडोजर भी भेज दीजिए।

# विश्वकप में गेंदबाजों का पलड़ा भारी

## आईपीएल के विपरीत अमेरिका-वेस्टइंडीज की पिचों पर बल्लेबाजों पर हावी हो सकते हैं स्पिनर



**01** जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज की जमीं पर शुरू होगा टी-20 विश्वकप का घमासान।

**बेंगलुरु, एजेंसी**

आईपीएल में काफी महंगे साबित हुए गेंदबाज क्या अगले महीने होने वाले टी-20 विश्व कप में थोड़ी राहत की उम्मीद कर सकते हैं? इस प्रश्न की उत्पत्ति आईपीएल के नवीनतम सत्र में टी-20 बल्लेबाजी में आए बदलाव के कारण हुई है। आईपीएल 2024 से पहले लीग में केवल एक बार 250 रन का आंकड़ा पार किया गया था लेकिन हाल ही में समाप्त हुए सत्र में टीमें आठ बार ऐसा करने में सफल रहीं।

आईपीएल में बल्लेबाजी को नया आयाम देने वाले ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड और वेस्टइंडीज के आंद्रे रसेल जैसे बल्लेबाज अगले महीने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप में भी खेलते हुए नजर आएंगे। इसलिए प्रशंसकों का एक बार फिर बल्लेबाजों के दबदबे की उम्मीद करना स्वाभाविक है, लेकिन कई कारणों से उनका रवैया विश्व कप में उतना एक आयामी नहीं हो सकता जितना कि आईपीएल में था।

सबसे पहले तो टीमों को विश्व कप में इंपैक्ट खिलाड़ी की सुविधा नहीं मिलेगी। मिचेल स्टार्क ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को तीसरा आईपीएल खिताब दिलाने में बड़ी भूमिका निभाने के बाद इस बात को स्वीकार किया। स्टार्क ने कहा था यहां (आईपीएल में) इंपैक्ट खिलाड़ी नियम है और टी-20 विश्व कप में ऐसा नहीं होगा। आपको अपने ऑलराउंडरों पर अधिक भरोसा करना होगा। आप अपने बल्लेबाजी ऑलराउंडर को आठवें नंबर पर नहीं रख सकते जैसा कि आपने आईपीएल में किया था। मुझे नहीं लगता कि टी-20 विश्व कप में आप इस तरह के बड़े स्कोर देखेंगे क्योंकि वहां एक बल्लेबाज कम होगा।

आईपीएल के शुरुआती हिस्से में चेन्नई सुपरकिंग्स ने तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शिवम दुबे को इंपैक्ट खिलाड़ी नियम के माध्यम से एक बल्लेबाज के रूप में इस्तेमाल किया था। दुबे ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और नाइट राइडर्स के खिलाफ कुछ मैच विजेता पारियां खेलीं, लेकिन विश्व कप में बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को अंतिम एकादश में जगह पाने के लिए अपने गेंदबाजी कौशल का भी प्रदर्शन करना होगा क्योंकि उप कप्तान हार्दिक पंड्या भी इसी तरह की भूमिका निभाते हैं और पहली पसंद बने हुए हैं। कप्तान रोहित शर्मा ने यह बात पहले ही स्पष्ट कर दी है हालांकि यह कहानी का सिर्फ एक हिस्सा है। बल्लेबाजों को उन पिचों से भी निपटना होगा जो आईपीएल में इस्तेमाल की गई पिचों से बहुत अलग होंगी।


एक अनुभवी क्यूरेटर ने बताया वेस्टइंडीज की पिचें अब वैसी नहीं है जैसी 80 या 90 के दशक में हुआ करती थीं। अब वे धीमी हैं और कई बार गेंद रुककर भी आती है। मुझे यकीन है कि गेंदबाज, विशेषकर स्पिनर आईपीएल की तुलना में कहीं अधिक भूमिका निभाएंगे, विशेषकर टूर्नामेंट के दूसरे सप्ताह से। क्यूरेटर ने कहा भारत ने अपनी टीम में चार स्पिनरों को शामिल किया है। यह शायद वेस्टइंडीज की पिचों की प्रकृति के कारण था। इसलिए मुझे नहीं लगता कि हम वहां 250 का स्कोर देख पाएंगे। अमेरिका में केवल फ्लोरिडा के पास हाई प्रोफाइल क्रिकेट मैचों की मेजबानी करने का पूर्व अनुभव है। न्यूयॉर्क और टेक्सास पहली बार इस खेल की मेजबानी की तैयारी कर रहे हैं। तो क्या इससे रन बनाने की दर पर असर पड़ेगा? क्यूरेटर ने कहा हां, ऐसा हो सकता है कि शुरुआत में टीमें पिच और अन्य परिस्थितियों का आकलन करना चाहेंगी। इनमें से कुछ स्थानों पर उपयोग की जा रही ड्रॉप इन पिचें प्राकृतिक पिचों की तुलना में बेहतर होंगी इसलिए हम उस दौर में कुछ बड़े स्कोर वाले मैच देख सकते हैं।

वेस्टइंडीज में अंतर्राष्ट्रीय और फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने का अपार अनुभव रखने वाले ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने इससे सहमति व्यक्त की। वार्नर ने कहा कैरेबिया में पिचें सूखी होने के कारण गेंद खुरदरी हो जाएगी और स्पिन करने लगेगी। आईपीएल में गेंद की ऊपरी परत लंबे समय तक रहती है और इसलिए गेंद कम टर्न करती है। मैंने वहां काफी क्रिकेट खेला है और सीपीएल (कैरेबियाई प्रीमियर लीग) में भी खेला हूं। विकेट धीमे और कम उछाल वाले होते जाते हैं। आईपीएल 2024 में औसत रन रेट 9.56 था जो टूर्नामेंट के इतिहास में अब तक का सबसे अधिक है। इसके अलावा औसत स्कोर 180 से ऊपर रहा। हैदराबाद में पहली पारी का औसत स्कोर 230 रन के आसपास था। हालांकि जैसा कि कुछ आंकड़ों से पता चलेगा वेस्टइंडीज के स्टेडियम अलग तरह के हैं। एंटीगा में औसत टी-20 स्कोर 123 रन है और बारबडोस में यह 138 रन है। गयाना में यह 124 तो त्रिनिदाद में केवल 115 रन है। सेंट विन्सेंट में औसत टी-20 स्कोर 118 जबकि ग्रॉस आइलेट में सर्वाधिक 139 है। इन आंकड़ों को देखते हुए गेंदबाजों के कम से कम एक महीने के लिए टी-20 में दबदबा बनाने की उम्मीद है।



### चोटों के बावजूद भारत सबसे मजबूत टीम : मोर्गन

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन का मानना है कि भारत का प्रतिभा का भंडार और टीम के भीतर जबरदस्त गहराई उन्हें आगामी टी-20 विश्व कप जीतना का प्रबल दावेदार बनाती है। भारत लगभग उसी टीम के साथ उतर रहा है जो पिछले टी-20 विश्व कप में खेली थी। हालांकि युवा यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और संजू सैमसन जैसे खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया है। मोर्गन ने कहा चोटों के बावजूद टूर्नामेंट में भारतीय टीम सबसे मजबूत है। उनकी मजबूती और गहराई शानदार है। वे मेरे लिए प्रबल दावेदार हैं, कागजों पर उनका स्तर। अगर वे मैदान पर भी ऐसा करते हैं तो मुझे लगता है कि वे टूर्नामेंट में किसी को भी आसानी से हरा सकते हैं। विकल्पों की अधिकता के कारण भारत शुभमन गिल और लोकेश राहुल जैसे खिलाड़ियों को भी टीम में शामिल नहीं कर पाया। अगर मैं टीम का चयन कर रहा होता तो एकमात्र फैसला जो अलग होता वह यह होता कि मैं यशस्वी जायसवाल पर शुभमन गिल को तरजीह देता। मैं उसके साथ खेला हूं, मुझे पता है कि वह कैसे सोचता है। मुझे पता है कि वह कैसे काम करता है। भारत लगभग हर टूर्नामेंट में प्रबल दावेदार के रूप में उतरता है लेकिन एक दशक से अधिक समय से उसने आईसीसी का कोई खिताब नहीं जीता है।



# आईसीसी ने अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट को दिया लिस्ट-ए का दर्जा

**सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अमेरिका में टी-20 प्रारुप में खेले जाने वाले मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) को आधिकारिक लिस्ट-ए का दर्जा प्रदान किया। एमएलसी का दूसरा सत्र पांच जुलाई से शुरू होगा। इसका उद्देश्य खेल के सबसे बड़े बाजारों में से एक में इसकी लोकप्रियता को बढ़ावा देना है।



आईसीसी के इस कदम से एमएलसी को आधिकारिक टी-20 लीग और अमेरिका के पहले विश्व स्तरीय घरेलू टूर्नामेंट का दर्जा मिल गया। अमेरिका एक जून से 29 जून तक खेले जाने वाले टी-20 विश्व कप का सह-मेजबान है और एमएलसी का आयोजन विश्व कप के खत्म होने के एक सप्ताह के अंदर शुरू होगा। एमएलसी के मुताबिक अब हर शतक, अर्धशतक, रन-आउट, जीत, हार और चैंपियनशिप को खेल के अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रारूप में आधिकारिक करियर आंकड़ों के रूप में दर्ज किया जाएगा। इस लीग के पहले सत्र में 19 मैच खेले गए थे लेकिन एमएलसी के सीईओ विजय श्रीनिवासन ने हाल ही में कहा कि 2025 से इसमें 34 मुकाबले खेले जाएंगे।

### बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले ऑस्ट्रेलिया-ए से भिड़ेगा भारत-ए

**मेलबर्न।** भारत–ए इस साल के अंत में प्रतिष्ठित बोर्डर–गावस्कर ट्रॉफी से पहले ऑस्ट्रेलिया–ए के खिलाफ दो प्रथम श्रेणी मैच खेलेगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने मंगलवार को यह घोषणा की। सीए ने कहा कि ये मुकाबले 31 अक्टूबर से तीन नवंबर तक मैकाय के ग्रेट बैरियर रीफ एरेना और सात से 10 नवंबर तक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में खेले जाने हैं। इन अभ्यास मैचों से दोनों टीम के उभरते हुए खिलाड़ियों को टेस्ट टीम में जगह बनाने की दावेदारी पेश करने का मौका मिलेगा। सीए के क्रिकेट संचालन और कार्यक्रम प्रमुख पीटर रोच ने कहा नवीनीकृत ग्रेट बैरियर रीफ एरेना और एमसीजी में इन ए मैचों की मेजबानी इन 'ए' मैचों को महत्वपूर्ण दर्जा देती है और दोनों टीम के खिलाड़ियों को चयन के लिए दावा मजबूत करने का शानदार अवसर प्रदान करेगी।

# नामीबिया, ओमान और कनाडा ने जीते अपने-अपने अभ्यास मैच

**तरौबा/डलास, एजेंसी**


अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में चार जून से शुरु होने जा रहे टी-20 विश्वकप 2024 के अभ्यास मैच के पहले दिन नामीबिया ने युगांडा, ओमान ने न्यू पापुआ गिनी और कनाडा ने नेपाल पर जीत दर्ज की।

नामीबिया ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी युगांडा की टीम ने रोजर मुकासा नाबाद (51) और रोबिन्सन ओबुआ की 38 रनों की शानदार पारियों के दम पर निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 138 रनों का स्कोर खड़ा किया था। जवाब में युगांडा की टीम 18.5ओवर में पांच विकेट पर 135 रन ही बना सकी। वहीं कनाडा बनाम नेपाल के अभ्यास मैच में कनाडा ने शानदार खेल मुजाहिरा करते हुए नेपाल को 63 रनों से हराया। कनाडा ने सात विकेट पर 183 रनों का स्कोर खडा किया। जवाब में नेपाल की पूरी टीम 19.3 ओवर में 120 रन पर ढ़ेर हो गई। तीसरा मैच पापुआ न्यू गिनी बनाम ओमान के बीच खेला गया। इस मुकाबले में ओमान ने पापुआ न्यू गिनी को तीन विकेट से हराया। पापुआ न्यू गिनी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 137 रनों का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में ओमान ने 19.1ओवर में सात विकेट पर 141 रन बनाकर तीन विकेट से मुकाबला जीत लिया।

# छक्कों के मामले में अभिषेक चौकों के लिए हेड रहे अव्वल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आईपीएल 2024



आईपीएल 2024 में चौके और छक्कों के मामले में इस बार सनराइजर्स हैदराबाद के दो धाकड़ बल्लेबाज अभिषेक शर्मा 42 छक्कों तथा ट्रैविस हेड 64 चौकों के साथ अव्वल रहे।

छक्कों और चौकों की बात की जाये दूसरे नंबर पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली और हेनरिक क्लासेन का नाम आता है। विराट इस बार 38 छक्के और 62 चौके जड़े हैं। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन ने भी 38 छक्के जड़े है। लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन 36 छक्के के साथ तीसरे नंबर पर आते है। रॉयल चैंलेंजर्स बेंगलुरु के रजत पाटीदार, कोलकाता नाइट राइडर्स के सुनील नारायण और राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग 33-33 छक्कों के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर है। सनराइजर्स हैदरबाद के ट्रैविस हेड 32 छक्के लगाकर पांचवें स्थान पर है। वहीं अगर चौकों की बात की जाये तो चेन्नई सुपर किंग्स के ऋतुराज गायकवाड़ 58 चौकों के साथ तीसरे स्थान रहे। चौथे नंबर पर है 54 चौकों के साथ राजस्थान रॉयल्स के यशस्वी जयसवाल है। केकेआर के सुनील नारायण और फिल साल्ट ने 50- 50 चौके जड़े। दोनों संयुक्त रूप से पांचवें पायदान पर हैं।

# सऊदी प्रो लीग में क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने बनाया सर्वाधिक गोल का रिकॉर्ड

**रियाद।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग फुटबॉल सत्र का अंत सर्वाधिक गोल के रिकॉर्ड के साथ किया। अल नासर की अल इतिहाद पर 4–2 की जीत के दौरान रोनाल्डो ने विजेता टीम की ओर से दो गोल दागे। इसके साथ ही लीग में उनके गोलों की संख्या 35 हो गई जो 2019 में बनाए अब्दररजाक हमदल्लाह के पिछले रिकॉर्ड से एक गोल अधिक है। अल नासर की टीम 82 अंक के साथ लीग में दूसरे स्थान पर रही। टीम स्थानीय दावेदार अल हिलाल से 14 अंक पीछे रही जिसने दो हफ्ते से भी अधिक समय शेष रहते चैंपियनशिप जीत ली थी और सोमवार को सत्र का अंत 34 दौर की लीग में अजेय रहते हुए किया। टीम ने अपने अंतिम लीग मैच में अल वेहदा को 2–1 से हराया। अल हिलाल की टीम नेमार की गैरमौजूदगी में भी विरोधी टीमों पर आसानी से दबदबा बनाने में सफल रही। नेमार पिछले साल अगस्त में पेरिस सेंट जर्मेन को छोड़कर इस टीम से जुड़े थे लेकिन अक्टूबर में एसीएल की चोट के कारण पूरे सत्र से बाहर हो गए।

### वेतन न मिलने पर तीन महिला खिलाड़ियों ने छोड़ी अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेन्टीना की तीन महिला खिलाड़ियों ने दो अंतर्राष्ट्रीय मैत्री मैचों से पहले शिविर में वेतन और परिस्थितियों को लेकर विवाद के बाद राष्ट्रीय टीम छोड़ दी। राष्ट्रीय टीम में नियमित तौर पर खेलने वाली गोलकीपर लॉरिना ओलिविरोस, डिफेंडर जूलिएटा क्रूज और मिडफील्डर लोरेना बेनिटेज ने अपने कदम की घोषणा की जबकि टीम ने शुक्रवार और तीन जून को कोस्टा रिका के खिलाफ मैत्री मैचों के लिए तैयारी शुरू कर दी है। क्रूज ने इंस्टाग्राम पर लिखा हम एक ऐसे बिंदू पर पहुंच गए हैं जहां हम अन्याय से थक गए हैं, हमें महत्व नहीं दिया जा रहा, हमारी बात नहीं सुनी जा रही और इससे भी बदतर, अपमानित किया जा रहा है। हमें अर्जेंटीना की महिला फुटबॉल राष्ट्रीय टीम में सुधार की जरूरत है और मैं केवल वित्त के बारे में बात नहीं कर रही। मैं ट्रेनिंग, दोपहर के भोजन, नाश्ते के बारे में बोल रही हूं। क्रूज और बेनिटेज ने कहा कि राष्ट्रीय टीम के ट्रेनिंग सत्र के दौरान उन्हें हैम (एक प्रकार का मांस), पनीर सैंडविच और केला मिला जो उनका मानना है कि उच्च प्रदर्शन वाले खिलाड़ियों के लिए अपर्याप्त है। अर्जेंटीना के फुटबॉल संघ ने उन्हें बताया कि उन्हें दो मैत्री मैचों के लिए भुगतान भी नहीं किया जाएगा क्योंकि खेल ब्यूनस आयर्स में घरेलू मैदान पर होंगे। बेनिटेज ने कहा कि खिलाड़ियों को भुगतान ना करने के अलावा उनके परिवार के सदस्यों से टिकटों के लिए 5,000 पेसो (पांच डॉलर) का शुल्क लिया जा रहा था और ऐसी लाखों चीजें हैं जिनसे हम गुजरे हैं।



## खेल डायरी

### भारत ने जीता द. एशियाई टेटे चैंपियनशिप का खिताब

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर–19 लड़कियों की टीम और अंडर–15 लड़कों की टीम ने श्रीलंका की टीम को हराते हुए दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप के अपने खिताब का बचाव किया। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ ने बताया कि अंडर–19 लड़कियों की टीम ने मेजबान श्रीलंका को 3–0 से हराकर दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। भारतीय टीम ने इससे पहले सेमीफाइनल मुकाबले में नेपाल की टीम को 3–0 से हराया था। श्रीलंका के कैंडी में कल रात खेले गये मुकाबले में भारत की सयाली वानी ने श्रीलंका की बिमांडी बंडारा को, प्रिथा वर्तिकार ने तमादी कविंड्या को और तनीषा कोटेचा ने दिव्या धरणी को हराकर खिताब जीता। वहीं अंडर–15 वर्ग के फाइनल में भी भारत की दिव्यांशी बोमिक ने श्रीलंका की योशिनी जयवर्धने को हराया, इसके बाद सिंड्रेला दास ने शान्या मुथुली को हराया। अंडर–15 लड़कों के फाइनल में भारत के सार्थक आर्य ने अपने दोनों एकल मुकाबलों में जीत दर्ज की।

### निशांत ने ओटगोंबाटार को दो मिनट में हराया

**बैंकॉक।** भारत के निशांत देव ने मंगोलिया के ओटगोंबाटार बियाम्बा अर्डेनेटो को महज दो मिनट में हराकर दूसरे मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर में 71 किलो के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि अबिनाश जामवाल हारकर बाहर हो गए। पिछले क्वालीफायर में मामूली अंतर से ओलंपिक कोटे से चूके देव ने पहले ही मिनट में अपने प्रतिद्वंद्वी पर घूंसों की बौछार कर दी। पहले दौर में 58 सेकेंड का खेल बाकी रहने पर ही रैफरी ने मुकाबला रोक दिया। इससे पहले जामवाल को 63 .5 किलो के मुकाबले में कोलंबिया के जोस मैनुअल वियाफारा फोरी ने हराया। जामवाल ने तीसरे और आखिरी दौर में शानदार प्रदर्शन करके अंकों के आधार पर बराबरी कर ली थी। नियमों के तहत इसके बाद जजों से प्रदर्शन के फिर आकलन के लिये कहा गया। सभी ने फोरी के पक्ष में वोट किया जो 5–0 से जीत गया।

### नॉर्वे शतरंज में प्रज्ञानानंदा ने अलीरेजा को दी मात

**स्टेवेंगर (नॉर्वे)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने मंगलवार को यहां नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत करते हुए पहले दौर में आर्मागेडोन (सडन डेथ) बाजी में फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया। सामान्य टाइम कंट्रोल में आसान ड्रॉ के बाद प्रज्ञानानंदा को सफेद मोहरों से खेलते हुए 10 मिनट मिले जबकि अलीरेजा को सात लेकिन शर्त यह थी कि उन्हें जीत दर्ज करनी थी क्योंकि ड्रॉ होने पर काले मोहरों से खेलने वाले को अतिरिक्त अंक मिलते। प्रज्ञानानंदा ने इसके बाद शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने गत विश्व चैंपियन डिंग लिरेन से क्लासिकल बाजी 14 चाल में ड्रॉ खेलने के बाद 68 चाल में आर्मागेडोन बाजी ड्रॉ करके पलड़ा भारी रखा। हिकारू नाकामूरा ने आर्मागेडोन बाजी में हमवतन अमेरि की फाबियानो करूआना को हराया।

### कोच पर बंदूक से छेड़छाड़ करने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय कोच पर कुछ निशानेबाजों के अभिभावकों ने उनकी राइफलों के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है जिसका राष्ट्रीय महासंघ ने खंडन किया है। कथित तौर पर प्रभावित एक निशानेबाज के अभिभावक ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि कोच ने उनके बेटे की राइफल से छेड़छाड़ कर दी थी जिसके कारण उन्हें नए उपकरण खरीदने पड़े। उन्होंने हालांकि कोच की पहचान बताने से भी इंकार कर दिया। इस निशानेबाज के पिता ने कहा कोच ने मेरे बेटे की बंदूक को खराब कर दिया, इस कारण हमें नई बंदूक खरीदनी पड़ी। विश्व कप से एक दिन पहले निशानेबाज की अनुमति के बिना कोच बंदूक में इस तरह के बदलाव कैसे कर सकता है। यह पिछले साल भोपाल में आईएसएसएफ विश्व कप के दौरान हुआ था। यह कोच जब भी टीम के साथ विदेश जाता है तब ऐसा होता है। कोच का तर्क होता है कि आपको प्रयोग करने की जरूरत है लेकिन विश्व कप से एक दिन पहले आप किस तरह के प्रयोग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कई निशानेबाज इस संबंध में एनआरएआई को भी सूचित कर चुके हैं। एनआरएआई के महासचिव राजीव भाटिया ने हालांकि इन आरोपों का खंडन किया और कहा कि उन्हें इस तरह की किसी घटना का पता नहीं है।

## बॉलीवुड हलचल



### अमेजन पर आएगी अनन्या की वेब सीरीज कॉल मी बे

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडेय की वेब सीरीज कॉल मी बे ओटीटी प्लेटफार्म अमेजन प्राइम वीडियो पर 6 सितंबर को रिलीज होगी। अनन्या अपना वेब सीरीज डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। अनन्या कॉल मी बे सीरीज में दिखाई देने वाली हैं, जिसकी अनाउंसमेंट बीते साल हुई थी। धर्माटिक प्रोडक्शन ने एक पोस्टर शेयर कर इस सीरीज को लेकर अपडेट दिया है। धर्माटिक प्रोडक्शन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कॉल मी बे का एक पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए इसके कैप्शन में लिखा गया है कि हम अपने खास को, हर किसी का खास बनने के लिए बहुत उत्साहित हैं। करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा द्वारा निर्मित और कॉलिन डी कुन्हा द्वारा निर्देशित ''कॉल मी बे'' धर्माटिक एंटरटेनमेंट का प्रोडक्शन है। यह सीरीज इसी साल 6 सितंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजॉन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है। अनन्या पांडे के अलावा इस सीरीज में वीर दास, गुरफतेह परिजादा, वरुण सूद, विहान समत, मुस्कान जाफरी समेत कई स्टार्स दिखाई देने वाले हैं।

### 14 जून को ओटीटी पर रिलीज होगी महाराज

**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान के पुत्र जुनैद खान की डेब्यू फिल्म महाराज ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 14 जून को रिलीज हो सकती है। आमिर खान के लाडले जुनैद खान फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह फिल्म महाराज में दिखाई देने वाले हैं। जुनैद ने बीते साल ही वाईआरएफ की फिल्म महाराज की शूटिंग पूरी कर ली थी। कहा जा रहा है कि यह फिल्म सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी पर दस्तक देने वाली है। जुनैद खान की डेब्यू फिल्म का ट्रेलर अगले महीने 5 जून को रिलीज हो सकता है। इस फिल्म में जुनैद खान के साथ जयदीप अहलावत, शरवरी वाघ और शालिनी पांडे भी मुख्य भूमिका में दिखाई देने वाली हैं। महाराज सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 14 जून, 2024 को रिलीज हो सकती है।

# सिंगापुर ओपन के राउंड ऑफ 32 में हारे सात्विक-चिराग

**कल्लांग, एजेंसी**

भारत स्टार और दुनिया की नंबर वन चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी को मंगलवार को सिंगापुर बैडमिंटन ओपन 2024 बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में हार का सामना करना पड़ा। दुनिया के नंबर वन बैडमिंटन जोड़ी चिराग और सात्विक, डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड की 34वीं रैंकिंग वाली डेनमार्क जोडी से 47 मिनट चले मुकाबले में 20-22, 18-21 से हार गई।

फ्रेंच और थाईलैंड ओपन जीतने के बाद साल के अपने तीसरे खिताब की तलाश में उतरे चिराग-सात्विक ने धीमी शुरुआत की और 4-9 से पिछड़ गए। हालांकि, भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने इसके बाद कुछ अंक ज़रूर जुटाए लेकिन करीबी गेम में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। दूसरे गेम में भी दोनों टीमें एक समय 16-16 की बराबरी पर थीं, लेकिन अंत में लुंडगार्ड और वेस्टरगार्ड ने मैच को जीत कर अगले राउंड में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली।

दूसरे दौर में डेनमार्क के खिलाड़ियों का मुकाबला चीन के हे जी टिंग और रेन जियांग यू से होगा। वहीं महिला एकल वर्ग में भारतीय शटलर आकर्षी कश्यप को राउंड ऑफ 32 में निराशा हाथ लगी। विश्व रैंकिंग की 41 नंबर की भारतीय खिलाड़ी को थाईलैंड की पोर्नपिचा चोईकीवोंग से 19-21, 20-21 से हार हार का सामना करना पड़ा। इसके अलावा पुरुष एकल में प्रियांशु राजावत भी प्रतियोगिता के अगले राउंड में जगह नहीं बना सके। भारतीय शटलर को हांगकांग के ली चेऊक यू से शिकस्त मिली। वहीं, पीवी सिंधु, किदांबी श्रीकांत, लक्ष्य सेन और एचएस प्रणॉय बुधवार से अपना अभियान शुरू करेंगे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया राजकीय बालिका इंटर कॉलेज

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** सरकार प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत शासकीय विद्यालयों के जर्जर भवनों को चिह्नित कर रही है, कायाकल्प योजना में इन भवनों का सुंदरीकरण कर रही है। वहीं राजापुर का जीजीआईसी भवन है, जिसकी ओर जिम्मेदारों का ध्यान नहीं जा रहा। लोग कहते हैं, यह महत्वाकांक्षी भवन भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया।

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के भवन का निर्माण कार्य 2008-09 में शुरू हुआ था, जो आज खंडहर हो चुका है। कॉलेज पुराने समय से जिला पंचायत द्वारा लीज पर चल रहा है। इसके कमरे जर्जर व क्षतिग्रस्त हो जाने से छात्राएं खुले आसमान, बरामदे या टीनशेड के नीचे शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। इस स्थिति को समाप्त करने के लिए तत्कालीन प्रदेश सरकार ने 98 लाख रुपये कार्यदायी संस्था को निर्गत किए थे। बताते हैं कि संस्था ने राजापुर बाईपास एसडीएम कॉलोनी के पास 2008-09 में काम शुरू कराया पर भ्रष्टाचार के चलते भवन पूरा नहीं हुआ। लगभग 16 वर्ष बाद भी ठेकेदार व कार्यदायी संस्था के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस संबंध में अभिभावकों, समाजसेवियों आदि ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों को कई बार पत्र दिए पर सुनवाई नहीं हुई। उप जिलाधिकारी प्रमोद झा ने बताया है कि डीएम के निर्देशानुसार सरकार की प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अंतर्गत राजकीय विद्यालयों के जर्जर भवनों का सर्वे लेखपालों से कराया जा रहा है। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के जर्जर भवन को भी चिह्नित किया जाएगा।


राजकीय बालिका इंटर कालेज का अर्द्धनिर्मित भवन। अमृत विचार

- खुले आसमान और बरामदे में पढ़ रही हैं छात्राएं

### डीएम ने किया था मुआयना

अमित मिश्रा बताते हैं कि कई माह पहले जिलाधिकारी व उप जिलाधिकारी ने भवन का निरीक्षण किया था। जांच के आदेश दिए गए थे लेकिन इसके बाद क्या हुआ पता नहीं चला। उन्होंने मांग की है कि कार्यदायी संस्था व ठेकेदार से रिकवरी कराई जाए।

### लोगों ने जताई नाराजगी


संजीव मिश्रा।


अमित मिश्रा।


सुनील मिश्रा।

नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने बताया कि भवन निर्माण में हुए भ्रष्टाचार के संदर्भ में शिक्षा विभाग से जांच व भवन निर्माण की मांग की गई है। भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अमित मिश्रा, समाजसेवी सुनील मिश्रा ने भी इस उदासीनता पर रोष जताया। कहा कि प्रकरण में कई बार अधिकारियों व शासन को शिकायती पत्र भेजे जा चुके हैं लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई और न अर्धनिर्मित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज भवन को बनाया गया।

# गैंगस्टर बब्बल के भाई के तीन ट्रक और स्कार्पियो जब्त

चित्रकूट कार्यालय

- जिले में लोकेशन गैंग का सरगना है बब्बल

**अमृत विचार।** अवैध खनन और परिवहन की धरपकड़ के लिए जाने वाली टीमों की जानकारी देने वाले गिरोह के सरगना के भाई की लगभग एक करोड़ रुपये की संपत्ति को जिला प्रशासन ने जब्त कर लिया है। आरोपी के भाई के तीन ट्रक और स्कार्पियो को जब्त किया गया है। आरोप है कि बब्बल ने अवैध संपत्ति से भाई के नाम ये वाहन खरीदे थे।

ज्ञात रहे कि जिले में लोकेशन गैंग की कमान संभालने वाले गैंगस्टर बब्बल उर्फ बजहूल कमर के भाई प्रयागराज जिले के आइमा थाने के छीते मऊ निवासी अलमास की एक करोड़ से अधिक कीमत के वाहन जिला प्रशासन ने जब्त कर लिए हैं। जिला मजिस्ट्रेट अभिषेक आनंद ने बताया कि पुलिस अधीक्षक एके सिंह ने इस बाबत प्रस्ताव भेजा था। इसमें गैंगस्टर बब्बल पुत्र समशुल कमर द्वारा अवैध खनन और परिवहन के लिए सरकारी अधिकारियों की लोकेशन लेकर वाहनों को निकलवाने को गिरोह के संचालन की बात सामने आई थी। साथ ही अवैध धंधे से गैंगस्टर बब्बल ने अपने सगे भाई अलमास के नाम से तीन ट्रक व एक स्कार्पियो भी खरीदी थी। लगभग एक करोड़ नौ लाख 60 हजार कीमत के इन वाहनों को मंगलवार को जिला मजिस्ट्रेट ने जब्त करने के आदेश दिए हैं।

## एक नजर

### पत्नी पर किया कुल्हाड़ी से प्रहार, हालत गंभीर

**राजापुर (चित्रकूट)।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सगवारा में सोमवार रात एक पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि गुस्साए पति ने पत्नी पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पुत्र ने महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जानकारी के मुताबिक, सगवारा निवासी राजकुमारी (45) को उसके पति ने किसी बात पर कुल्हाड़ी से वारकर घायल कर दिया। पुत्र धीरेंद्र खून से लथपथ राजकुमारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गया, जहां से जिला चिकित्सालय भेज दिया गया। बाद में घायल को प्रयागराज रिफर कर दिया गया। उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह बताया कि घटना की जानकारी होने पर मौके पर जांच पड़ताल की गई है लेकिन अभी तक परिजन ने तहरीर नहीं दी है।

### ई-रिक्शा-बाइक के बीच भिड़ंत में तीन घायल

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के पड़रा गांव निवासी पुष्पेंद्र पुत्र बाबू सिंह रात में अपने ई रिक्शा से वापस राठ से अपने गांव पड़रा जा रहा था। चरखारी रोड़ पर एक महाविद्यालय के पास सामने से आ रही एक बाइक से सीधी टक्कर हो गई। ई रिक्शा चालक पुष्पेंद्र के अलावा बाइक सवार धर्मा पुत्र मंजू कुशवाहा निवासी ग्राम रनबऊ जिला छतरपुर मप्र उसका मौसेरा भाई कालीचरन गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक सवार घायल धर्मा और कालीचरन कोतवाली के बड़ा गाँव निवासी अपने भांजे तेजप्रताप पुत्र रामऔतार के विवाह में शामिल होने के लिए बड़ा जा रहे थे।

# शादी और गर्भपात कराने की जिद पर किशोरी को उतारा मौत के घाट

## नाबालिग की हत्या का खुलासा, शादीशुदा आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** रैपुरा थानांतर्गत एक गांव में किशोरी की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसने कुबूला है कि किशोरी उस पर शादी करने और गर्भपात कराने का दबाव डाल रही थी, जिसकी वजह से उसने उसे मार डाला। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने मंगलवार को पत्रकारों को इस संबंध में जानकारी दी।

गौरतलब है कि 15 मई को रैपुरा थानांतर्गत एक गांव निवासी व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 17 वर्षीय बेटी 14 मई की रात शौच के लिए कहकर बाड़े में बने शौचालय गई थी। काफी देर तक नहीं लौटने पर उसकी खोजबीन शुरू हुई थी। अगले दिन उसका शव घर से कुछ दूरी पर झाड़ियों में मिला था। ग्रामीण ने इस संबंध में गांव निवासी धीरेंद्र पटेल पुत्र माताबदल व उसके भतीजे सुभाष उर्फ छुट्टन पुत्र छेदीलाल पर हत्या की आशंका जताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

घटनास्थल से पुलिस ने मृतका की चप्पलें तथा आलाकत्ल मूंज की रस्सी बरामद की थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किशोरी लगभग छह माह की गर्भवती पाई गई थी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ऐसे में पुलिस ने दो बिंदुओं पर जांच शुरू की कि या तो यह किशोरी को रास्ते से हटाने के लिए हत्या है और या फिर आनर किलिंग। एसओजी/सर्विलांस एवं थाना रैपुरा की टीम ने सुरागरशी आदि के आधार पर 27 मई की शाम इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय बगरेही के पास से आरोपी धीरेंद्र सिंह पटेल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के बयान एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले में धारा 376 भादवि व 5/6 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई। पत्रकार वार्ता में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय भी मौजूद रहीं।


मामले की जानकारी देते एसपी और पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

### एक साल से थे अवैध संबंध

एसपी ने बताया कि जब आरोपी से कड़ाई से पूछतांछ की गई तो इसने बताया कि उसके किशोरी से एक साल से अवैध संबंध थे। उसका यह भी कहना था कि उसके दूसरों से भी संबंध थे। इसी दौरान वह गर्भवती हो गई और वह गर्भपात के लिए दवाई की मांग करने लगी। इस पर वह टालता रहा और जब नहीं मानी तो 14 मई की रात उसने उसे दवा देने के बहाने बाड़े में बुलाया था। वहां से वह उसे झाड़ियों की ओर ले गया और मूंज की रस्सी से गला घोटकर हत्या कर दी।

### डीएनए से होगी शिशु के पिता की पहचान

एसपी ने बताया कि आरोपी का कहना है कि किशोरी के कई अन्य लोगों से संबंध थे। उसका गर्भ में पल रहा शिशु भी उसका नहीं था। एसपी ने बताया कि आरोपी की डीएनए जांच कराई जा रही है और मैचिंग के आधार पर ही यह तय हो पाएगा कि शिशु का पिता कौन है। बताया कि अन्य कई लोग भी संदेह के घेरे में हैं और साक्ष्य मिलते ही उनको भी दबोच लिया जाएगा।

### शादी के लिए भी डाल रही थी दबाव

एसपी ने बताया कि किशोरी आरोपी पर शादी के लिए भी लगातार दबाव डाल रही थी। वह उससे कह रही थी कि कहीं भाग चलो। आरोपी शादीशुदा था और उसके बच्चे भी हैं। ऐसे में वह उसे टरका रहा था। जब लगातार किशोरी दबाव बनाती रही तो उसने उसकी हत्या की साजिश रच दी।

### ये पुलिस टीम में शामिल

एसओजी/सर्विलांस टीम में निरीक्षक एमपी त्रिपाठी, मुख्य आरक्षी जितेंद्र कुमार, नितेश समाधिया, आरक्षी रोहित सिंह, ज्ञानेश मिश्रा, रोशन, राघवेंद्र और गोलू भार्गव शामिल रहे। रैपुरा थाने की टीम की अगुवाई एसओ शैलेंद्र चंद्र पांडेय ने की।

# महोबा की महिला के पेट से निकला ढाई किलो का बालों का गुच्छा

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** गर्भावस्था के दौरान एक महिला को बाल खाने की लत लग गई। हालत यह हो गई कि वह बच्चे को जन्म देने के बाद भी बाल खाती रही। जब पेट में दर्द बढ़ा तो वह सद्गुरु सेवा संघ के जानकीकुंड अस्पताल पहुंची। वहां अल्ट्रासाउंड होने पर पेट में बालों का गुच्छा होने की जानकारी हुई। आपरेशन हुआ और लगभग ढाई किलो बालों का गुच्छा निकला। अब वह स्वस्थ है।

मामला महोबा जिले की एक महिला का है। इसे परिजनों ने भीषण पेटदर्द की शिकायत पर अस्पताल में भर्ती कराया था। दरअसल कुछ दिनों पहले इसने एक बच्चे को जन्म दिया था। इसके बाद भी पेट में दर्द रहने लगा तो परिजन जानकीकुंड अस्पताल लाए। यहां वरिष्ठ सर्जन डा. पूनम आडवाणी (निर्मला गेहानी) ने इसका इलाज शुरू किया। सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड आदि जांचों में पेट में गांठ का मामला सामने आया। जब आपरेशन हुआ तो चिकित्सक तक दंग रह गए। महिला के आमाशय से लगभग ढाई किलो बालों का गुच्छा निकला।


महिला के पेट से निकला बालों का गुच्छा।

- गर्भावस्था के दौरान पड़ी बाल खाने की आदत हुई जानलेवा

परिजनों ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान महिला को बाल खाने की आदत पड़ गई थी। हालत यह हुई कि बालों से उसका आमाशय पूरी तरह से भर गया था। उसे लगातार उल्टियां हो रही थीं और वह कुछ खा नहीं पा रही थी। अगर समय रहते यह अस्पताल न पहुंचती तो जान भी जा सकती थी। बहरहाल, आपरेशन के बाद महिला पूरी तरह स्वस्थ बताई जा रही है।

चिकित्सकों ने बताया कि बाल खाने के इस तरह के मामलों और बीमारी को ट्राइकोमेज्योर कहा जाता है। अक्सर गर्भावस्था के दौरान बाल खाने वाली महिलाएं कम उम्र की होती हैं।

### ट्रेन से कटकर युवक की गई जान

**चित्रकूट।** ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। भरतकूप थानांतर्गत लूक निवासी रमाशंकर कुशवाहा ने बताया कि उसका पुत्र रामनरेश (22) बीएससी का छात्र था। परीक्षा की जानकारी लेने वह मंगलवार को कालेज के लिए निकला था। दोपहर में भरतकूप स्टेशन से उसके पास फोन आया कि रामनरेश का शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा है। वह किसी ट्रेन की चपेट में आ गया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## सार-संक्षेप


कैंपस इंटरव्यू में भाग लेने वाले छात्रों के साथ शिक्षक और कंपनी के प्रतिनिधि।

### कैंपस इंटरव्यू: पॉलीटेक्निक के 241 छात्रों का हुआ चयन

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** राजकीय पॉलीटेक्निक में मंगलवार को गुजरात की एक कंपनी ने कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया। इसमें कंपनी के एचआर मैनेजर संतोष कुमार और तुषार पांडेय ने साक्षात्कार लिया। प्रधानाचार्य संतोष कुमार वैश्य ने बताया कि 1270 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था पर भीषण गर्मी की वजह से 353 ही आए। ये छात्र बरगढ़ तथा मानिकपुर के अतिरिक्त आगरा, झांसी, फतेहपुर, हंडिया, गोंडा, जगदीशपुर, अमेठी, बरेली, जौनपुर, गाजियाबाद, श्रावस्ती, कानपुर, बस्ती, रायबरेली, हमीरपुर और सुल्तानपुर आदि से आए थे। इनमें से कुल 241 छात्रों का चयन 2.52 लाख वार्षिक पैकेज पर हुआ। इन छात्रों को गुजरात के बेचराजी, दसलाना, अहमदाबाद के प्लांट में काम करना होगा। प्रधानाचार्य ने बताया कि संस्था में प्लेसमेंट के लिए यह सातवीं कंपनी आई है। अब तक लगभग 550 छात्रों का विभिन्न कंपनियों में चयन कराया जा चुका है। इसके लिए संस्था के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल को बधाई दी। इस आयोजन में संस्था के व्याख्याता चंद्रभान प्रजापति, संजीव कुमार, साजिया तबस्सुम, अनंत प्रकाश, दीपेंद्र कुमार मिश्र, अमित कुमार, अनुपम सिंह, सचिन कुमार मौर्य, देवाशीष, सुधांशु सिंह, सूर्य देव राणा और अशोक कुमार सिंह का सहयोग रहा।

### 87 वाहनों पर लगाया सवा दो लाख रुपये का जुर्माना

**चित्रकूट।** नियमों का उल्लंघन कर सड़कों पर चलने वाले 87 वाहनों पर लगभग सवा दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। प्रभारी यातायात शैलेंद्र सिंह ने बताया कि चेकिंग में मालवाहक वाहनों में सवारी भरकर चलने वाले वाहन चालकों के लाइसेंस जब्त किए गए और नो-एंट्री का उल्लंघन करने पर ट्रक को सीज किया गया।

# समाजसेवी ने खोला प्याऊ

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** जिम्मेदारों द्वारा जहां भीषण गर्मी में प्याऊ आदि की व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया जा रहा वहीं समाजसेवी लोगों की प्यास बुझाने को आगे आ रहे हैं। मंगलवार को पालेश्वर नाथ चौक थाने के सामने श्याम मेडिकल स्टोर ने निशुल्क प्याऊ खोला है। समाजसेवी रासबिहारी शुक्ला ने बताया कि प्रतिदिन लगभग 40 कैन आरओ का शुद्ध जल मंगाकर घड़ों में भरवाते हैं। गौरतलब है कि रासबिहारी के बाबा और पिता भी इलाके के जाने-माने समाजसेवी रहे हैं।



प्याऊ से लोगों की प्यास बुझाने की मंशा।

# संदिग्ध हालात में महिला की मौत, हत्या का शक

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** सरधुआ थानांतर्गत लमियारी गांव में अनुसूचित जाति की महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव कच्चे घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला। उसके पिता ने ससुरालीजनों पर हत्या की आशंका जताते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

राजापुर थानांतर्गत रंपुरिया अव्वल गांव निवासी अनुसूचित जाति के जियालाल ने बताया कि उसने अपनी बेटी पिंकी (26) की शादी लगभग आठ साल पहले लमियारी गांव में की थी। उसके पांच बच्चे हैं। आरोप लगाया कि ससुरालीजन उसे दहेज के लिए आयेदिन गालीगलौज करते और मारते पीटते थे। आरोप लगाया कि 27 मई को इन लोगों ने पहले उसकी गला दबाकर हत्या कर दी और फिर रस्सी के सहारे लटका दिया।

जियालाल ने बताया कि सूचना पर पहुंचे उसके पुत्र राकेश ने पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक आशुतोष तिवारी ने हल्का इंचार्ज को भेजकर मामले की जानकारी कराई। बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

**शराब पीता है दामाद:** पोस्टमार्टम हाउस में मृतका पिंकी के फूफा मनोज कुमार ने बताया कि दामाद शराब का आदी है। शराब पीने के बाद वह पिंकी से मारपीट भी करता था। उन लोगों ने कई बार समझाया पर नहीं माना। बताया कि जब वे लोग मौत की जानकारी पर पहुंचे तो पिंकी का शव चारपाई पर पड़ा था और उसके गले में रस्सी और नाखून के निशान थे।


घटना की जानकारी देता मनोज कुमार।

- कच्चे घर में फंदे से लटका मिला शव

# पहाड़ी-राजापुर मार्ग पर गड्ढे ही गड्ढे


यह हाल है राजापुर से पहाड़ी मार्ग का। अमृत विचार

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** ब्लाक मुख्यालय से राजापुर जाने वाले रास्ते पर गड्ढे लोगों की दिक्कत का सबब बन गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में जिम्मेदारों को जानकारी होने के बाद भी इनको ठीक नहीं किया जा रहा। ऐसे में हादसों की आशंका बनी रहती है।

राजापुर-पहाड़ी मार्ग पर बना गड्ढा कभी भी बड़ी दुर्घटना की वजह बन सकता है। राजापुर रोड स्थित महेंद्र गुप्ता सब्जी वाले के पास सड़क पर गड्ढे से आने-जाने वालों को दिक्कत हो रही है। आयेदिन लोग गिरकर चुटहिल हो रहे हैं। गंदा पानी सड़क पर आने से यह गड्ढा रोजबरोज बड़ा हो रहा है। लोग बताते हैं कि बरेठी चौराहे से 50 मीटर दूर तक बड़े बड़े गड्ढे हैं। इनको ठीक करने में खानापूरी की जाती है।

लोगों ने बताया कि सड़क से भारी वाहनों का आना जाना ज्यादा है लेकिन नाली न होने से सड़क पर पानी बह रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़क मरम्मत कराकर दोनों ओर नाली बनवाई जाए। ताकि परेशान न हो।

- ट्रकों की आवाजाही से बढ़ी दिक्कत

### नाला निर्माण भी जरूरी

जियालाल साहू, प्रवीण सिंह, सुशील सिंह, संजीव गुप्ता, हरिमोहन, मनोज कुमार आदि ग्रामीणों ने कहा कि जब तक बरेठी चौराहे से इंडियन बैंक या नांदी चौराहे तक नाला निर्माण नहीं होता तब तक समस्या हल नहीं होगी। आज तक किसी जनप्रतिनिधि को सड़क के ये गड्ढे नहीं दिखे।

**नौतपा** अभी और गर्मी बढ़ने की जताई गई आशंका, सुबह 10 बजे ही बाजारों से खत्म हो जाती है चहलकदमी

# सबसे गर्म दिन रहा मंगलवार, पारा 47 डिग्री पर पहुंचा


कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** नौतपा में गर्मी अपने चरम पर है। मंगलवार इस साल अबतक का सबसे गर्म दिन रहा। पारा 47 डिग्री तक जा पहुंचा। मौसम विज्ञानियों ने अभी और गर्मी बढ़ने की आशंका जताई है।

भीषण गर्मी और तपन से मंगलवार को भी लोग बेहाल रहे। सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। वही लोग घरों से बाहर निकले, जिनका इसके बिना काम नहीं चलता। सबसे ज्यादा दिक्कत दिहाड़ी मजदूरों को हो रही है, जो रोज कमाकर खाते हैं। इनको दो तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

गर्मी की वजह से एक तो काम नहीं मिलता और मिलता है तो भीषण तपन में काम हो नहीं पाता। सड़कों पर सन्नाटा पसरा होने से टेंपो-टैक्सी और ई-रिक्शा आदि को भी सवारियां नहीं मिल पा रहीं। बाजारों में भी सुबह दस बजे के बाद चहलपहल खत्म हो जाती है। गर्मी में विद्युत उपकरणों को छोड़कर अन्य दुकानों पर भी ग्राहक नजर नहीं आते।


गर्मी से बचाव कर साइकिल से जातीं छात्राएं। अमृत विचार


स्टेशन रोड पर भीषण तपन में कोचिंग पढ़ने जाते छात्र। अमृत विचार

### अस्पतालों में की गई अलग से व्यवस्था

मुख्य चिकित्साधिकारी डा. भूपेंद्र द्विवेदी ने बताया कि भीषण गर्मी के मद्देनजर जिला अस्पताल और प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में अलग से व्यवस्था की गई है। यहां मरीजों के लिए कूलर और एसी लगाए गए हैं। ज्यादातर अस्पतालों में वाटर कूलर हैं और जहां नहीं हैं वहां घड़े रखवा दिए गए हैं। ओआरएस और दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता है। बताया कि जिले में सात सीएचसी और 28 पीएचसी हैं। एक अर्बन पीएचसी है। एक अर्बन हेल्थ वेलनेस सेंटर है। इसके अलावा 156 उपकेंद्र हैं, जिनमें 122 हेल्थ वेलनेस सेंटर हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक जिले में एक भी मौत गर्मी की वजह से नहीं हुई है।

### बरतें ये अहतियात

सीएमओ ने बताया कि गर्मी में ज्यादा से ज्यादा पानी पीना चाहिए। आवश्यकता न हो तो अपराह्न 11 बजे से शाम चार बजे के बीच घर से न निकलें। घर से निकलते समय शरीर को ढंककर रखें। सिर पर गमछा आदि जरूर रखें। उन्होंने श्रमिकों को सलाह दी कि वे छायादार जगहों पर काम करें और पानी पीते रहें। इलेक्ट्राल का घोल पीएं। न होने पर पानी में नींबू नमक घोलकर पीएं। इसमें शक्कर भी मिलाई जा सकती है। अगर किसी तरह की दिक्कत हो तो नजदीकी सरकारी अस्पताल में पहुंचे। उन्होंने कहा कि अगर इलाज में कोई दिक्कत हो तो उनसे भी संपर्क किया जा सकता है।


डॉ. भूपेश द्विवेदी।

# पिघल-पिघल कर गिर रहीं जर्जर विद्युत केबलें

## भीषण गर्मी से बिलबिला रहे लोग, विद्युत विभाग की हीलाहवाली का खामियाजा भुगत रहे शहरी

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार।** आसमान से बरस रही आग के बीच विद्युत विभाग की मनमानी का खामियाजा शहर के लोगों को भीषण गर्मी में बिलबिला कर भुगतना पड़ रहा है। हालांकि शासन स्तर से लेकर सदर विधायक तक ने विभागीय अफसरों को गर्मी की शुरुआत से पहले ही जर्जर तारों और विद्युत पोलों को बदलने की हिदायत दी थी, लेकिन नौ दिन चले अढ़ाई कोस की तर्ज पर काम करते हुए विभागीय अफसर अभी तक पूरे शहर की व्यवस्था दुरुस्त नहीं कर पाए हैं। बिजली के जर्जर तार पिघल-पिघल कर गिर रहे हैं। इसके चलते पूरे शहर में इन दिनों बिजली आपूर्ति को लेकर त्राहि-त्राहि मची हुई है और अधिकारी अपने केबिन में एसी का मजा ले रहे हैं।

मंगलवार को नौतपा के चौथे दिन भी सूरज का कहर बदस्तूर जारी रहा। लगातार बढ़ रहा पारा अब अर्धशतक लगाने से बस एक कदम दूर है। ऐसे में भीषण गर्मी और सूरज तपिश के बीच लोगों को एकमात्र विद्युत आपूर्ति का ही सहारा रह जाता है। लेकिन यहां लोगों को मायूसी ही हाथ लग रही है। बिजली विभाग के अफसर अपनी मनमानी पर उतारू हैं और शहर की जनता को भगवान भरोसे छोड़ रखा है। हालांकि शासन स्तर से लेकर सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी तक लोगों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने को लेकर खासे संवेदनशील हैं और विभागीय स्तर पर कई बार पत्राचार के जरिए गर्मी शुरू होने से पहले ही शहर के जर्जर विद्युत उपकरण व तार आदि को बदलने की हिदायत दी जा चुकी है। लेकिन विभागीय अफसरों के कान पर जूं तक नहीं रेंगी और इस लापरवाही का खामियाजा शहर के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने 1 मई को भी अधीक्षण अभियंता को पत्र लिखकर शहर के बन्योटा, डीएवी चौराहा, मढ़िया नाका, फूटाकुआं, स्वराज कालोनी आदि मोहल्लों की विद्युत व्यवस्था में सुधार की हिदायत दी थी। पत्र में विधायक ने स्पष्ट किया था कि लंबे अरसे इन इलाकों में मरम्मत का काम नहीं किया गया, जिसकी वजह से अक्सर जर्जर विद्युत तार टूट जाते हैं और कई घंटों तक मोहल्लों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है। ऐसे में आरडीएसएस योजना के तहत विद्युत केबल बदलने का काम शीघ्र करने की जरूरत है। लेकिन नगरीय क्षेत्र के अधिशासी अभियंता प्रकाश देव पांडेय टेबल तक पहुंचते ही शासन व जनप्रतिनिधियों के आदेश-निर्देश दम तोड़ देते हैं और शुरू होता विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों की मनमानी का खेल। आलम यह है कि बीती शाम शहर के बन्योटा मोहल्ले में पड़ी विद्युत केबल भीषण गर्मी में पिघल कर जमीन पर गिर गई और मोहल्ले के लोगों को अंधेरे में रहने पर विवश होना पड़ा। यहीं नहीं अभी तक विद्युत आपूर्ति शुरू नहीं की जा सकी है।



बन्योटा में जर्जर तार बदलते विद्युत कर्मी। अमृत विचार

- सदर विधायक ने अफसरों को लिखा था समय से तार बदलने को पत्र

### विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने में बाधक है कमीशनखोरी

विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए शासन स्तर से बिजनेस प्लान लेकर रिवैंप योजना तक में करोड़ों की धनराशि खर्च की जा रही है, लेकिन जमीन तक आते आते सारी योजनाएं कमीशनखोरी की भेंट चढ़ जाती हैं और उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति महज एक सपना बनकर रह जाता है। बिजनेस प्लान के ट्रांसफार्मर लगाने की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित थी लेकिन कमीशनबाजी की सेटिंग न हो पाने के कारण अभी तक नहीं लगाए जा सके। वहीं केबल बदलने के लिए जिस कंपनी को जिम्मेदारी मिली है, वहां भी कमीशन की सेटिंग ही आड़े आ रही है। सूत्रों की मानें तो विभागीय अफसरों को प्रत्येक काम के बदले 45 से 55 प्रतिशत तक कमीशन चाहिए होता है।

### कमासिन में बदले जा रहे तार, बंद रहती आपूर्ति

शहरी क्षेत्र के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति का बुरा हाल है। भीषण गर्मी के बीच अघोषित विद्युत कटौती से आम जन जीवन बेहाल हो रहा है। कमासिन कस्बे में भीषण गर्मी के दौरान ही जर्जर तार बदलने का काम किया जा रहा है, जिससे कस्बे व क्षेत्र की बिजली प्रतिदिन 5 से 6 घंटे तक ठप रहती है। ऐसे में लोगों का जीना हराम हो रहा है। उधर विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारी फोन न उठाने के लिए विख्यात हैं

## लापता युवती का शव यमुना नदी से बरामद

**बांदा।** फतेहपुर जिला के कोडार गांव निवासी मालती (22) पुत्री हीरालाल पिता के साथ गाजियाबाद में रहती थी। सोमवार को दोनो पिता पुत्री गांजियाबाद से कानुपर आए। पिता हीरालाल ने कानपुर झकरकटी बस स्टैंड से बांदा डिपो की रोडवेज बस में घर जाने के लिए मालती को बैठा दिया था। उसे महाखेड़ा उतरना था। झपकी लगने से वह चिल्ला यमुना पुल पर उतर गई। चिल्ला में उसकी मौसी छोटी रहती है। उसने मौसेरे भाई हर्ष को फोन कर चिल्ला पुल से ले जाने को कहा। कुछ देर बाद हर्ष मौके पर पहुंचा देखा तो मालती गायब थी। उसका बैग और मोबाइल पुल पर रखा था। हर्ष ने मामले की जानकारी पिता को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पिता ने उसकी खोजबीन किया। लेकिन पता नही चला। मंगलवार की सुबह मालती का शव सादीमदन पुर के सिददीकपुरवा स्थित यमुना नदी से बरामद किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पिता के मुताबिक उसकी शादी नही हुई थी। शादी की बात चीत चल रही थी। पिता का कहना है कि फोन पर सेल्फी लेते समय पुल से नीचे गिर गई। जिससे उसकी मौत हो गई।



परिवार परामर्श केंद्र में मौजूद दंपति। अमृत विचार

## समझौते के बाद एक साथ रहने को राजी हुए पांच दंपति

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** एसपी की ओर से संचालित परिवार परामर्श केंद्र पुलिस लाइन में पांच परिवारों को टूटने बचाया। पांच दंपत्ति आपसी मतभेदों को भूलकर खुशी-खुशी एक साथ रहने को राजी हुए। पुलिस टीम और काउंसलरों ने तीनों परिवारों को माला पहनाकर विदाई दी।

परिवार परामर्श केंद्र में मंगलवार को पुलिस टीम और समाजसेवियों ने परिवारिक झगड़े को समाप्त कराकर पांच परिवारों को टूटने से बचा लिया। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के राधिका, बिसंडा की कल्पना, नरैनी की कुसमा व रुबीना और देहात कोतवाली क्षेत्र की माया देवी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था। परिवार परामर्श केंद्र की टीम द्वारा शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से संपर्क करके उन्हें परिवार परामर्श केंद्र बुलाया। दोनो पक्षों को समझाया गया। भविष्य में परिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर परिवार परामर्श केंद्र की टीम द्वारा सभी परिवारों को आपस में सामन्जस्य बैठाकर एवं परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने की सलाह देकर माला पहनाकर विदाई दी गई। इस मौके पर उप निरीक्षक अनुपमा तिवारी, काउंसलर सुरेशचंद्र जायसवाल, प्रदीप तिवारी, महिला कांस्टेबिल आशा वर्मा, उर्दू अनुवादक कनीज जहरा रहे।

## अटल योजना से भूजल स्तर में होगा सुधार

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** भौगोलिक रूप से जनपद में जल की समस्या सदियों से चली आ रही है। इसके निदान के लिए समय पर जल संरक्षण के लिए तालाबों आदि का निर्माण कराया जा रहा है। जनपद में वर्षा जल संचित कर भूगर्भ जल स्तर को बढ़ाने व किसानों को सिंचाई के लिए जल की उपलब्धता बढ़ाने के लिए जनपद में अटल भूजल योजना संचालित की जा रही है। जनपद में अटल भूजल योजना में चयनित 95 ग्राम पंचायतो में रुफ टॉप रेन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की परियोजनाओं में निर्माण कराया जा रहा है।

वर्तमान समय में अटल भूजल योजना के तहत जनपद के बड़ोखर खुर्द ब्लाक के चमरहा गांव में सितहुवा तालाब, ग्राम पंचायत इटवां में लहुरवा तालाब, तिंदवारी की ग्राम पंचायत माचा में परपत तालाब, माचाहार व बडा तालाब, ग्राम पंचायत बिछवाही में दिखितन तालाब, ग्राम पंचायत पलरा में चबूतरा तालाब एवं विकास खण्ड जसपुरा की ग्राम पंचायत सिन्धनकला में कनी तालाब, ग्राम पंचायत जसपुरा में बड़े सिद्ध बाबा का तालाब, ग्राम पंचायत रामपुर में कुमान तालाब, ग्राम पंचायत गौरीकला में जमुनिया तालाब एवं ग्राम पंचायत नारायण में मॉडल तालाब का कार्य प्रगति पर है। सभी कार्य वर्षा से पूर्व पूर्ण कराने हेतु युद्ध स्तर पर कार्य है। जनपद में वर्षा जल संचय एवं भूजल संवर्द्धन से कम जल खपत वाली फसलों को बढ़ावा मिलेगा। जनपद के इन क्षेत्रों में भूगर्भ जल के संस्थागत ढ़ाचे सुदृढ़ होंगे और सतत भूजल प्रबन्धन के लिये समुदाय स्तर पर भी व्यवहार परिवर्तन होगा।



कार्यों का जायजा लेते अधिकारी। अमृत विचार

- रुफ टॉप रेन वॉटर हार्वेस्टिंग की 95 परियोजनाएं निर्माणाधीन

## वाहन से कुचलकर गोवंश की मौत

**बांदा।** आम जनमानस के साथ ही साथ गोवंश भी खतरे से खाली नही हैं। ऐसी ही एक घटना में वाहन से कुचलकर गौवंश की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वाहन बिजली विभाग अधिशासी अभियंता की है। कमिश्नरी कैंपस स्थित अधिशासी अभियंता विद्युत (नगरीय) के वाहन ने गोवंश को टक्कर मार दी। जानकारी होते ही विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा समिति जिलाध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति सहयोगियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और दुख प्रकट किया। मृत गोवंश को जेसीबी की सहायता से ले जाया गया। जिलाध्यक्ष ने तत्काल संबंधित थाने में सूचना दी और ड्राइवर तथा संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर राकेश त्रिपाठी, कुलदीप नामदेव, राहुल आदि कार्यकर्ता रहे।

## कर्मियों को ईवीएम से वोट गिनने का दिया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- मास्टर ट्रेनर ने गिनती के दौरान सावधानी बरतने की दी जानकारी
- जेएन कालेज में मतगणना कर्मियों का पहला प्रशिक्षण हुआ खत्म

**अमृत विचार।** चार जून को होने वाली मतगणना को लेकर आयोजित पहले प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर ने कर्मियों को ईवीएम से वोट गिनने का प्रशिक्षण दिया। साथ ही इस दौरान बरती जाने वाली सावधानी की जानकारी दी। 90 मतगणना पार्टी के प्रशिक्षण में 360 कार्मिकों ने भागीदारी की। डीएम ने लापरवाही न करने के निर्देश कार्मिकों को दिए।

पं. जेएन डिग्री कालेज में मंगलवार को आयोजित मतगणना कार्मिकों के प्रशिक्षण में मतगणना कार्मिकों को संपूर्ण मतगणना प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार ने मतगणना कार्मिकों से कहा कि मतगणना का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसी प्रकार की गलती न होने पाए। उन्हें अवगत कराया गया कि स्ट्रांग रूम से मशीन काउंटिंग टेबल पर आने पर सबसे पहले मतगणना अभिकर्ताओं को दिखाई जाए कि यह मशीन उसी बूथ की है, जिस पर मतदान हुआ है। कंट्रोल यूनिट की सभी सील को तोड़ने से पहले मतगणना अभिकर्ताओं को अवश्य दिखाया जाए। टोटल का बटन दबाकर मशीन के टोटल को मतपत्र लेखा 17 सी से मिलान कराए। अभिकर्ताओं को भी इसे दिखाएं। इसके उपरांत रिजल्ट सेक्शन में जाकर बटन दबाए तथा उम्मीदवार परिणाम 17सी भाग-2 पर नोट करे तभी सभी उम्मीदवारों के मतों का टोटल करने के उपरांत टोटल को मतपत्र लेखा से मिलान करें, यदि कोई मशीन आन नहीं होती अथवा मशीन से संबंधित कोई समस्या होती है तो एआरओ को सूचित करें। प्रशिक्षण में कार्मिको को यह भी बताया गया कि काउंटिंग के दौरान लैपटॉप, मोबाइल फोन, चार्जर, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर के अलावा कोई भी इलेक्ट्रानिक उपकरण लेकर नहीं आएंगे। मतगणना कार्मिकों का दूसरा प्रशिक्षण आगामी 1 जून को आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रत्येक दशा में सभी मतगणना कार्मिक भाग लेना सुनिश्चित करेंगे। चार जून को मतगणना कार्मिक प्रत्येक दशा में मतगणना स्थल मंडी समिति में उपस्थित होकर पंडाल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। प्रशिक्षण में मुख्य विकास अधिकारी व प्रभारी अधिकारी कार्मिक वेद प्रकाश मौर्य, एडीएम (न्यायिक) अमिताभ यादव, उप जिला अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी संजीव बघेल सहित मतगणना कार्मिक उपस्थित रहे।



कर्मचारियों को प्रशिक्षण देते डीएसटीओ। अमृत विचार

## दो लोगों ने फांसी लगा की खुदकुशी

**बांदा।** पैलानी थाना क्षेत्र के अमलोर गांव के मजरा कसिया डेरा निवासी संतू निषाद (50) पुत्र रामपाल निषाद ने मंगलवार की सुबह बकरी चराने निकला था। घर से करीब सात सौ मीटर दूर स्थित अपने ही खेत की मेड़ में लगे नीम के पेड़ पर अगौछा से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। मृतक के बड़े भाई भगवानदीन ने बताया कि संतू निषाद ने बेटी की शादी में तीन लाख रूपया कर्ज लिया था। इससे परेशान था। तिंदवारी के गांधी नगर निवासी रविप्रकाश (24) पुत्र सुरेश वर्मा ने सोमवार की रात कमरे के अंदर पंखा की हुक पर साड़ी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक के फुफेरे चाचा बुद्धविलास का कहना है कि रविप्रकाश बोरिग का मिस्त्री था।

## बुखार से वृद्धा समेत दो की मौत

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- सूरज की तपन से बढ़ा डायरिया का प्रकोप
- 12 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया

**अमृत विचार।** सूरज की तपन ने तापमान बढता जा रहा है। गर्मी से लोग बेहाल है। सुबह धूप निकलते ही लोग अपने घरो में दुबक जाते है। गर्मी से डायरिया और बुखार के मरीजों की संख्या दिनब दिन बढती जा रही है। बुखार से पीड़ित बुजुर्ग महिला समेत दो की मौत हो गई। उधर, डायरिया से पीड़ित 12 लोगो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बदन झुलसा देने वाली गर्मी से लोग बेहा है। सुबह से लू के थपेड़े चलने लगते है। तेज धूप के चलते लोग अपने घरो से नही निकल रहे है। दोपहर बाद सड़को पर सन्नाटा पसर जाता है। गर्मी से डायरिया का कहर जारी है। इतना ही नही बुखार भी लोगो का पीछा नही छोड़ रहा है। शहर के मर्दन नाका निवासी 80 वर्षीय सोसतिया पत्नी भागीरथ बुखार से पीड़ित थी। उसे दो दिन पहले जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां मंगलवार की दोपहर उसकी मौत हो गई।

इसी तरह शहर के खाईपार निवासी मुन्ना (58) हाशमी पुत्र सिकंदर बुखार से पीड़ित था। उसे भी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां उसकी मौत हो गई। उधर, डायरिया और बुखार से पीड़ित बाघा गांव निवासी 55 वर्षीय रामचंद्र, लुकतरा की अशिंका 8 माह, छोटी बाजार निवासी 70 वर्षीय देवीदीन, शुकुल कुआ निवासी 85 वर्षीय शिवकली, सरधुवा निवासी 52 वर्षीय देवपाल, इचैली निवासी 60 वर्षीय सूरा, नेवादा निवासी 70 वर्षीय शिवकुमार, इचैली निवासी 50 वर्षीय रामखेलावन, बढभौली मौदहा निवासी एक वर्षीय साक्षी, परशुराम तालाब निवासी 11 वर्षीय गुनगुन, छनेहरा निवासी 18वर्षीय शरीफ, जवाहर नगर निवासी 28 वर्षीय शिवकन्या को भर्ती कराया गया।



## सीसी रोड न बनने से ग्रामीण परेशान

**बांदा।** नरैनी तहसील क्षेत्र का डढ़वामानपुर गांव में आजादी के दशकों बीत जाने के बाद भी विकास की किरण नहीं पहुंची। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात से पहले सीसी रोड न बनी तो गांव में किसी प्रकार का वाहन नहीं आयेगा। ग्रामीणों का कहना है कि 50 साल से इस समस्या को झेल रहे हैं आज तक किसी ने रोड नहीं बनवाई है। सड़क न होने से यहां के बच्चों को स्कूल जाने में भी समस्या होती है। ग्रामीणों में आक्रोश है कि चुनाव के समय वोट मांगने तो जनप्रतिनिधि आते हैं लेकिन वोट लेने के बाद ग्रामीणों से किए गए वादे भूल जाते हैं। सिर्फ झूठी तसल्ली दी जाती है। लोगों ने उच्चाधिकारियों से समस्या के समाधान की मांग की है।

## बालेश्वर को पुण्यतिथि पर किया याद

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन (ग्रापए) जिला इकाई पदाधिकारियों ने संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल को पुण्यतिथि पर याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। पदाधिकारियों और सदस्यों ने संस्थापक के मिशन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

मुख्यालय स्थित संगठन के जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष राहुल निगम की अगुवाई में ग्रापए संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल की पुण्यतिथि मनाई गई। पत्रकारों ने उनके चित्र के समक्ष पुष्पांजलि दी गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि ग्रामीण पत्रकारों को एक मंच पर लाने में उनके द्वारा किए गए योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। ग्रामीण पत्रकारों की पीड़ा उनके दिल में घर कर गई। उन्होंने कठिन परिश्रम की बदौलत संगठन का प्रदेश स्तर तक विस्तार किया। संगठन एक वटवृक्ष के रूप में खड़ा है। एसोसिएशन जिला विधि सलाहकार शिव विलास ने बताया ग्रापए में जिले और प्रदेश की स्थाई समिति में आमंत्रित सदस्य होते हैं। ग्रामीण पत्रकार अपनी जान जोखिम में डाल कर खबरे करने के लिए तत्पर रहते हैं। इस मौके पर तहसील अतर्रा अध्यक्ष अवधेश शिवहरे, राजेंद्र कुमार, सदर अध्यक्ष जीशान अली, पैलानी तहसील अध्यक्ष मोहम्मद यासिर, शिवम सिंह, जिया, नरेंद्र सिंह गौतम, शानू वर्मा, दिनेश कुमार गुप्ता, धीरज शर्मा, सीपी सरगम, रामबाबू रहे।



बाबू बालेश्वर को श्रद्धांजलि देते ग्रामीण पत्रकार।

अंतर्राष्ट्रीय मासिक धर्म स्वच्छता दिवस

क्विज व पोस्टर प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाई मेधा, विजेता छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया

# छात्राओं को वितरित की गईं कैल्शियम व आयरन की गोलियां

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में महिला चिकित्सक ने छात्राओं को माहवारी की आवश्यकता के साथ महत्व बताया। इस मौके पर क्विज व पोस्टर प्रतियोगिताएं हुईं। विजेता छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। छात्राओं को आयरन और कैल्शियम की गोलियां वितरित की गईं।

सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज में मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय माहवारी दिवस मनाते हुए छात्राओं को माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन से हुआ। जिला अस्पताल काउंसलर चंद्रेश गुप्ता ने बताया कि हर साल 28 मई को माहवारी स्वच्छता दिवस मनाया जाता है। आमतौर पर ज्यादातर महिलाओं के पीरियड साइकिल 28 दिन के होते हैं यही वजह है कि 28 तारीख को इस दिन को मनाने के लिए चुना गया। माहवारी की शुरूआत किशोरावस्था में होती है। सामान्यतरू 45 से 50 वर्ष की आयु तक माहवारी होती है। इस दौरान सैनिटरी नैपकिन तथा साफ कपड़े का उपयोग करना अति आवश्यक होता है। उन्होंने कहा कि भेजन में हरी सब्जियां, दूध, दही, फल और अंकुरित दालें व आयरन युक्त पदार्थों को शामिल करें। साथ ही नियमित व्यायाम करें। माहवारी के दौरान स्वच्छता बहुत महत्वपूर्ण है। पुरुष एवं महिला दोनों में यौन अंगों को शरीर के अन्य हिस्सों की तुलना में अधिक सफाई की आवश्यकता होती है। डा.अर्चना भारती ने छात्राओं को माहवारी की आवश्यकता के साथ महत्व बताते हुए बरती जाने वाली सावधानियां की जानकारी दी। इस मौके पर छात्राओं ने पोस्टर व क्विज प्रतियोगिता में भागीदारी करते हुए अपनी मेधा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में भागीदारी करने वाली छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कैल्शियम तथा आयरन की गोलियां छात्राओं को वितरित की गईं। इस मौकेपर जिला अस्पताल की वर्षा गुप्ता तथा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम बड़ोखर की टीम डा.एसपी सिंह, डा.मोहम्मद एमडी शरीफ उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य अमिता सिंह ने सभी का अभार जताया।





कार्यक्रम में शामिल छात्र-छात्राएं व अतिथि। अमृत विचार

- हर साल 28 मई को होता है माहवारी स्वच्छता दिवस

### माहवारी पर खुलकर बात करने की है जरूरत

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) के तहत अंतर्राष्ट्रीय मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर बड़ोखर, जसपुरा व तिंदवारी ब्लाक स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म के बारे में जानकारी दी गई। किशोरियों को निशुल्क सेनेटरी पैड भी बांटे गए। बड़ोखर स्थित आवासीय विद्यालय में आरकेएसके योजना डीईआईसी मैनेजर वीरेंद्र प्रताप ने कहा कि माहवारी के दौरान सैनिटरी नैपकिन तथा साफ कपड़े का उपयोग करना जरूरी होता है। साथिया केंद्र परामर्शदाता चंद्रेश गुप्ता ने बताया कि माहवारी के दौरान लापरवाही हेपेटाइटिस बी, सर्वाइकल कैंसर, योनि संक्रमण जैसी गंभीर बीमारियों की तरफ ले जाता है। मासिक धर्म कोई अपराध नहीं बल्कि सामान्य शारीरिक प्रक्रिया है, जिसे घर व समाज में खुलकर बात करने की जरूरत है। इस मौके पर बड़ोखर विद्यालय के इंचार्ज विजय केसरवानी, तिंदवारी के सर्वजीत व जसपुरा के दीपक यादव आदि उपस्थित रहे।



कनवारा गांव में सफाई का निरीक्षण करते सीडीओ। अमृत विचार

## सीडीओ के निरीक्षण में सफाई कार्य मिला संतोषजनक

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी ने बड़ोखर खुर्द ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कनवारा जाकर सफाई कार्य एवं सिल्ट चैंबरों का भी निरीक्षण कर ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी को निर्देश दिए।

सीडीओ वेद प्रकाश मौर्य बड़ोखर खुर्द ब्लाक क्षेत्र के ग्राम कनवारा पहुंचे, जहां उन्होंने सफाई कार्य का निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत में सफाई कर्मी सफाई का कार्य करते हुए पाए गए और कार्य के प्रति संतोष भी व्यक्त किया। इसके उपरांत उन्होंने ग्राम में निर्माण किए गए सिल्ट चैंबरों का भी निरीक्षण किया। जहां 21 सिल्ट चैंबरों के निर्माण कार्य पूर्ण पाए गए, जबकि शेष रह गए 8 चैंबरों का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम प्रधान को दिए। उन्होंने कहा कि यह कार्य वर्षा से पूर्व पूर्ण कर लिया जाए। इसके साथ-साथ मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम की सभी नाले-नालियों की भी सफाई प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

# बुंदेलखंड में स्थापित किया गया पहला सीएनजी कन्वर्ट यूनिट

## अभी 15 और इकाइयां स्थापित की जाएंगी, आईजीएल के एमडी ने किया उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, महोबा


वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते आईजीएल के एमडी व वाणिज्य निदेशक।

- डीजल बस व एक डंपर सीएनजी में की गई तब्दील
- बुंदेलखंड को स्वच्छ व हरित ऊर्जायुक्त बनाने की पहल

**अमृत विचार।** आईजीएल द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिले की पत्थर उद्योग नगरी कबरई में बुंदेलखंड का पहला सीएनजी कन्वर्ट यूनिट बनाया गया। इस यूनिट में अब डीजल से चलने वाले डंपर, बसों व अन्य बड़े वाहनों को सीएनजी में परिवर्तित कर बुंदेलखंड को स्वच्छ और हरित ऊर्जा युक्त बनाने की पहल की गई है। कन्वर्ट यूनिट के उद्घाटन में एक स्कूल की डीजल बस व एक डंपर को सीएनजी में तब्दील किया। वाहनों को आईजीए के प्रबंध निदेशक कमल किशोर चेतीवाल व वाणिज्य निदेशक मोहित भाटिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जनपद के सबसे बड़े पत्थर उद्योग नगरी कबरई में हजारों की संख्या में डंफर व ट्रक की आवाजाही है, ऐसे में डीजल से संचालित बड़े वाहनों को सीएनजी में परिवर्तित कर क्षेत्र को स्वच्छ बनाने की पहल की जा रही है, जिसको लेकर डीजल वाहनों को सीएनजी में कन्वर्ट करने के लिए कबरई में डीजल टू सीएनजी कन्वर्ट यूनिट का शुभारंभ आईजीएल के प्रबंध निदेशक ने पूजा अर्चना के साथ किया गया। उद्घाटन मौके पर डीजल से चलने वाली बस व डंफर को सीएनजी में बदला गया और प्रबंध निदेशक व वाणिज्य निदेशक ने इन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए कन्वर्ट यूनिट का उद्घाटन किया।

इस मौके पर आईजीएल के निर्देशक ने कहा कि कन्वर्ट यूनिट डीजल से चलने वाले वाहनों को सीएनसी पर आधारित ऊर्जा में रूपांतरित करके क्षेत्र में बढ़ते तापमान और पर्यावरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन और ट्रक मालिकों से अनुरोध करते हुए कहा कि अपने क्षेत्र में हरित क्रांति के लिए वाहनों में डीजल की अपेक्षा सीएनजी को परिवर्तित करएक स्वच्छ भारत बनाने में सहयोग करें। कहा कि सीएनजी गैस के प्रयोग से हमारे वातावरण में बढ़ रहे तापमान के साथ वायु प्रदूषण में भी कमी आएगी। डीजल की आपेक्षा सीएनजी सस्ती है, जिससे वाहन स्वामियों की और अधिक बचत होगी। बताया कि महोबा में सीएनजी कन्वर्ट यूनिट के सफल होने के बाद बुंदेलखंड में 15 और यूनिट खोले जाने की योजना बनाई गई है।

## सब्जी तोड़ने पर विवाद, चाचा भतीजा घायल

**महोबा।** तालाब से सब्जी तोड़ने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया, जिस पर एक पक्ष के चाचा भतीजे की दूसरे पक्ष के लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराकर मामले की जाचं पड़ताल में जुट गई गई।

शहर के मदन सागर तालाब से सब्जी तोड़ने को लेकर घटी। शहर के राठ चुंगी निवासी सतीश ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह अपने भतीजे अंशु और संजू के साथ मदर सागर तालाब से मुरार की सब्जी तोड़ने गया था, तभी कुछ लोग आए और सब्जी तोड़ने से मना करने लगे, इसी बात को लेकर दो पक्षों में बहश छिड़ गई और देखते ही देखते एक दबंग ने चाचा व भतीजों पर लाठी डंडों से हमला कर घायल कर दिया, जिससे तीनो लोग घायल हो गए। मारपीट देख आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना देते हुए बीच बचाव किया। दबंग गाली गलौज करते हुए वहां से भाग गए। पुलिस के मौके पहुंचने पर घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। तहरीर मिलने के बाद पुलिस जांच करने में जुट गई है।

## पॉलिटेक्निक में स्ट्रांग रूम का किया फायर ऑडिट

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- चेकिंग के दौरान अग्निशमन यंत्र चालू हालत में पाए गए


फायर ऑडिट करते अग्निशमन अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव संपन्न हो जाने के बाद राजकीय पॉलिटेक्निक में बनाए गए स्ट्रांग रूम में रखी गई ईवीएम मशीनों की सुरक्षा के मद्देनजर दमकल विभाग के अधिकारी ने मौके पर पहुंच कर स्ट्रांग रूम का फायर आडिट किया। साथ ही स्ट्रांग रूम के बाहर लगे अग्निशमन यंत्रों की चेकिंग की। चेकिंग के दौरान अग्निशमन यंत्र चालू हालत में पाए गए। अग्निशमन अधिकारी ने अग्निशमन सुरक्षा में लगा फायर टेंडर चेक करने के बादं मौजूद कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए गए।

20 मई को लोकसभा चुनाव का मतदान संपन्न होने के बाद कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच राजकीय पालिटेक्निक परिसर में बनाए गए स्ट्रांग रूम में रखी गई ईवीएम मशीनों की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरत सर्तक है और समय समय पर जिले के अधिकारियों द्वारा स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर जायजा लिया जा रहा है। सबसे पहले जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी ने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी, इसके बाद पालिटेक्निक में सुरक्षा व्यवस्था के लिए डेरा जमाए प्रमुख दलों के प्रतिनिधियों से भी बातचीत की थी। सोमवार को पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने स्ट्रांग रूम का भारी पुलिस फोर्स के साथ जाकर निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्थओं को देखा साथ ही वहां तैनात सशस्त्र बलों को सुरक्षा व्यवस्था के प्रति किसी भी तरह ढिलाई न बरतने के निर्देश दिए।

## नारायण के नाम से अजामिल का हो गया उद्धार

**महोबा।** नगर के सोनी गंज मोहाल में स्थित मां काली माता मंदिर में चल रही भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास राधिका देवी ने संगीतमय कथा में अजामिल का बहुत ही सुंदर प्रसंग सुनाते हुए कहा कि पहले लोग अपने पुत्र का नाम भगवान के नाम पर रखते थे और अजामिल ने भी अपने पुत्र का नाम नारायण रख दिया था। विपत्ति पड़ी तो उन्होंने अपने पुत्र को नारायण नाम से पुकारा तो उसका उद्धार हो गया।


कथा व्यास ने कहा कहा कि इसी प्रकार भक्त प्रहलाद के कारण हिरणय कश्यप जैसे दैत्यों का उद्धार करने के लिए भगवान ने नरसिंह अवतार धारण किया तथा भक्ति का महत्व समझाया। सुर एवं असुरों के द्वारा समुद्र मंथन की कथा सुनाई गई, जिसमें 14 रत्न प्राप्त हुए का विस्तार से वर्णन किया। हिरण्याकश्यप अत्याचार करता रहा। बहन होलिका प्रहलाद को गोदी में लेकर अग्नि में बैठ गई। होलिका तो स्वयं जलकर भस्म हो गई लेकिन अग्नि से बाहर आ गए। कथा के अंत में कृष्ण जन्म की कथा सुनाई गई।

## सफाई के नाम पर की जा रही है खानापूर्ति

संवाददाता, पनवाड़ी-महोबा

- कर्मचारी नियमित नहीं करते साफ-सफाई


मोहल्ले की चोक नाली।



ग्रामीण मुन्ना व राज यादव।

**अमृत विचार।** ग्राम प्रधान की अनदेखी के चलते ग्राम पंचायत पनवाड़ी की स्थिति दयनीय होती जा रही है। जगह जगह कूड़े के ढेर, गंदगी से बचबजाती नालियां, भीषण गर्मी के मौसम में संक्रामक बीमारियों को दावत दे रही है। हालत यह है कि यहां पर हर माह लाखों रुपये की पगार पाने वाले सफाई कर्मचारी साफ सफाई के नाम पर खानापूर्ति कर रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

गांव की छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए ग्रामीण पंचायत में प्रतिनिधि चुनते हैं, लेकिन जीतने के बाद जिम्मेदार अपनी जिम्मेदार भूल जाते हैं और अधिकारी, कर्मचारी भी ध्यान नहीं देते हैं। कुछ ऐसे ही हाल पनवाड़ी विकासखंड की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत पनवाड़ी का है, जहां लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहें है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान की अनदेखी के कारण कस्बे की गलियों में कई जगह नालियां टूटी पड़ी है। तथा कई जगह बनी नालियों पर लगे लोहे के टूटे जाल सें गुजरते समय वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कस्बे के पाठकपुरा, अग्निहोत्रीपुरा, रहूनियापुरा, पठानपुरा आदि मोहल्लों पर नाली की जालियां टूटी होने के कारण आए दिन दो पहिया वाहन चालक टूटे जालों में फंसकर गिरते हैं। गौरतलब है कि पंचायत में पेयजल की समस्या, गलियों में व्याप्त गंदगी, लाखों की लागत से निर्मित आरआरसी केंद्रों के प्रति जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते पंचायत को गर्त में धकेल रही है। पंचायत के जागरूक नागरिकों ने संबंधित अधिकारियों का ध्यान पंचायत में व्याप्त समस्याओं की ओर आकर्षित कराया है।

### ग्रामीण बोले, आए दिन होती है दुर्घटनाएं

कस्बे के पाठकपुरा निवासी मुन्ना पुत्र बब्बू लाल एवं राज यादव पुत्र मुन्ना यादव ने बताया कि पाठकपुरा से मेन बाजार जाने वाली रास्ता में एक नाली कई माह सें टूटी हुई पड़ी है। उस नाली से गुजरते समय कई बार ई-रिक्शा पलट चुके हैं। तथा कई वाहन दुर्घटना का शिकार हो गए है। सबसे ज्यादा परेशानी रात के समय होती है। युवक राज यादव ने बताया कि दो बार टूटी हुई नाली की नाप हो गई, लेकिन निर्माण नहीं किया गया है। बीडीओ संतराम ने कहा कि शीघ्र ही समस्या का समाधान करवाया जाएगा।

## लू लगने से भिखारी की हुई मौत

**महोबा।** लू के थपेड़ों ने आम लोगों की मुश्किलों बढ़ा दी हैं। मंगलवार को भीषण गर्मी और लू की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हो गई। मंगलवार को तापमान 46. 5 डिग्री सेल्सियस पहुंचने से लोगों का बुरा हाल है।

शहर में तेज धूप में घूम घूम कर दुकानों से मांग कर अपना काम चलाने वाला मंगलवार को भी तेज धूप और गर्म हवाओं के बीच आल्हा चौक के पास द्विवेदी बैरंग हाउस के पास मांगते समय अचानक चक्कर आने के कारण वह दुकान के बाहर बैठ गया। तभी दुकानदार ने उसे छाया में बेंच पर लिटा दिया। लेटने के चन्द मिनट के बाद उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस में वृद्ध के शव को जिला अस्पताल के मॉर्च्युरी में रख दिया है। अभी तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है।

## विद्युत ट्रांसफार्मरों की बढ़ाई गई क्षमता

कार्यालय संवाददाता, महोबा


एसई आरएस गौतम।

**100** के स्थान 250 एमबीए के ट्रांसफार्मर लग जाने से ओवरलोड होने की समस्या खत्म

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी को देखते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों ने ओवरलोड होने पर के मद्देनजर सभी ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ा दी है। जिससे भीषण गर्मी के मौसम में लोगों को बिजली कटौती की समस्या से न जूझना पड़े। इतना ही नहीं आज-कल शहर के अलावा कस्बों में बदले जा रहे बिजली के जर्जर तारों के कार्य को भी अब अति आवश्यक होने पर ही लाइन को एक से दो घंटे बंद करके तार बदल दिए जाते हैं, जिससे भीषण गर्मी में बिजली उपभोक्ताओं को किसी भी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े।

कई कई घंटे दिन में तार बदले जाने से नौतपो के दौरान बढ़ रहे बिजली के संकट को देखते हुए तार बदलने का कार्य कुछ दिनो के लिए बंद करा दिया गया है।

बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता आरएस गौतम ने बताया कि जिले में सौ से डेढ सौ क्षमता वाले ट्रांसफार्मरों की क्षमता को बढ़ाकर ढाई सौ केवी कर दी गई है। इसी तरह 400 एमबीए के ट्रांसफार्मरों की भी क्षमता बढ़ा दी गई है, जिससे गर्मी के मौसम में बिजली की अधिक खपत बढ़ने के बाद भी ओवर लोड की समस्या न आ सके। शहर व कस्बों में भीषण गर्मी को देखते हुए बिजली लाइन के तारों को बदलने का कार्य पूरी तरह से बंद करा दिया गया है, कहीं पर जर्जर बिजली तार होने के कारण आ रही समस्या को देखते हुए एक दो घंटे के बीच में अति आवश्यक होने पर वहां के तार बदल दिए जाते हैं, जिससे बिजली आपूर्ति बहाल की जा सके।

अधीक्षण अभियंता ने बताया कि कुछ स्थानों पर एबी केबिल में ओवर लोड की समस्या आने पर वहां की केबिल बदल दी जाती है, इसके लिए कुछ समय के लिए बिजली आपूर्ति प्रभावित रहती है, जबकि अब ओवरलोड की समस्या नहीं आ रही है। धड़ल्ले से शहर और कस्बों में बिजली आपूर्ति की जा रही है। बारिश का मौसम शुरू होने के बाद बिजली लाइन के तार बदलने का कार्य शुरू कराया जाएगा।

## संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में रेलवे कर्मी को पीटा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- जनरल का टिकट लेकर एसी कोच में घुसने पर विवाद

**अमृत विचार।** यूपी संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में दबंगों ने एसी कोच में सफर कर रहे रेलवे के अटेंडेंट (वेतन भोगी कर्मचारी) को मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने दोनो दबंगों को हिरासत में लेकर घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

हरपालपुर मध्यप्रदेश निवासी रमाकांत गुप्ता पुत्र ठाकुरदास ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह अटेंडेंट रेलवे कर्मचारी है, जो किसी कार्य से संपर्क क्रांति ट्रेन के एसी कोच में ड्यूटी कर रहा था। तभी रेलवे स्टेशन महोबा से दो दबंग जनरल टिकट लेकर एसी कोच में चढ़ गए।

बताया कि टिकट देखने पर उन्हें जनरल डिब्बे पर जाने की बात कही तो दोनो दबंग शराब के नशे में धुत होकर गाली गलौज करने लगे। इसका विरोध करने पर पुलिस को सूचना देने की बात कही तो उक्त दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घायल अवस्था में अटेंडेंट ने कंट्रोल रुम को मैसेज द्वारा सूचित किया, जिस पर जीआरपी थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पुलिस टीम के साथ पहुंच गए और दोनो दबंगों को हिरासत में ले लिया और घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

## मोटर फुंकने से बस अड्डे की जलापूर्ति बाधित

कार्यालय संवाददाता, महोबा


रोडवेज परिसर में बना वाशरूम।

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में जहां लोगों का बुरा हाल है वहीं दूसरी तरफ ट्यूबवेलो की मोटर व पानी की सप्लाई के लिए लगाए गए सबमर्सिबल पंप फुंक जाने से जिम्मेदार कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में लोग पानी के लिए इधर उधर भटक रहे हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत रोडवेज परिसर में बने शौचालय व पानी की टंकी में पानी नहीं पहुंच रहा है, जिससे रोडवेज कर्मचारियों के अलावा यात्रियों को भी पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि रोडवेज परिसर में यात्रियों व अन्य लोगों के बनी पानी की टंकी से राहत मिलती है। लोग पानी पीने के अलावा अन्य कार्य के लिए पानी ले जाते हैं। वहीं दूसरी तरफ रोडवेज परिसर में यात्रियों और रोडवेज कर्मचारियों के लिए बनाए गए शौचालयों में भी पानी की आपूर्ति होती है, लेकिन यहां का मोटर फुंक जाने से सभी जगह की पानी आपूर्ति ठप हो गई है। एक पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी जिम्मेदारों के कान में जूं जक नहीं रेंग रहा है, जिससे आज तक मोटर को दुरूस्त नहीं कराया गया है, इससे यात्रियों के अलावा अन्य लोगों को भीषण गर्मी में पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

एआरएम महोबा और कार्यदायी संस्था टाल मटोल नीति अपनाते हुए एक दूसरे पर ढीकरा फोड़ रहे हैं, जिससे आज तक मोटर को दुरुस्त नहीं कराया गया। स्थिति यह है कि रोडवेज महोबा से आने जाने वाले यात्रियों को वाशरुम जाने के लिए भी पानी नहीं मिल पा रहा है। सबसे ज्यादा दिक्कत सुबह पांच बजे छतरपुर से चलकर कानपुर के लिए जाने वाली रोडवेज बस महोबा साढ़े छह बजे आ जाती है। रोडवेज के आसपास कहीं पर भी सुरक्षित वॉशरुम न होने के कारण छतरपुर से रोडवेज बस में आने वाले यात्री बस से उतरने के बाद सबसे पहले रोडवेज के वाशरुम में शौच के लिए जाते थे। अब यात्री इधर-उधर भटकते हैं।

### पानी की बोतलों की जमकर हो रही बिक्री

रोडवेज परिसर व आसपास कोई हैंडपंप न होने से भीषण गर्मी के मौसम में पानी को लेकर हा हाकर मचा हुआ है। स्थिति यह है कि गरीब वर्ग के लोग मजबूरन बस से उतरकर बीस रुपये पानी की बोतल खरीद रहे हैं, जिससे दुकानदारों की जमकर चांदी कट रही है। रोडवेज में किराना, मिठाई, चाय, गुटखा और होटल संचालक ही बोतल का पानी बेच रहे हैं। उधर रोडवेज की टंकी न भर पाने से लोगों को पानी न मिलने पर वह मजबूर होकर पैसों से पानी की बोतल खरीद रहे हैं।

## गर्मी में खानपान व जीवन पद्धति बदलने की जरूरत


सीएचसी जैतपुर में लोगों को हीटवेव से बचाव की जानकारी देते चिकित्साधीक्षक।

संवाददाता, बेलाताल-महोबा

- सीएचसी जैतपुर में लोगों को हीटवेव से बचाने के लिए दी गई जानकारी

**अमृत विचार।** जिले में नौपता और लू के प्रकोप के चलते स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को गर्मी के प्रकोप से बचाने के लिए उपाए बताए जा रहे है साथ ही पंपलेट बैनरों के माध्यम से भी हीटस्ट्रोक से बचने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर प्रभारी चिकित्साधीक्षक ने स्वास्थ्य केंद्र के मरीजों और तीमारदारों को हीटवेव से बचाव के लिए कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम दौरान लोगों को इस भीषण गर्मी के चलते खानपान व लाइफ स्टाइल में बदलाव लाने की भी सलाह दी गई, जिससे तमाम बीमारियों से बचा जा सके।

चिकित्साधीक्षक डॉ. आशीष तिवारी ने बताया कि बढ़ते तापमान के चलते हीट स्ट्रोक से बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है। गर्म हवाओं से डिहाइड्रेशन, चक्कर आना और पेट दर्द जैसी अन्य बीमारियों से लोग शिकार हो रहे हैं, ऐसे में चाहे बच्चा हो या जवान या फिर बुर्जुग सहित सभी को सावधान रहने की जरूरत है। इन दिनों खानपान और घर से बाहर निकलते समय लापरवाही करने पर आपको बड़े खतरे में डाल सकती है, इस मौसम में लोगों को बाहर के खाने पीने की चीजों से परहेज करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लू तेज धूप और लू के चलते बेवजह बाहर न निकलें, अगर अति आवश्यक कार्य से बाहर जाना पड़े तो टोपी, गमछा या छाते का इस्तेमाल जरूर करें, लेकिन हो सके तो दोपहर बारह से तीन बजे तक के बीच बाहर न जाएं। जितनी बार हो सके पानी पियें, प्यास न लगे तो भी थोड़ी थोड़ी देर में पानी का सेवन करते रहें।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर प्रभारी चिकित्साधीक्षक ने लोगों से कहा कि भीषण गर्मी के चलते हल्के रंग के ढीले सूती कपड़ों का प्रयोग करें अगर आपको चक्कर आए और तवियत ठीक न लगने पर डाक्टर से सम्पर्क करें। उन्होंने कहा कि लस्सी, नमक चीनी का घोल, नींबू पानी, छांछ, आम का पना आदि घर के बने पेय पदार्थ का सेवन करते रहे। उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ और बासी भोजन न खाएं। उन्होंने जानवरों को गर्मी से बचाने लिए उन्हें ज्यादा से ज्यादा पानी पिलाने और छांव में रखने की सलाह दी साथ ही धूप में खड़े वाहनों में बच्चों एवं पालतू जानवरों को न छोड़ें। इस मौके पर लोगों को हीटस्ट्रोक से बचान के पंपलेट वितरण का जागरुक किया गया। इस मौके पर डा0 पवन, डा0 अभय यादव, डा0 महेंद्र कुमार, उमेश कुमार विश्वकर्मा, मनोज सैनी, हसमत,हल्लू कुशवाहा, महेन्द्र तिवारी, रामबाबू अहिरवार, मोहम्मद नवी, कोमल अनुरागी, आजाद मंसूरी आदि उपस्थित रहे।

**उदासीनता** सफाई न होने से हो रही प्रदूषित पानी की आपूर्ति, 1960 से मदन सागर बुझा रहा शहरियों की प्यास

# 1.25 करोड़ से खरीदी गई मशीन शोपीस, जलकुंभी से पटा सरोवर

कार्यालय संवाददाता, महोबा


सरोवर के पास खराब पड़ी मशीन।


जलकुंभी से पटा मदन सागर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के सरोवरों की जलकुंभी की सफाई के लिए पालिका प्रशासन द्वारा 1.25 करोड़ रुपये की लागत से मंगाई मशीन शोपीस बनकर रह गई है। चंद माह चलने के बाद मशीन खराब हो गई, जिसे आज तक पालिका ने सही कराने की जहमत नहीं उठाई, जिससे प्रदूषित पानी की आपूर्ति हो रही है।

ऐतिहासिक मदन सागर सरोवर, कल्याण सागर, कीरत सागर सरोवरों में जलकुंभी पटी पड़ी है, जिसके चलते पानी प्रदूषित हो रहा है। इसी तालाब से शहर में पेयजल आपूर्ति की जा रही है। तालाब में जलकुंभी से पानी कचड़ायुक्त होने से लोग प्रदूषित पानी पीने के लिए मजबूर हैं, मदन सागर में जलकुम्भी फैली हुई है। जलकुंभी की सफाई के लिए मंगाई गई मशीन के खराब हो जाने पर जलकुंभी की सफाई नहीं हो रही है, जिससे लोग मजबूरन प्रदूषित पानी पी रहे हैं, बावजूद इसके नगर पालिका प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

लगभग 1.25 करोड़ की लागत से मदन सागर सरोवर की जलकुंभी की सफाई कराने के लिए मंगाई गई मशीन शोपीस बनकर रह गई है। एक करोड़ से अधिक व्यय करने के बाद भी मशीन का कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। हालत यह है कि मशीन एक तरफ तालाब के किनारे बेकार खड़ी थी, जिसे अब कल्याण सागर भेज दिया गया है। एक करोड़ खर्च होने के बाद भी जलकुंभी की सफाई हुई और न ही तालाब की सफाई हो सकी, इससे लोगों को स्वच्छ पानी नहीं मिल पा रहा है। तालाब लबालब भरा है, लेकिन जलकुंभी को हटाने की कोई पहल नहीं की जा रही, जिससे जलकुंभी पानी को सोखती है। इससे गर्मी के दिनों में तालाब का पानी कम होने के आसार बढ़ गए हैं।

वर्ष 1960 में शहरियों की प्यास बुझाने के लिए मदन सागर के तट पर पानी की टंकी बनाकर शहर में पानी की आपूर्ति शुरू की गई थी। तब से आज तक मदन सागर से शहर में पानी की आपूर्ति की जा रही है। जबकि पाइप लाइनें भी काफी पुरानी हो चुकी हैं, लेकिन मदन सागर आज भी पाइप लाइन के जरिए घर घर में पानी भेजकर लोगों की प्यास बुझा रहा है। डेढ़ दशक पहले पूर्व विधायक बदशाह सिंह ने श्रमदान करके मदन सागर की सफाई कराकर जलकुंभी हटवाई थी। जिसके चलते तालाब का पानी साफ हो गया था और लोगों को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति होने लगी थी, लेकिन अब मदन सागर में पुनः जलकुंभी फैल गई है, जिसके चलते न तो सरोवर का पानी स्वच्छ रह गया और न ही लोग अब नहाने धोने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। जलकुंभी पानी को सोखती है, जिससे सरोवर का पानी कम होता जा रहा है।

### सरोवर के बीच से निकला पुल बना सेल्फी प्वाइंट

**महोबा।** मदन सागर के सौंदर्यीकरण के लिए सरोवर के बीचोबीच पुल बनाकर छोटी चंद्रिका से बड़ी चंदिका को जोड़ दिया गया। लोग धार्मिक स्थल आने जाने के लिए इस पुल का इस्तेमाल करते हैं, जिससे उनका समय बचता है। साथ ही पुल के ऊपर खड़े होकर मदन सागर सरोवर का नाजारा भी लेते हैं। बहुत से लोग तालाब में बने पुल पर खड़े होकर सेल्फी भी लेते हैं। आज तक पुल सेल्फी प्वाइंट बनकर रह गया है।

### जलकुंभी से रैकवार समाज हुआ बेरोजगार

**महोबा।** मदन सागर सरोवर में जलकुंभी के छा जाने से इस साल रैकवार समाज के लोग सिंघाडें और कमलगट्टे की खेती नहीं कर सके। इससे पर वह हर साल खेती करके साल भर परिवार का पालन पोषण करते हैं।

# छात्रा के अपहरण-दुष्कर्म में दो को 20-20 साल सजा

## एससी/एसटी अदालत ने सुनाई सजा, दोषियों पर 25-25 हजार अर्थदंड भी, नौ साल पूर्व कॉलेज के सामने से किया था अगवा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



**अमृत विचार।** अनुसूचित जाति की छात्रा को अगवाकर गैंगरेप करने के नौ साल पुराने मामले में अदालत ने दो आरोपियों को दोषी करार दिया है। विशेष न्यायाधीध एससीएसटी एक्ट सुशील कुमार खरवार की अदालत ने दोनों दोषियों को 20-20 साल की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक पर 25 हजार का अर्थदंड लगाया है। वहीं संयुक्त रूप से पीड़ित पक्ष को 50 हजार रुपये की क्षतिपूर्ति दिए जाने का आदेश दिया है।

जरिया थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित मां ने 15 अप्रैल 2014 को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि एक अप्रैल 2014 को उसकी बेटी (पीड़िता) कस्बा सरीला स्थित एक महाविद्यालय में बीए द्वितीय वर्ष की परीक्षा देने गई थी। परीक्षा देकर जब घर नहीं लौटी तो वह व उसका परिवार सभी रिश्तेदारियों में बहुत खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की थी। ढाई माह घर लौटी पीड़िता ने घटना की आप बीती घर में बताई। बताया कि दोषी लेखपाल राजपूत उसे महाविद्यालय के सामने से कार में डालकर उसे जरिया ले गया। वहां से उसकी आंखो में पट्टी बांधकर जबरदस्ती उरई ले गया। उरई से भोगनीपुर, भोगनीपुर में उसे 10 दिन रखा, फिर वापस जरिया ले गया। जरिया में उसे आठ दिन महेंद्र राजपूत के घर में रखा। उसकी मर्जी का खिलाफ उसके साथ दोनों उसके साथ दुष्कर्म करते रहे। वह उक्त लोगों से आरजू मिन्नत करती रही कि उसके मां बाप के पास उसे छोड़ दो, लेकिन उक्त लोग उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देते थे। वह किसी तरह मौका पाकर वहां से बचकर गुजरात चली गई।

पुलिस ने उक्त दोनों लोगों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट सहित गैंगरेप का मामला दर्जकर आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया था। मामले में अदालत ने जनपद जालौन थाना उरई के इंदिरा नगर मोहल्ला निवासी दोषी लेखपाल राजपूत व जलालपुर थानाक्षेत्र के पुरैनी निवासी महेंद्र राजपूत को सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

### गैर इरादतन हत्या में पति को 10 वर्ष का कारावास

**हमीरपुर।** देर रात खाना खाने के बाद हुए विवाद में पति ने पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमलाकर हत्या कर दी। इस मामले में अदालत ने आरोपी पति को दोषी करार दिया है। अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम पीके जयंत की अदालत ने दोषी पति को 10 वर्ष की कैद व 10 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। जुर्माना अदा न करने पर छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। जरिया थानाक्षेत्र के चंडौत गांव निवासी वादी लट्टी अहिरवार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था, कि उसका बड़ा भाई दोषी पन्नालाल अपनी पत्नी पान कुंवर के साथ उसके बगल वाले मकान में रहता है। भाई के दो बेटे व दो बेटियां हैं। दोनों बेटे अपने-अपने परिवार के साथ बाहर ईट भट्ठों पर रहकर काम करते हैं। जबकि दोनों बेटियां अपनी ससुराल में हैं। बताया कि उसका बड़ा भाई व भाभी पहले से आपस में वाद विवाद करते रहते थे। दोनों अलग-अलग अपना भोजन खाते बनाते थे। कुछ दिन पूर्व दामाद राकेश ने दोनों लोगों का आपस में राजीनामा करा दिया था। बताया कि 31 जनवरी 2022 की रात खाने के बाद दोनों में फिर से विवाद हो गया। जिस पर उसके भाई ने अपनी पत्नी के ऊपर कुल्हाड़ी से हमलाकर उसकी हत्या कर दी है। मामले में पुलिस ने हत्या का मामला दर्जकर आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया था। जिसकी सुनवाई करते हुए अदालत ने हत्या मामले को गैर इरादतन हत्या का मामला मानते हुए दोषी पति को 10 वर्ष की सजा सुनाई है।

### हाईकोर्ट ने चार पर दर्ज गैंगस्टर मुकदमे को किया रद्द

**सुमेरपुर हमीरपुर।** कस्बे के दो सगे भाइयों सहित चार लोगों के खिलाफ दर्ज किए गए गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे को उच्च न्यायालय ने रद्द करने के आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट ने इस गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई को अवैध और मनमानी करार दिया है। उच्च न्यायालय के इस आदेश से पीड़ित पक्ष ने राहत महसूस की है। कस्बा निवासी शिवप्रकाश उर्फ सोनू गुप्ता, रामप्रकाश उर्फ प्रांशु गुप्ता, उमाकांत उर्फ बाबा गुप्ता व रिजवान उर्फ गुड्डू के खिलाफ सुमेरपुर थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना कुरारा थानाध्यक्ष को सौंप गई थी। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्टशीट दाखिल किया। जिस पर जिलाधिकारी ने आरोपियों की संपत्ति सीज करने के आदेश दिए थे। इस आदेश के बाद पुलिस अधीक्षक ने भी आदेश का पालन करने के लिए अधीनस्थों निर्देश दिए। इस पर 14 मई को एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक, सीओ सदर राजेश कमल के नेतृत्व में संपत्ति को सीज किया गया था। इसमें सोनू गुप्ता एवं प्रांशु गुप्ता की करीब पांच करोड़ की संपत्ति थी। जबकि बाबा गुप्ता की 23 लाख की संपत्ति थी। रिजवान उर्फ गुड्डू के पास किसी तरह की निजी संपत्ति नहीं मिली थी। इस मुकदमे को रामप्रकाश उर्फ प्रांशु गुप्ता ने उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के वकीलों को सुनने के बाद गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे को रद्द करने का आदेश पारित किया। यह आदेश 24 मई को पारित किया गया है। हाईकोर्ट से मुकदमा रद्द होने पर आरोपियों ने राहत की सांस ली है।

## सार-संक्षेप

### अज्ञात कारणों से रिहायशी मकान में आग लगी

**मौदहा (हमीरपुर)।** तहसील क्षेत्र के भुगैचा गांव निवासी श्रीराम कुशवाहा पुत्र जागेश्वर अपनी रिश्तेदारी में गया हुआ था। उसकी पत्नी व बच्चे मौदहा में थे। तभी सोमवार को दोपहर अज्ञात कारणों के चलते उसके घर में आग लग गई। जिससे उसके छप्पर से आग के शोले व धुंआ उठता देख ग्रामीणों ने एकजुट होकर आग पर धूल, पानी इत्यादि डाल उसे बुझाने का प्रयास शुरू किया। लेकिन घर के अंदर लकड़ी कंडा इत्यादि अधिक मात्रा में होने के कारण देखते-देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। जब तक ग्रामीण आग पर काबू कर पाते तब तक श्रीराम कुशवाहा के घर में रखा लगभग 30 क्विंटल भूसा, 2 क्विंटल गेहूं, एक ट्राली लकड़ी व एक ट्रॉली कंडा के अलावा घर में रखा अन्य सामान तथा घर के छप्पर राख में तब्दील हो गए। इस घटना के कारण पीड़ित परिवार दाने-दाने को मोहताज हो गया है। सूचना मिलने पर राजस्व विभाग ने मौके पर पहुंच इस अग्निकांड में हुई क्षति का आकलन करना शुरू कर दिया है।

### मजदूरी करते समय मजदूर की हालत बिगड़ी, मौत

**मौदहा (हमीरपुर)।** विकासखंड क्षेत्र के टोला गांव में मनरेगा योजना के तहत जल रोक बांध निर्माण कार्य करते समय एक वृद्ध की हालत खराब होने पर वह कार्य स्थल पर ही लेट गया। लगातार उसकी हालत बिगड़ती गई। सूचना पर परिजन उसे एंबुलेंस से सुमेरपुर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। टोला गांव निवासी आनंदी ने बताया कि उसके पिता विश्राम प्रजापति (58) पुत्र रामचरण जॉब कार्ड धारक मजदूर है। गांव में मनरेगा के तहत जल रोक बांध कार्य शुरू कराया जा रहा है। जिसमें 20 मजदूर लगे है। उसके पिता को भी काम पर लगाया गया था। बताया के रोजगार सेवक रामसेवक ने सोमवार की दोपहर बाद उसे सूचना दी कि उसके पिता काम करते समय बेहोश होकर गिर पड़े। उनकी तबीयत बिगड़ गई है। जानकारी होने पर पिता को देर शाम एंबुलेंस की मदद से सुमेरपुर कस्बे के सरकारी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में ग्राम प्रधान राजू निषाद ने बताया जानकारी मिली है कि उसकी घर में मौत हो गई है। कहा कि किसी के घर में मौत हो जाए तो मनरेगा से क्या लेना देना है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



इलेक्ट्रिक दुकान में रखे बिजली उपकरण। अमृत विचार

### औसतन 150 कूलर बिक रहे रोज

**भरुआ सुमेरपुर।** दशकों बाद पड़ रही भीषण गर्मी से बचने के लिए कस्बे का इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार चमक रहा है। प्रतिदिन कस्बे से औसतन 150 कूलर बिक रहा है। साथ ही एसी की डिमांड भी बढी है। मांग बढ़ने से बाजार में कूलर का अभाव हो गया है। कस्बे में छोटी बड़ी करीब डेढ़ दर्जन इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकानें है। दशकों बाद इस वर्ष प्रचंड गर्मी पड़ने से कूलर एसी की डिमांड अचानक बड़ी है। सभी दुकानों से औसतन डेढ़ सौ छोटे बड़े कूलर प्रतिदिन बिक रहे हैं। इस समय अभी तक इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में तीन करोड़ का कारोबार हुआ है। गर्मी के चलते मांग अधिक होने पर बाजार में माल का टोंटा हो गया है। कस्बे के दुकानदारों ने बताया कि बाजार से माल गायब होने के कारण ग्राहकों को वापस करना पड़ता है। वहीं दुकानदारों ने बताया कि पंखों की बिक्री थमी है। बारिश शुरू होने के बाद पंखों की डिमांड एक बार फिर होगी।

### हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के रघवा गांव निवासी अशोक कुमार (28) पुत्र लल्लू गांव से बाइक से कुरारा आने के लिए घर से निकला। तभी गांव के बाहर बाइक असन्तुलित होकर गड्ढे में गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर परिजन घायल को आनन फानन स्थानीय सीएचसी उपचार के लिए लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### नगर पंचायत अध्यक्ष को जान से मारने की धमकी

**कुरारा हमीरपुर।** नगर पंचायत अध्यक्ष को फोन पर अंतरराष्ट्रीय कॉल द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई। नगर पंचायत अध्यक्ष ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कस्बे की नगर पंचायत अध्यक्ष आशा रानी कबीर ने दी तहरीर में बताया कि मंगलवार की सुबह 10 बजे एक अंतरराष्ट्रीय कॉल उनके फोन नंबर पर आई। जिसमें कॉलर उनके व परिवार के बारे में जानकारी लेने लगा। वहीं उनके द्वारा कारण जानने व जानकारी न देने पर आरोपी परिवार को घर के अंदर जाकर जान से मारने की धमकी देने लगा। जिससे वह और उसका परिवार बुरी तरह से भयभीत हो गया है। साथ ही बताया कि उनके खिलाफ विपक्षियों द्वारा षड्यंत्र रचा जा रहा है। जिससे उनकी जान माल का खतरा है। पीड़ित नगर पंचायत अध्यक्ष की तहरीत पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक योगेश तिवारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### सिलेंडर में लगी आग पुलिस ने बुझाई

**कुरारा।** कस्बा के वार्ड नंबर चार के काशीराम कॉलोनी निवासी रामदेवी पत्नी स्व. कमलेश मंगलवार को सुबह 10 बजे किचन में आई तो सिलेंडर में आग लगी देखी। आनन फानन यूपी 112 पुलिस व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक योगेश तिवारी को सूचना दी। मौके पर पहुंचे एसएचओ व डायल 112 की टीम ने गैस सिलेंडर में लगी आग को बुझाया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक योगेश तिवारी ने बताया कि गृहस्वामी का कोई नुकसान नहीं हुआ है और आग बुझाने में काबू पा ली है।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग से निखरेगा बच्चों का भविष्य

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत जिले के युवाओं का भविष्य निखारने के लिए तैयारियां तेज हो गई है। इस योजना के लिए 15 जून तक आवेदन किए जा सकेंगे। एक जुलाई से कोचिंग शुरू हो जाएगी। शासन द्वारा सिविल, नीट जे.ई.ई, एनडीए, सीडीएस की नि:शुल्क कोचिंग प्रदान की जायेगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी रामशंकर पटेल ने बताया कि कोंचिग का संचालन राजकीय महिला महाविद्यालय हमीरपुर में हो रहा है। अभ्यर्थी विकास भवन में 15 जून तक फोटो और शैक्षणिक प्रमाण पत्रों 10वीं, 12वीं और स्नातक की मार्कशीट की छायाप्रति लाकर आवेदन कर सकते है। छात्र छात्राओं कोर्स कोऑर्डिनेटर अभिषेक तिवारी नंबर- 9044534742 व कार्यालय नंबर आशीष कुमार 6392035219 से संपर्क करें। अभ्यर्थी का चयन प्रवेश परीक्षा के माध्यम से जून माह में किया जाएगा।

### राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन करें

**हमीरपुर।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (PMRBP)-2025 के लिए योग्य अभ्यर्थियों के लिए संबंधित बेवसाइट https://awards.gov.in लाइव है। जिसके अंतर्गत जनपद स्तर से आवेदक उक्त पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकते है। उक्त पुरस्कार के लिए पात्र इच्छुक अभ्यर्थी संबंधित बेवसाइट https://awards.gov.in पर आवेदन कर सकते है। जनपद से इस पुरस्कार के लिए तीन योग्य अभ्यर्थियों को नामित किया जाना है।

### युवक ने लगाई फांसी

**राठ।** जरिया थाने के तुरना गांव निवासी 30 वर्षीय गंगाचरण पुत्र जगमोहन ने अज्ञात कारणों के चलते कमरे में रस्सी का फंदा लगाकर फांसी लगा ली। जब स्वजनों ने युवक को सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है।

# लू के थपेड़ों से बचाव के लिए जारी की गई एडवाइजरी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- दोपहर में 12 से तीन बजे तक घरों से बाहर न निकलें
- प्यास न लगने पर भी थोड़ी-थोड़ी देर में पानी पिएं

**अमृत विचार।** जनपद में लगातार बढ़ते तापमान के साथ गर्म हवा, लू का प्रकोप भी बढ़ा है। लू से जनहानि भी हो सकती है। इसके असर को कम करने के लिए और लू से होने वाली जनहानि की रोकथाम के लिए, जरूरी सावधानियां एवं बचाव में "क्या करें, क्या न करें" का जनपद स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना है।

लू प्रकोप एवं गर्म हवा लू से जनहानि भी हो सकती है। इसके असर को कम करने के लिए और लू से होने वाली मौत की रोकथाम के लिए सावधानियां बरतें। कड़ी धूप में बाहर न निकलें, खासकर दोपहर 12 से तीन बजे के बीच में। जितनी बार हो सके पानी पियें, प्यास न लगे तो भी पानी पियें। हल्के रंग के ढीले ढाले सूती कपड़े पहनें। धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी, छाता, धूप का चश्मा, जूते और चप्पल का इस्तेमाल करें। सफर में अपने साथ पानी रखें। शराब, चाय, कॉफी जैसे पेय पढ़ार्थों का इस्तेमाल न करें। यह शरीर को निर्जलित कर सकते हैं। अगर आपका काम बाहर का है तो टोपी, गमछा या छाते का इस्तेमाल जरूर करें और गीले कपड़े को अपने चेहरे, सिर और गर्दन पर रखें। अगर आपको अपनी तबीयत ठीक न लगे या चक्कर आए तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। घर में बना पेय पदार्थ जैसे लस्सी, नमक चीनी का घोल, नींबू पानी, छाछ, आम का पना, इत्यादि का सेवन करें। जानवरों को छांव में रखें और उन्हें खूब पानी पीने को दें। अपने घर को ठंडा रखें। पर्दा, शटर आदि का इस्तेमाल करें। रात में खिड़कियां खुली रखें। फैन, ढीले कपड़े का उपयोग करे।

### ------------- क्या न करें -------------

धूप में खड़े वाहनों में बच्चों एवं पालतू जानवरों को न छोड़े। खाना बनाते समय कमरे के खिड़की एवं दरवाजे खुले रखें, जिससे हवा का आना जाना बना रहे। नशीले पदार्थ, शराब तथा एल्कोहल के सेवन से बचें। उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से बचें। बासी भोजन न करें। खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एल्युमीनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढक कर रखें ताकि बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके। उन खिड़कियों व दरवाजों पर जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएं आती है, काले पर्दे लगाकर रखना चाहिए। स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को सुने और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सतर्क रहें। जहां तक संभव हो घर में ही रहें तथा सूर्य के संपर्क से बचें। सूर्य के ताप से बचने के लिए जहां तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहें। संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें। घर से बाहर अपने शरीर व सिर को कपड़े या टोपी से ढक कर रखें। आपात स्तिथि से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें।

### लू लगने से चरवाहे की मौत

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र में बढ़ते तापमान व लू के प्रकोप से जन जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया है। लोगों को लू से बचने के लिए सुबह 11 से दोपहर तीन बजे तक घरों में कैद होने को मजबूर होना पड़ रहा हैं। सड़कों पर सन्नाटा छा जाता है। थाना क्षेत्र के पतारा गांव निवासी जयकरन कबीर (55) पुत्र मैका सोमवार को बकरी लेकर खेतों की तरफ चराने के लिए गया था। जहां दोपहर करीब तीन बजे लू लगने से उसकी हालत खराब हो गई और खेत में ही उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुकेश प्रसाद ने बताया कि जयकरन की लू लगने से मौत हो गई है।

# छानी रोड पर सुबह से दोपहर तक लगा रहा भीषण जाम

संवाददाता, सुमेरपुर



छानी मार्ग में खड़ा क्षतिग्रस्त ट्रक।

**अमृत विचार।** छानी इंगोहटा मार्ग में दो ट्रकों के टकराने के बाद बालू से भरा एक ट्रक बीच सड़क में खराब हो गया। जिससे सुबह से दोपहर तक जाम रहा। खराब ट्रक को ठीक कराए जाने के बाद ही आवागमन बहाल हो सका। मंगलवार की सुबह छानी से दो ओवरलोड ट्रक इंगोहटा की ओर चले आ रहे थे।

तभी मवईजार में बरगदिया मोड़ के पास पीछे वाला ट्रक आगे वाले ट्रक से टकराकर बीच सड़क पर ही खराब हो गया। जिससे दो पहिया वाहनों के अलावा अन्य किसी वाहन नहीं निकल सके। जिससे जाम लग गया। देखते ही देखते बालू से भरे ट्रकों की सड़क पर लंबी लाइन लग गई। दोपहर में जब ट्रक का गुल्ला बदला गया। तब कहीं जाकर जाम खुल सका। कार्यवाही से बचने के लिए लोकेशनबाजों की सह पर छानी रोड से सैकड़ों की संख्या में बालू से ओवरलोड ट्रक प्रतिदिन गुजरते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अभी हाल में सड़क की मरम्मत हुई है। यदि यही हाल रहा तो सड़क फिर से ध्वस्त हो जायेगी जिसका खामियाजा क्षेत्र की जनता को भोगना पड़ेगा।

# मारपीट कर गाड़ी ले जाने का आरोप

**कुरारा (हमीरपुर)।** पतारा ग्राम पंचायत के मजरा क्योटरा निवासी ग्रामीण ने गाली गलौज व मारपीट कर गाड़ी छीन लेने की तहरीर थाने में दी है। क्योटरा निवासी बद्री प्रसाद पुत्र महेश्वरीदीन ने बताया कि गांव में सब्जी की बारी लगाए है। पिछले 23 मई को सुबह बारी से सब्जी बेचने पतारा गांव गया था। तभी पप्पू चौहान रास्ते में स्टैंड के पास मिला तथा गाली गलौज की। पीड़ित ने तहरीर में बताया कि उसकी गाड़ी जबरिया बुक कर जबलपुर मध्य प्रदेश ले गया। वहां उसका साला राघवेंद्र सिंह रहता है। वहां राघवेंद्र व उसके साथियों ने मारपीट कर दिया। जिससे उसकी याददाश्त चली गई थी। तब गांव में आकर इलाज कराया है। अब पप्पू चौहान धमकी दे रहे हैं कि कहीं शिकायत की तो जान से मार देंगे।

# मार्ग दुर्घटना में घायल युवक ने तोड़ा दम

संवाददाता, राठ हमीरपुर

- मारपीट कर केमिकल खिलाने का लगाया आरोप

**अमृत विचार।** दोस्त के साथ बाइक से दिल्ली जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। जरिया पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। वहीं स्वजनों ने मारपीट कर उसे केमिकल खिलाकर हत्या का आरोप लगाया है।

जरिया थाने के अतरौली गांव निवासी 19 वर्षीय नीरज श्रीवास पुत्र अरविंद कुमार 21 मई को दिल्ली से अपने दोस्त जीतेन्द्र के यहां ममना गांव आया था। 22 मई को वह दोस्त दीपक के साथ बाइक से दिल्ली जा रहा था। तभी मथुरा के पास वह सड़क हादसे का शिकार हो गया। जिसे आगरा के मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। सूचना पर पहुंचे स्वजन उसे मेडिकल कालेज ग्वालियर ले गए। मृतक के पिता ने बताया कि उसका पुत्र बिना जानकारी के ममना गांव आया था। वह दूसरे दिन अपने दोस्त के साथ बाइक से दिल्ली जा रहा था। आरोप लगाया कि उसके पुत्र के साथ मारपीट कर उसे केमिकल खिलाया गया है। हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कालेज ग्वालियर ले गए। बताया कि रुपए की किल्लत से उसका उपचार नहीं हो पा रहा था। जिसे घर ले आए थे। बताया कि सोमवार की देर रात करीब 12 बजे उसके पुत्र ने दम तोड़ दिया। मृतक घर का इकलौता चिराग था। दिल्ली में रहकर मजदूरी करता था। पुत्र की मौत पर मां दयावती व बहन बबली का रो रोकर बुरा हाल है।

**चुनाव** जिला बार संघ के विजयी पदाधिकारियों ने ली पद और गोपनीयता की शपथ

# भगवानदास अध्यक्ष व शैलेंद्र सचान बने महामंत्री



शपथ लेते नवनिर्वाचित अध्यक्ष भगवानदास दीक्षित। अमृत विचार



नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के साथ एल्डर्स कमेटी के सदस्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- विजयी प्रत्याशियों को साथी अधिवक्ताओं ने दी बधाई

**अमृत विचार।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद सहित चार पदों पर चुनाव संपन्न हुआ। देर रात तक हुई मतगणना के बाद अध्यक्ष पद पर भगवानदास दीक्षित व महामंत्री पद पर शैलेंद्र सचान विजयी रहे। मंगलवार को बार भवन सभागार में सभी चुनाव में जीते हुए पदाधिकारियों को एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन जयकरण सिंह की अध्यक्षता में चुनाव अधिकारियों ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

सोमवार को संपन्न हुए डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद सहित चार पदों पर मतदान संपन्न हुआ। मतदाता सूची में दर्ज 668 में कुल 569 अधिवक्ताओं ने मतदान किया। मतदान सुबह सात बजे से शुरू होकर तीन बजे तक चला। चार बजे से मतगणना शुरू की गई। 11 राउंड में हुई मतगणना में प्रत्याशी एक दूसरे को कड़ी टककर देते दिखाई दिए। अंत में अध्यक्ष पद पर भगवानदास दीक्षित ने अपने प्रतिद्वंदी महेंद्र प्रताप सिंह को पांच मतों से पराजित किया। भगवानदास दीक्षित को 226, महेंद्र प्रताप को 221 व वीरेंद्र यादव को 117 मत मिले। वहीं महामंत्री पद पर शैलेंद्र सचान ने शुरू से बढ़त बनाई और 206 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। शैलेंद्र को 404 व उनके प्रतिद्वंदी अश्विनी प्रजापति को 158 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद पर अमर जीत को 340 मत मिले। जबकि रामप्रताप को 211 मत मिले।

कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद सागर मिश्रा ने 56 मतों से सचेंद्र को हराया। जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर कमलेश धुरिया पहले ही निर्विरोध चुने जा चुके है। अधिवक्ताओं ने विजयी प्रत्याशियों को फूलमाला से लादकर बधाई। मंगलवार को सभी विजयी पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन जयकरण सिंह की अध्यक्षता में चुनाव अधिकारी देवी चरण मिश्र, अल्ताफ हुसैन व मथुरा प्रसाद द्विवेदी, महिपाल प्रजापति, देवसिंह यादव ने शपथ दिलाई। विजयी पदाधिकारी व कार्यकारिणी के सदस्यों को मथुरा प्रसाद द्विवेदी चुनाव अधिकारी ने माल्यार्पण किया। शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व महामंत्री देवी प्रसाद शुक्ला ने सभी जीते हुए पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद- राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 213 / न0 पा0 प0- राठ / म्यु0सू0 / 2024-25/ दिनांक 27/05/2024

सूचना प्रकाशन

नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक/आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये, जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सर्वेश कुमार पुत्र रामशंकर | श्री शिवदयाल पुत्र हरदयाल | सिकन्दरपुरा -1 | 01 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ- हमीरपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 214 / न0 पा0 प0- राठ / म्यु0सू0 / 2024-25/ दिनांक 27/05/2024

सूचना प्रकाशन

नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक/आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण/नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती हेमा पत्नी सर्वेश कुमार | श्री लक्ष्मनदास पुत्र ईश्वरदास | सिकन्दरपुरा -1 | 01 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ- हमीरपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 215 / न0 पा0 प0- राठ / म्यु0सू0 / 2024-25/ दिनांक 27/05/2024

सूचना प्रकाशन

नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण/नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती हेमा पत्नी सर्वेश कुमार | श्री लक्ष्मनदास पुत्र ईश्वरदास | सिकन्दरपुरा -1 | 01 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ- हमीरपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 212 / न0 पा0 प0- राठ / म्यु0सू0 / 2024-25/ दिनांक 27/05/2024

सूचना प्रकाशन

नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक/आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सुनील कुमार गुप्ता पुत्र चन्द्रप्रकाश गुप्ता | श्री आशीष कुमार पुत्र राजेश कुमार | सिकन्दरपुरा -2 | 04 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ- हमीरपुर

# ट्रक में पीछे से घुसा टेंपो, तीन महिलाओं की मौत

## ट्रक चालक के अचानक ब्रेक लगाने से हुआ हादसा, अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे सभी

संवाददाता,नरैनी (बांदा)

- दुर्घटना में मरने वाली तीनों महिलाएं एक ही परिवार की
- हादसे में नौ गंभीर घायल, सात मेडिकल कॉलेज रेफर

**अमृत विचार।** बबूल की कटान लाद कर जा रहे ट्रक चालक द्वारा अचानक ब्रेक लेते ही पीछे से आ रहा टेंपो ट्रक के पीछे घुस जाने से एक ही परिवार की तीन महिलाओं की मौत हो गई। जबकि हादसे में नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी से सात घायलों को रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के अंतर्गत धरमपुर थाना क्षेत्र के गांव अमरछी निवासी एक ही समुदाय के लोग अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए नसेनी गांव आ रहे थे। कोतवाली क्षेत्र के जमवारा गांव के नजदीक नहर बंबा कलीम बोरिंग के पास जमवारा सहित कई क्षेत्रों की बबूल कटान लाद कर नरैनी की तरफ आ रहे ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। पीछे से आ रही तेज रफ्तार टेंपो ट्रक के पीछे घुस गई। टेंपो सवार अमरछी निवासी समीना पत्नी महबूब (55), शिफा पुत्री महबूब (15), यूनुस (55) पुत्र यूनुस, नफीसा (45) पत्नी बाकर, नूर बीवी (30) पत्नी अकरम, वसीम का 7 वर्षीय पुत्र मुदस्सर, नवी खान का 42 वर्षीय पुत्र गौस मोहम्मद, हाजी मुस्तफा की 70 वर्षीय पत्नी मुन्नू बीबी, व इस्माइल की 45 वर्षीय पत्नी हाजरा गंभीर रूप से घायल हो गईं। सूचना पर कोतवाली प्रभारी सुरेश सैनी, कस्बा इंचार्ज अनिल सिंह, कालिंजर, करतल पुलिस मौके पर पहुंच गई। सभी घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया। यहां मुन्नू बीबी और हाजरा की मौत हो गई।

जबकि अन्य सात लोगों को रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज से गंभीर हालत में घायल नूर बीवी ,युनुस, नफीसा, गौस मोहम्मद को कानपुर रेफर कर दिया। परिजन उन्हे कानपुर लेकर जा रहे थे तभी रास्ते में नूर बीबी ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


सीएचसी में मौजूद परिजन। अमृत विचार

### 10 साल पहले गायब हो गया था पति

मृतक हाजरा के भतीजे तोसीब ने बताया कि इनके पति 10 साल पहले लापता हो गए थे। जिनका आजतक पता नही चला। दूसरो के यहा मजदूरी करके परिवार का खर्च चलाती थी इनके दो लड़के, पाच लड़किया है जिसमे तीन लड़कियां आखों से अंधी है। मृतक हाजरा कोतवाली क्षेत्र के नसेनी गांव में रिशेदार सख्खी पत्नी लतीफ की मिट्टी हो जाने पर शामिल होने जा रही थी तभी यह हादसा हो गया।

### आये दिन होती हैं दुर्घटनाएं

कस्बा के मुख्य चौराहे से दिन भर ओवरलोड वाहनों के निकलने का सिलसिला जारी रहता है। आटो गाड़ी में दर्जन भर से ऊपर की सवारिया लादकर ढोया जा रहा है। जिससे आए दिन दुर्घटना होती है। कस्बा के मुख्य चौराहे पर सैकड़ो अवैध डग्गामार वाहन दिन भर खड़े होकर सवारियो कों गड़ियो में भूसे की तरह लादकर ले जाते है। जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती है। लेकिन नगर प्रशासन द्वारा कोई भी दिलचस्पी नहीं दिखाई देती है।

### सीओ ने परिजनों से ली जानकारी

भीषण सड़क दुर्घटना में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टर दिनेश वर्मा, डाक्टर लवलेश सिंह पटेल, सहित स्टाफ ने सभी का प्राथमिक उपचार करने के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। अस्पताल परिसर में पुलिस क्षेत्राधिकारी अंबुजा त्रिवेदी ने पहुंचकर मृतक के परिजनों से पूछताछ कर घायलों का हाल जाना। मौके पर प्रभारी निरीक्षक सुरेश सैनी, क्राइम इंस्पेक्टर रामकिशोर सिंह, उपनिरीक्षक अनिल सिंह, गौरव मिश्रा, अकाश शुक्ला, रवि कुमार, सहित भारी फोर्स मौजूद रहा।

## गिट्टी लेने आए ट्रक चालक की हार्ट अटैक से गई जान

**महोबा।** पत्थर मंडी कबरई में गिट्टी भरने आए एक ट्रक चालक की हॉर्टअटैक से मौत हो गई पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है इस घटना से तमाम ट्रक चालक गमगीन दिखाई दिए।

जनपद हमीरपुर के कस्बा सुमेरपुर निवासी जय किशन 55 पुत्र मैया दिन प्रयोग मंगलवार को ट्रक लेकर पत्थर मंडी कबरई में गिट्टी लेने आया था जैसे ही वह कबरई पहुंचा तभी वह सीट पर टिक गया। उसके साथ मौजूद ट्रक के क्लीनर ने उसे काफी आवाज दी, लेकिन वह गुमसुम हो गया। उसने दूसरे ट्रक चालकों की मदद से उसे जिला अस्पताल महोबा पहुंचाया। जहां पर डॉक्टर ने इस मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना से मृतक के घर में गमगीन माहौल बना हुआ है। वहीं मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वही मोहल्ले के लोग ढांढस बंधाने पहुंच रहे हैं।

# रसोई गैस से सुरक्षा के लिए दी जानकारी

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- कॉलेज में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**अमृत विचार।** ब्रह्मानंद महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग में इंडेन गैस सर्विस गोहांड की ओर से सेफ्टी क्लिनिक कार्यक्रम के अंतर्गत रसोई गैस सुरक्षा विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डा. सुरेंद्र सिंह ने की। मुख्य अतिथि कृष्ण मोहन ठाकुर चीफ जनरल मैनेजर एवं प्राचार्य ने स्वामी ब्रह्मानंदजी महाराज की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

मुख्य अतिथि ने रसोई गैस सुरक्षा से संबंधित नियमों को विस्तार से जानकारी दी। कहा गैस हवा से भारी होती है। इसीलिए नीचे फैलती है। संतोष कुमार डिवीजन सेल्स हेड, रोहित असिस्टेंट मैनेजर एवं हर्ष लोधी ने डेमो के माध्यम से गैस सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी। बताया कि गैस सिलिंडर को सदैव सीधा खड़ा रखना चाहिए। गैस चूल्हे को सिलिंडर से कम से कम 15 सेमी की ऊंचाई पर कड़ी सतह पर रखना चाहिए। गैस सिलिंडर के अतिरिक्त किसी भी ज्वाला वाले इंस्ट्रूमेंट को जैसे स्टोव या दीपक आदि को रसोई में नहीं जलाना चाहिए। गैस स्टोव को ऑन करने से पहले माचिस की तीली को जला लेना चाहिए। घर से बाहर जाने पर एवं सोने से पहले रेगुलेटर को ऑफ कर देना चाहिए। यदि घर में गैस की गंध महसूस हो तो तत्काल इलेक्ट्रिक स्विच बंद कर देने चाहिए।

सिलिंडर से गैस लीक होने पर सिलिंडर कैप को लगा देना चाहिए और खुले में रख देना चाहिए। इसके बाद गैस डिस्ट्रीब्यूटर अथवा हेल्पलाइन नंबर 1906 पर फोन करना चाहिए। गोष्ठी के दौरान दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापक डा. राकेश शर्मा, डा. शीला सिंह, डा. कमलेश राजपूत, डॉ प्रियंका श्रीवास्तव, डा.शिल्पा सिंह, एवं पूजा कुमारी समेत अनेक छात्र छात्राएं उपस्थित रही। प्राचार्य डा. सुरेंद्र ने आभार व्यक्त कर किया।

## बीती रात मिले शव की हुई पहचान

**कालपी(जालौन)।** बीती रात को कालपी तहसील क्षेत्र के उसरगांव-सरसेला मार्ग में मिले 40 वर्षीय लावारिस शव की पुलिस के प्रयास से शिनाख्त हो। गई, ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह ने बताया कि शव की पहचान के लिए प्रयास चल रहे थे। मंगलवार को मृतक के पारिवारिक जनों ने शव की पहचान करते हुए जानकारी दी की अय्यूब पुत्र अनवार निवासी मोहल्ला भट्टीपुरा कालपी का रहने वाला है। परिजनों ने बताया कि अयूब अर्द्ध विक्षिप्त था, घर में नही रहता था, सड़क ,होटलों, तथा सार्वजनिक स्थलों में घूमा फिरता रहता था, वह चलते चलते या किसी वाहन से ऊसर गांव पहुंच गया होगा, और भीषण गर्मी की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई होगी। उसरगाव सरसेला रोड में युवक का शव बरामद हुआ था। जिसका पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# आफत : बिजली विभाग की लापरवाही से लोग बेहाल

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** बिजली विभाग की लापरवाही से सोमवार रात 11 बजे से अभी तक कस्बे के मराठीपुरा, मेहेरबाबा स्कूल से बगिया मोहल्ले लाइन फाल्ट है। जिसे तमाम बार कहने के बावजूद अभी तक ठीक नहीं की गई है।

ऐसी गर्मी में जहां पारा 47 डिग्री है, लोग गर्मी से बेहाल हैं। परन्तु 18 घंटे बीतने के बाद भी उपभोक्ता बिजली नहीं मिलने से बेहाल है। बिजली विभाग के कर्मचारी लगातार बहाने बना रहे हैं। किसी का सही जवाब नहीं मिल रहा है। शिकायतकर्ता महेंद्र, बुद्ध, संजय, पप्पू, विवेक आदि दर्जनों लोगों ने शिकायत की। जिसमें कहा है कि अधिशासी अभियंता को सुबह से फोन किया जा रहा है, परन्तु फोन नहीं उठा। बिजली विभाग एसडीओ पिछले सात वर्षों से यहां तैनात हैं इसका जनता के प्रति रवैया भी ठीक नहीं रहता यदि ऐसे अधिकारी एक ही स्थान पर अंगद की तरह पैर जमाये बैठे रहेंगे तो निश्चय ही जनता परेशान रहेगी। एक ओर जनता बिन बिजली के गर्मी में बेहाल है वहीं दूसरी ओर एसडीओ कनेक्शन काटकर लोगों में दबाव बना रहे हैं। बिजली न मिलने से इस क्षेत्र की जनता पानी को लेकर बेहाल है।




## व्यापारियों ने किसानों को पिलाया शर्बत

**राठ।** नवीन गल्ला मंडी में भीषण गर्मी को देखते हुए अनाज बेचने आए किसानों एवं मजदूरों को गल्ला व्यापारियों ने स्टाल लगाकर ठंडा शरबत व चना का वितरण किया।

इस समय नौ तपा का प्रकोप होने पर पूरे नगर क्षेत्र में गर्मी ने अपने सारे रिकार्ड तोड़ आमजन को खासा हलाकान कर रखा है। ऐसे में नगर की कृषि उतपादन मंडी समिति में अपना अनाज बेचने आए किसानों व काम करने मजदूरों का और भी बुरा हाल है। जिसको ध्यान में रखकर आज गल्ला मंडी के व्यापारियों ने स्टाल लगाकर किसानों को निशुल्क चना मसाला व ठंडा सरबत वितरित किया। इस दौरान गल्ला व्यापारी अरविन्द अनुरागी, धीरज पुरवार, अशोक गुप्ता (कुड़ार वाले) , रोहित साहू, मुकेश अनुरागी, करन सिंह यादव, बीरेंद्र गुप्ता बंगरा वाले आदि लोग मौजूद रहे।


यज्ञवेदी की परिक्रमा करते ग्रामीण। अमृत विचार


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

# भागवत कथा के श्रवण मात्र से मिलता है पुण्य

संवाददाता, पौथिया (हमीरपुर)

- महायज्ञ के पांचवें दिन भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

**अमृत विचार।** सुमेरपुर विकासखंड क्षेत्र के बड़ी आबादी वाले पौथिया गांव स्थित बाबा ध्यानी दास आश्रम में सात दिवसीय विष्णु महायज्ञ के पांचवें दिन श्रद्धालु बढ़ चढ़ कर सुबह-शाम पूजा अर्चना कर यज्ञ वेदी की परिक्रमा कर रहे हैं। साथ ही भागवत कथा का श्रवण करते हैं।

श्रीमद भागवत कथा के पांचवें दिन कथा वाचक अलका द्विवेदी ने कहा कि यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं। भागवत कथा का श्रवण करने से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। जीव में भक्ति और वैराग्य के ज्ञान उत्पन्न होते हैं। कहा कि यज्ञ से देवता संतुष्ट होते हैं और वर्षा अच्छी होती है। धरती तृप्त होकर उपज अच्छी देती है। पर्यावरण शुद्ध होता है।

इसलिए ज्ञय करने की प्राचीन परंपरा चली आ रही है। उन्होंने भागवत पुराण कथा के बारे में कहा कि इसके श्रवण से हमारे विचार सात्विक बनते हैं। भक्ति ज्ञान और वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं तथा भागवत के अनुरूप आचरण करने से हमारे पाप पुण्य में तब्दील हो जातें हैं। कथा के उपरांत जगदीश सचान मुनीम ने भागवताचार्य अलका द्विवेदी को पगड़ी पहनायी। वहीं कानपुर के कलाकारों द्वारा रात्रि में डीजे की धुन में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मनमोह लिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# छह महीने से केवीपी का नहीं हो रहा भुगतान

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** डाक अधीक्षक मंडल बांदा की हीलाहवाली के चलते कस्बे के सैकड़ों डाकघर से जुडे. उपभोक्ता पिछले 6 महीने से अपना भुगतान पाने के लिए भटक रहे हैं। आलम यह है कि राठ डाकघर से उपभोक्ताओं के किसान विकास पत्र के भुगतान के लिए जो फाइलें डाक अधीक्षक बांदा कार्यालय भेजी गईं उनका आज तक भुगतान नहीं हो सका है। जिससे उपभोक्ताओं में रोष पनप रहा है।

गौरतलब है कि उपभोक्ताओं ने अपनी छोटी छोटी बचत करके डाकघर राठ से किसान विकास पत्र पिछले कई साल पहले खरीदे थे। किसान विकास पत्र पूर्ण होने पर उपभोक्ताओं ने उनके भुगतान के लिए डाकघर में जमा कराया। बताया जाता है कि पिछले 6 महीने से डाक कर्मियों की लापरवाही और अधिकारियों की हीलाहवाली के चलते भुगतान की फाइलें लटकी हुईं हैं। जानकारी के अनुसार बताया गया है कि राठ डाकघर से करीब 75 फाइलें डाक अधीक्षक मंडल बांदा के आफिस में धूल खा रहीं हैं। जिनका भुगतान आज तक नहीं हो सका है। किसान विकास पत्र धारक कल्पना साहू, राकेश, मीना, संजय आदि ने बताया कि उन्होने करीब 3 महीने पहले किसान विकास पत्र को भुगतान के लिए डाकघर में जमा कर दिया था। बताया कि तीन माह गुजर जाने के बाद भी अब तक भुगतान नहीं हो सका हैं ।

## इटरा आश्रम में आग से 50 हजार की संपत्ति हुई खाक

**सुमेरपुर।** क्षेत्र के प्रसिद्ध इटरा आश्रम में हाईटेंशन लाइन का तार टूट जाने से आश्रम के नलकूप के पाइपों में आग लग जाने से पाइप पेड़ आदि जलकर नष्ट हो गए।

आग से करीब 50 हजार की संपत्ति का नुकसान हुआ है। मंगलवार को दोपहर इटरा के बजरंगबली आश्रम से गयी हाईटेंशन लाइन का तार टूट कर गिरने से नलकूप के पाइपों में आग लग गई। आग से करीब 50 हजार की संपत्ति के नुकसान का अनुमान है। सूचना पाकर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। वहीं वहां पर मौजूद लोगो का कहना है कि आये दिन इस तरह की घटनाये होती रहती हैं वहीं प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है ।

# सफाई कर्मी के न आने से लगा गंदगी का अंबार

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

- ग्राम पंचायत मुसमरिया का मामला, गांव में बढ़ती जा रही बीमारी की आशंका

**अमृत विचार।** तहसील कालपी के विकास खंड महेवा क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाली ग्राम पंचायत मुसमरिया में ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव की लापरवाही के चलते इस भीषण गर्मी में गांव के अंदर सफाई न होने से समूचा गांव गंदगी से पटा पड़ा है, जिसकी वजह से संक्रमण बीमारियों की चपेट में आते जा रहे है।

विकास खंड महेवा के ग्राम मुसमरिया निवासी ग्रामीण मनीष जादौन, राजकुमार, महेंद्र सहित दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि पूरे गांव में मात्र एक सफाई कर्मचारी रामहेत है वह भी ग्राम प्रधान डॉ. सुरेंद्र सिंह व ग्राम सचिव सतीशचंद्र की मिली भगत के चलते गांव की सफाई करने नहीं आता है। जिसकी वजह से पूरे गांव में इधर उधर गंदगी पड़ी हुई है तथा सफाई न होने के कारण गांव की नालियां गंदगी से बजबजा रही है जिनसे निकल रही बदबू से लोगों का जीना मुश्किल है।

इसके बाद भी ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव गांव की जनता की समस्या को हल कराने में मौन धारण किये हुए हैं। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से मांग उठाई है कि गांव की इस समस्या को हल करवाया जाये जिससे गांव में रहने वाले ग्रामीणों को गंदगी से छुटकारा मिल सके।

## बीएसएनएल कार्यालय का किया निरीक्षण

**जालौन।** बागबान सेवा समिति के अध्यक्ष अशफाक रायन ने बीएसएनल सेवा खराब रहने की शिकायत दर्ज कराई थी उनकी शिकायत पर टीडीएम एमके त्रिपाठी ने बीएसएनएल ऑफिस जाकर मशीनों का निरीक्षण किया उन्हें उक्त सरवर की समस्या के लिए बताया कि यहां कुछ मशीन पुरानी हो चुकी हैं उनके स्थान पर नई मशीन रखी जाएगी। इस दौरान एसडीओ दूर संचार विभाग बृजलाल ने बताया की बीएसएनल में धीरे-धीरे सर्वर की समस्याएं समाप्त होती जा रही हैं पहले बैटरी के चलन की व्यवस्था नहीं थी मशीन लाइट पर ही निर्भर थीं ,जिसके चलते समस्या बनी रहती थी अब हर जगह बैटरी की व्यवस्था कर सर्वर पर्याप्त दिए जा रहे हैं । इस दौरान शिकायतकर्ता अशफाक रायन भी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### चेयरमैन ने डीएम से की अवैध कटान रोकने की मांग

**सुमेरपुर।** चेयरमैन ने लकड़ी की वैध/अवैध कटान पर उंगली उठाते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कटान रोके जाने की मांग की है। कार्रवाई न होने पर उन्होंने आमरण अनशन की चेतावनी दी है। अवैध कटान के खिलाफ पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत ने आवाज बुलंद की है। इसी के बाद मंगलवार को कस्बे के चेयरमैन धीरेंद्र शिवहरे ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर वैध एवं अवैध कटान को तत्काल प्रभाव से रोके जाने की मांग उठाई है। उन्होंने ज्ञापन में स्पष्ट किया है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं होती है तो वह कलेक्ट्रेट में आमरण अनशन के साथ भूख हड़ताल करेंगे।


डीएम को ज्ञापन देते चेयरमैन। अमृत विचार

### युवक ने फांसी लगा कर जान देने का किया प्रयास

**बांदा।** मर्का थाना क्षेत्र के कुरेहा गांव निवासी शुभम (23) पुत्र जगजीवन मंगलवार की सुबह नशे की हालत में उत्पात मचा रहा था। घरवालो ने मना किया। इसी से नाराज होकर वह कमरे के अंदर घुस गया। रस्सी से फांसी लगा लिया। मौके पर पहुंचे घरवालो ने फंदा काट कर उसे नीचे उतार लिया।

### महिला ने खाया जहरीला पदार्थ , भर्ती

**बांदा।** पैलानी थाना क्षेत्र के लसड़ा गांव निवासी लक्ष्मी (45) पत्नी जगदीश ने सोमवार की रात घरेलू कलह से तंग आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालो को जानकारी हुई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**कमासिन।** थाना क्षेत्र के मुसीवां गांव में आशीष कुमार (18) पुत्र चंद्र किशोर कुशवाहा मंगलवार को दोपहर बिजली आने के बाद पंखा ठीक करने लगा। इसी बीच पंखे में करंट उतर आने से चपेट में आकर वह बुरी तरह से झुलस गया। परिजनों ने उसे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उपचार से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। परिजनों के मुताबिक मृतक जय दुर्गे इंटर कॉलेज वीरा में इंटरमीडिएट का छात्र था। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


जिला अस्पताल के महिला वार्ड में डायरिया के भर्ती मरीज। अमृत विचार

### डायरिया के मरीज बढ़े, अस्पताल हुए फुल

**उरई (जालौन)।** आज मंगलवार को गर्मी के तापमान ने रिकार्ड तोड़ दिया तथा गर्मी का पारा सबसे अधिक 48 डिग्री पर पहुंच गया। तेज तपन और भीषण गर्मी की वजह से बीमारियों ने भी पैर पसार लिए है। मंगलवार को डायरिया, उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या जिला अस्पताल में इतनी बढ़ गयी कि सारे वार्ड फुल हो गये हैं साथ ही भीषण तपन और गर्मी के कारण वार्डो में लगे पंखे और कूलर तक मरीजों को गर्म हवा फेंक रहे हैं, जिससे भर्ती महिला मरीजों के सामने विकट समस्या खड़ी हो गयी तो दूसरी ओर अस्पताल परिसर में लगे वाटर कूलर भी 48 डिग्री पारा पहुंचने की वजह से गर्म पानी दे रहे हैं।

**जेठ माह का पहला मंगल** | स्टेशन चौराहे पर स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में हुआ विशाल भंडारा

# भीषण गर्मी पर भारी पड़ी आस्था

संवाददाता कालपी जालौन

**अमृत विचार ।** नगर के स्टेशन चौराहे पर स्थित संकट हुनमान मन्दिर में जेठ माह के प्रथम मंगलवार को भीषण गर्मी के बाद भी आस्थावानों ने पूजा अर्चना के बाद कढ़ी चावल का भोग हनुमान जी महाराज को लगाने के बाद भंडारा शुरू किया गया तथा सैकडों की सख्यां में महिलाओ,पुरूष व बच्चों ने प्रसाद चखा।

आपको बता दे कि विगत कई वर्षो से यहां ज्येष्ठ माह के प्रत्येक मंगलवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया जाता है। आस्थावानों का जुनून ऐसा कि आग उगलती गर्मी का कोई फर्क नहीं देखने को मिला। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संभ्रातजन व समाजसेवियों ने प्रसाद वितरण करने में सहयोग किया व राहगीरों से प्रसाद लेकर पीने के पानी का आग्रह किया। वर्षो से आस्था का केंद्र रहे इस मंदिर पर भक्तजनों का ताता लगा रहा।

इस अवसर पर मुख्य रूप से शरद शुक्ला,सौरभ गुप्ता,हरिश्चन्द्र दीक्षित,ज्ञानेन्द्र मिश्रा,एसपी महेवा,हर्षित सोनी उर्फ छोटू,राम,अभय,ओम गुप्ता,आदित्य नगाइच,अंकित गुप्ता,सीताराम हलवाई,अनमोल,शोमिल गुप्ता,अमित यादव,विदित शुक्ला,सुमित राठौर,गोलू निषाद,रवि सोनी समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे। वहीं नगर के छगें आश्रम हनुमान मन्दिर में आचार्य मनीष महाराज की देखरेख में पूजन-अर्चन के बाद लोगों को लस्सी वितरित की गयी।


भंडारे में मौजूद आयोजक। अमृत विचार

### श्री राम महायज्ञ में रामलीला की शुरुआत

**माधौगढ़ जालौन।** ग्राम पंचायत चितौरा चितौरी के संकट मोचन आश्रम पर 23 मई से चल रहे श्री राम महायज्ञ में भगवताचार्य राघव दास पाठक, यज्ञ आचार्य पंडित सुबोध मिश्रा शास्त्री चितौरा वाले, नीलम सिंह पत्नी रिपुसूदन सिंह, निर्मल सिंह पत्नी शत्रुघ्न सिंह ने श्री विष्णु महायज्ञ में राम लीला का आज फीता काट कर उद्घाटन किया। नगर माधौगढ़ के प्रमुख व्यापारी एवं भाजपा नेता अंकित कस्तवार, मंडल अध्यक्ष बंगरा भरत भदौरिया ,विधानसभा संयोजक अमित बादल ,बड़े भाई राजू हरौली एवं छोटे भाई मोहित दोहरे मौजूद रहे। श्री संकट मोचन आश्रम के महंत ने बताया कि चल रहे श्री राम महा यज्ञ का आयोजन 29 मई दिन बुधवार तक होगा और विशाल भंडारा 30 मई दिन गुरुवार को होगा।

# पालिका सड़कों पर पानी का छिड़काव कराएगी

संवाददाता कालपी(जालौन)

- भीषण गर्मी से निजात दिलाने का होगा प्रयास
- 32 ओवरहेड टैंकों से होगी पानी की उपलब्धता

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी के मौसम में लोगों को राहत पहुंचाने के लिए नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अरविंद यादव तथा अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला द्वारा लगातार प्रबंध किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी में लोगों को राहत पहुंचाने के लिए पालिककर्मी तत्परता से जुटे हुये है।

नगर पालिका कार्यालय में जानकारी देते हुए पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव ने बताया कि बाजार, भीड़भाड़ वाले इलाकों तथा कॉर्मशियल क्षेत्र में पालिका के टैंकरों से पानी का छिड़काव किया जाएगा। ताकि जमीन में तरावट एवं नमी बनी रहे। नवतपा होने की वजह से लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। पानी का छिड़काव हो जाने से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि नगरीय क्षेत्र के अलग-अलग मोहल्लों तथा सार्वजनिक स्थानों में ओवरहेड टैंक सहित पानी की 32 टंकियां संचालित हो रही हैं।

कर्मचारियों शिशुपाल सिंह यादव, सरफराज खान को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि नगर में लगातार भ्रमणशील रहकर पानी की समस्या पर विशेष ध्यान दें। इस मौके पर सभासद इकबाल हुसैन के अलावा अन्य सभासद व कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### अधेड़ महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जालौन। अधेड़ महिला ने अज्ञात कारणों के चलते लगाई फांसी लगाकर जान दे दी। मौके पर पुलिस ने मृतका का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लहचूरा में पूरन साहू की 50 वर्षीय पत्नी सुनीता ने मंगलवार को दोपहर में घर के अंदर आत्महत्या कर ली मृतका के पति ने भी कुछ वर्ष पूर्व फांसी लगाकर जान दी थी।

### ई-रिक्शा चालक ने बाइक में मारी टक्कर

जालौन। मोहल्ला नारो भास्कर निवासी दिलीप कुमार ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि वह अपनी बाइक से घर जा रहा था जब वह पानी की टंकी के पास पहुंचा तो ई रिक्शा चालक कृष्ण कुमार मोहल्ला चुर्खी वाल ने पीछे से आकर उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गिर पड़ा जब उसने इस बात का ई रिक्शा चालक को उलाहना दिया तो वह गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। पुलिस का कहना है जांच के बाद कार्रवाई होगी।

# बिजली की आवाजाही से लोग हुए हलकान

## लो वोल्टेज की समस्या से परेशान लोगों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, हालात न सुधरने पर दी आंदोलन की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** बिजली की आवाजाही व लो वोल्टेज की समस्या से नगर के लोग परेशान हैं। हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर बिजली की समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

इस समय भीषण गर्मी का मौसम चल रहा है। गर्मी के मौसम के बिजली की मांग भी बढ़ जाती है। लेकिन इस गर्मी के मौसम में नगर को सरकार द्वारा घोषित रोस्टर के अनुसार बिजली की आपूर्ति नहीं पा रही है। कई बार घंटों की कटौती हो जाती है तो दिन में कई बार फाल्ट आदि की समस्या के चलते बिजली चली जाती है। इतना ही नहीं नगर के कई मोहल्लों में लो वोल्टेज की समस्या भी है। बिजली



ट्रांसफार्मर की मरम्मत करते कर्मचारी।

की आंख मिचौली और लो वोल्टेज की समस्या से नगर के लोग परेशान हैं। ऐसे में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत सहसंयोजक सोशल मीडिया सत्यम याज्ञिक, विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष अनुराग तिवारी व बजरंग दल के नगर संयोजक मानवेंद्र परिहार आदि ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर बताया कि बिजली की आवाजाही व लो वोल्टेज की समस्या से नगर के लोगों को न तो दिन में चैन मिल रहा है और न ही रात में सुकून मिल पा रहा है।

नगर में बिजली व्यवस्था के सुधार के लिए प्रयास किए जाने चाहिए और लगातार हो रही बिजली की आवाजाही व लो वोल्टेज की समस्या को भी रोका जाए। ताकि इस गर्मी के मौसम में नगर के लोगों को परेशान न होना पड़ेगा। अन्यथा की स्थिति में उन्होंने बिजली विभाग के खिलाफ आंदोलन की भी बात कही।

### भीषण गर्मी में खराब हो रहे ट्रांसफार्मरों की हो रही मरम्मत

कालपी (जालौन)। भीषण गर्मी में बिजली ओवरलोड होने की परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए उपखंड अधिकारी आदर्श राज के निर्देशन पर विभागीय कर्मचारियों के द्वारा नगर के अलग-अलग स्थानों में स्थापित ट्रांसफार्मरों की मरम्मत की गई हैं। अवर अभियंता जितेंद्र कुमार सिंह के साथ विभागीय लाईनमैनों ने नगरीय क्षेत्र कालपी के आर्य कन्या पाठशाला तिराहे, पुरानी बर्फ फैक्ट्री रामगंज, हिंदी भवन, कार्डबोर्ड फैक्ट्री, राजघाट आदि मोहल्ले में स्थापित विद्युत ट्रांसफार्मरों के फ्यूज बदले, खराब कंडेशनरों को ठीक किया तथा केबिल की भी मरम्मत की। विभागीय लाइनमैनों रिंकू पोरवाल, दिलीप कुमार, फहमीद खान, अजय कुमार निगम आदि के द्वारा विद्युत पोलों के इंसुलेटर, डिक्स, तारों को घूम-घूमकर चेक किया गया जहां कमियां पाए गई उन्हें दुरुस्त किया गया। बढ़ते ओवरलोड से विद्युत सप्लाई बार-बार प्रभावित हो रही है। भीषण गर्मी के कारण बढ़ते ओवरलोड को लेकर विभागीय अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को सचेत करते हुए बताया कि अपने घरों में सभी विद्युत उपकरण एक साथ ना चलाएं। पानी की मोटर, प्रेस, वाशिंग मशीन को सुबह 5 से 11 तक ना चलाएं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार शाम को 6 से 11 तक फ्रिज को बंद रखें शाम को 6 से 11 तक अपने घरों में लगे एसी को लगातार ना चलायें, आधा-आधा घंटे के अंतराल में चलाएं। उपखंड अधिकारी ने बताया कि भीषण गर्मी की वजह से बिजली की खपत बढ़ गई है, जिस कारण ओवरलोड की समस्या सामने आ रही है।



रेल यात्रियों को शर्बत पिलाते रेलवे सुरक्षाबल के कर्मी। अमृत विचार

# रेलवे सुरक्षा बल ने यात्रियों को पिलाया ठंडा-ठंडा शर्बत

कार्यालय संवाददाता उरई,जालौन

**अमृत विचार।** मानव सेवा के लिए रेलवे सुरक्षा बल आगे आया और मंगलवार को प्लेटफार्म नंबर एक पर झांसी कानपुर की ओर आने-जाने वाले यात्रियों को शीतल शरबत पिलाया और इस रेल मार्ग से गुजरने वाली पैसेंजर ट्रेनों में ग्वालियर बरौनी बरौनी ग्वालियर राप्तीसागर गोरखपुर मुंबई समर स्पेशल गोरखपुर पुणे समर स्पेशल में बैठे यात्रियों को भी जाकर शीतल शर्बत पिलाया यात्रा करने वाले यात्रियों ने इस नेक काम के लिए सुरक्षा बल के जवानों को दुआएं दीं।

छोटे बच्चों से लेकर दिव्यांग महिलाओं और बुजुर्गों को के पास जाकर उन्हें ठंडा शर्बत पिलाया। शर्बत पिलाने वाली टीम में इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार यादव, सब इंस्पेक्टर डीपी सिंह, बीके पाल, शिवकुमार शर्मा, रूदल साहनी आदि मौजूद रहे।

# अब प्रत्याशियों की हार-जीत की चर्चा हुई तेज

संवाददाता माधौगढ़ उरई

**अमृत विचार।** माधौगढ़ के कस्बा में चाय की दुकानों पर चौराहों व अन्य जगह ग्रामीण अपनी पसंद के प्रत्याशी के पक्ष में चर्चा कर रहे हैं।

राम दिवाकर, रूपनारायण व अभिलाख नेता ने बताया कि 2024 लोकसभा सामान्य निर्वाचन में बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी सुरेश चंद्र गौतम भारी मतों से जीत रहे उन्होंने बताया कि 4 तारीख को वोट खुलने के बाद ही पता चलेगा की बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी सुरेश चंद्र गौतम कम से कम 1 लाख मतों से विजई होंगे वहीं पर बैठे भारतीय जनता पार्टी के सतपाल कुशवाहा, अंकित कस्बार ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भानु प्रताप सिंह वर्मा विजई होंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनेगी वहीं पर मौजूद इंडिया गठबंधन के सदस्य प्रताप यादव, बाबूराम मेंबर नगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी, विक्रम यादव, नुनायचा ने बताया कि इस बार इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी नारायण दास अहिरवार के पक्ष में भारी मतदान हुआ है।



चुनावी चर्चा करते लोग। अमृत विचार

- चाय की दुकानों और अन्य जगहों पर अपने-अपने प्रत्याशी की जीत के दावे कर रहे समर्थक

इस बार इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी इस समय चर्चाओं का बाजार गर्म है सभी वोटर अपने-अपने प्रत्याशी को जिताने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे जबकि माधौगढ़ कस्बा में ही नहीं क्षेत्र के अनेक ग्रामों में कयास लगाए जा रहे हैं की जिस हिसाब से मतदाताओं ने महंगाई बेरोजगारी के आधार पर वोट दिया है तो उनका मानना है कि आपकी बार इंडिया गठबंधन की सरकार बनना लगभग तय हैं जब की 4 जून को वोट खुलेंगे इसके बाद ही हकीकत सामने आएगी कौन प्रत्याशी जीत रहा है और कोन नहीं जीत रहा है लेकिन अटकलो के बाजार गर्म है सभी अपने-अपने प्रत्याशी को जिताने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे।

# नामजद अधिवक्ता बहन व मां ने थाने में खाईं नशीली गोलियां

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

- दो पत्नियां होने के बाद तीसरी शादी के प्रयास का मामला
- तीसरी शादी रुकवाने की कार्रवाई में पुलिस और अधिवक्ता आमने-सामने

**अमृत विचार।** मालूम रहे कि एट थाने में एट निवासी जितेंद्र की पिछली दो पत्नियों ने पति जितेंद्र द्वारा तीसरी शादी करने की सूचना देते हुए शादी रुकवाने की मांग की थी, पुलिस ने उरई पहुंच कर जीतेंद्र की शादी रुकवा दी। वहीं पहली पत्नी विनीता पत्नी जितेंद्र ने आरोप लगाया कि जीतेंद्र दूसरी पत्नी पूजा के साथ रहने लगा और मुझे दहेज के लिये उत्पीड़ित करते हुए मारपीट कर घर से निकाल दिया। विनीता ने 26 मई 24 को तहरीर देते हुए पति जितेंद्र गौतम, ननद सुमन, दूसरी ननद रिंकी, सास रूपा देवी तथा तुलाराम नाम पता अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी गई थी।

तहरीर के आधार पर थाना एट में मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मुकदमे में तीसरी शादी करने जा रहे जितेंद्र गौतम के साथ अधिवक्ता बहन सुमन की नाम दर्ज होने को लेकर अधिवक्ताओं द्वारा



कार्य बहिष्कार करने के बाद नारेबाजी करते अधिवक्ता। अमृत विचार

एतराज जताया गया, जिस पर एसपी इरज रजा द्वारा क्षेत्राधिकारी कोंच को जांच दी गई थी, जांच के आरोप सही पाए गए, अपनी नाम दर्जगी हटवाने के लिए अधिवक्ता सुमन द्वारा पुलिस पर दबाव बनाने के लिए पुलिस पर अनर्गल आरोप लगाने की बात को सीओ ने अपनी जांच में इंगित किया है। क्षेत्राधिकारी कोंच द्वारा जांच की गयी तो तथ्य इस प्रकार पाये गये कि महिला अधिवक्ता सुमन 24.05.2024 अपने भाई जितेन्द्र की तीसरी शादी करवाने जा रही थी जिसमें पहली दोनों पत्नियों द्वारा विरोध कर शादी को रुकवा दिया गया तथा दिनांक 26.05.2024 को वादिया विनीता द्वारा दहेज उत्पीड़न व मारपीटकर घर से निकालने का मुकदमा पति जितेन्द्र कुमार, ननद सुमन, ननद रिंकी, सास रूपादेवी और तुलाराम के विरुद्ध दर्ज कराया गया था।

दिनांक 27.05.2024 को थाना एट पुलिस द्वारा आरोपी जितेन्द्र कुमार उपरोक्त को पूछताछ हेतु थाने लाया गया था।

आरोपी जितेन्द्र कुमार की बहन सुमन, जो कि पेशे से अधिवक्ता हैं व माता रूपा देवी के द्वारा थाना एट पर आकर पुलिस पर दबाव डालना व उतावलेपन में अपने साथ घर से लायी गई नशीली टेबलेट की सात गोली एक साथ खा लेने के सम्बन्ध में वादिनी नेहा देवी थाना एट जनपद जालौन द्वारा सुमन, रूपादेवी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया गया।

सुमन देवी के पिता स्व. कमलेश बाबू पुलिस विभाग में फालोवर के पद पर कार्यरत थे, उनके निधन के उपरान्त सुमन देवी उपरोक्त पद पर पुलिस विभाग में सरकारी नौकरी के लिए चयन प्रक्रिया विचाराधीन है। आरोपी सुमन देवी व उनकी मां रूपा देवी पर पंजीकृत मुकदमा से अपने नाम हटवाने को लेकर पुलिस पर दबाव बनाने के उद्देश्य से इस प्रकार का कृत्य किया गया तथा भ्रामक व तथ्यहीन सूचनाएं प्रसारित कर असत्य व मनगढ़ंत आरोप लगाये जा रहे हैं। जांच में महिला द्वारा लगाये गये आरोप निराधार व असत्य पाये गये हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी ने कहा कि अधिवक्ताओं की शिकायत पर इस प्रकरण की सीओ कोंच से जांच कराई गई, जिसमे वादीया द्वारा लगाए गए आरोप सही पाए गए हैं।

### अधिवक्ताओं ने किया विधिक कार्य का बहिष्कार

साथी अधिवक्ता सुमन गौतम के साथ पुलिस बदसलूकी को लेकर अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार किया जिला बार संघ के आह्वान पर कोंच तहसील के अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया। एट थाना प्रभारी पर महिला अधिवक्ता का उत्पीड़न व दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए अधिवक्ताओं ने पुलिस के खिलाफ नारे बाजी कर अधिवक्ताओं ने डीएम के नाम एसडीएम कोंच को ज्ञापन देकर अविलंब कार्रवाई करने की मांग की है।



शोक सभा करते पालिकाध्यक्ष तथा ईओ व अन्य। अमृत विचार

# पूर्व सभासद के निधन पर पालिका में शोक

**कालपी जालौन।** मंगलवार को नगरपालिका कालपी की वार्ड नम्बर 3 हरीगंज की पूर्व महिला सभासद रामकुमारी का देहान्त हो गया।

इसको लेकर पालिका के सभागार में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला की मौजूदगी में पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित सभासदों, कर्मचारियों तथा गणमान्य नागरिकों ने दो मिनट का मौन धारण करके मृतक पूर्व महिला सभासद की आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन धारण करके शोक जताया। राजस्व निरीक्षक राम भवन सिंह, इकाउंटेंट हर भूषण सिंह चौहान, प्रियांशु द्विवेदी, रमेश सिंह यादव, शिशुपाल सिंह, सरफराज बाबा, सभासद गण राजू शेख, इकबाल सलीम अंसारी आदि ने रामकुमारी द्वारा कराए गए विकास कार्यों पर चर्चा की।

# नगर पालिका ने शुरू कराई नालों की सफाई

**जालौन।** नगर के 25 वार्डों में बने छोटे बड़े कुल मिलाकर 13 नाले हैं जिसमें नगर पालिका परिषद द्वारा सफाई के लिए 20 कर्मचारी तथा दो जेसीबी मशीनों से काम शुरू कर दिया गया जिसमें अभी तक पांच नालों में सफाई शुरू हो चुकी है।

नगर की आबादी करीब सवा लाख के लगभग है जिसमें छोटे बड़े मिलाकर कुल 13 नाले हैं वहीं नगर पालिका परिषद के सफाई निरीक्षक देवेंद्र सिंह ने बताया कि हर वर्ष की तरह उनके पालिका में टेंडर प्रक्रिया नहीं होती इनका पालिका स्वयं के खर्चे पर नगर के नालों की सफाई करती है। जिसमें अभी तक पांच नाले साफ हो चुके हैं बचे नाले 15 जून तक सफाई कर कार्य पूरा हो जाएगा।

# तीन जगहों पर लगी आग, बड़ा हादसा टला

संवाददाता कालपी(जालौन)

**अमृत विचार।** मंगलवार को कालपी तहसील क्षेत्र में तीन अलग-अलग स्थानों में अग्निकांड की घटनाएं हो गई। मौके पर पहुंचे कर्मचारियों को आग बुझाने में मशक्कत करनी पड़ी।

अग्निशमन अधिकारी एमपी वाजपेई ने बताया कि ग्राम चमारी के वन क्षेत्र में आग लगने की सूचना पर विभाग की टीम दमकल वाहन लेकर मौके पर पहुंच गई तथा आग पर नियंत्रण कर लिया। इसी तरह ग्राम आटा हाईवे किनारे स्थित रामदत के गैस गोदाम की बाउंड्रीवॉल के अंदर आग सुलगने लगी। सूचना मिलने पर अग्निशमन वाहन लेकर दमकल विभाग मौके पर पहुंचे तथा आग



आग बुझाते कर्मचारी। अमृत विचार

बुझाने में कामयाबी हासिल कर ली। दरअसल अग्निशमन विभाग का वाहन नजदीक था। इसलिये तत्परता से आग बुझाने की कार्यवाही हो गई।

वहीं कदौरा विकासखंड के ग्राम चतेला में किसानों ने पराली जला दी। पराली से धीरे-धीरे आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग धीरे-धीरे एक निजी नलकूप की ओर पहुंचने लगी। सूचना मिलने पर अग्निशमन केंद्र कालपी से वाहन के साथ मौके पर पहुंचे कर्मचारियों ने पानी का छिड़काव कर के आग बुझाने में कामयाबी हासिल की। नियंत्रण करने में अगर देर हो जाती तो भारी नुकसान हो सकता था।

# संदिग्ध परिस्थितियों में हुई युवक की मौत, हड़कंप

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** कैलीया थाना क्षेत्र के बरोदा कला गांव निवासी सत्यम दोस्तों के साथ खेत में लगे ट्यूबवेल में दोस्तों के साथ पार्टी मनाने गया था, जहां अभी साथियों ने खाया पीया और कोल्ड ड्रिंक पी, इसके बाद सत्यम अचानक जमीन में गिर कर बेहोश हो गया, दोस्तों ने सत्यम के घर वालों को जानकारी दी।

मौके पर पहुंचे परिजन उसे आनन फानन में अस्पताल ले गए, जहां पर डॉक्टरों ने सत्यम को मृत घोषित कर दिया, परिजनों ने थाना कैलिया में तहरीर दी है ओर दोस्तों द्वारा कोल्ड ड्रिंक में जहर पिलाने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष कैलिया ने बताया की शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद उसी के अनुसार कार्रवाई की जायेगी।



रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

सफलता | परिवार परामर्श टीम के सहयोग से पति-पत्नी के मध्य कराया गया समझौता, हंसी खुशी घर के लिये विदा हुए दंपति

# छह जोड़े फिर से एक दूसरे के साथ रहने को हुए राजी

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** महिला परिवार परामर्श केन्द्र की टीम में उपनिरीक्षक पूनम यादव प्रभारी महिला परिवार परामर्श केन्द्र, महिला कांस्टेबल प्रियंका श्रीवास्तव, महिला कांस्टेबल उर्मिला देवी, नसीम खां, अरविन्द दीक्षित, विनोद पाठक, भानूप्रकाश लाक्षाकार, अंजु शर्मा, रानी, राजेश कुमार शर्मा ने महिला परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा द्वारा वैचारिक मतभेद की वजह से टूटने वाले परिवार के विवादों को निरन्तर सुना जा रहा है इन विवादों में महिला पुलिस अधिकारी व अन्य नामित सदस्यों द्वारा पति-पत्नी एवं अन्य परिजनो के मध्य उपजे विवाद में उनकी काउंसलिगं कर समझा बुझा कर बिखरने से बचाया।

इनमें प्रगति पटेल पत्नी बलभद्र उर्फ कृष्ण कुमार निवासी ग्राम अंडा कोतवाली कोंच, बिटौली पत्नी मन्सुख निवासी ग्राम चिरगुवा थाना चुर्खी का (पति-पत्नी विवाद) समझौता कराया गया जबकि आरती पत्नी सिद्धान्त निवासी खिरग पट्टी भट्टा थाना सदर बाजर जनपद झांसी का (पति-पत्नी विवाद) का समझौता, जयन्ती देवी पत्नी सुमित निवासी ग्राम बैना थाना राजपुर जनपद कानपुर देहात का (पति-पत्नी विवाद) का समझौता कराया गया, सबीना पत्नी मो. जाहिद निवासी मोहल्ला तिलक नगर कोतवाली उरई (पति-पत्नी विवाद) समझौता कराया गया। इसी तरह आशा देवी पत्नी मनोज निवासी ग्राम हुनमान गढ़ी का विवाद समझौता परिवार परामर्श केन्द्र पर करवाया गया।



परिवार परामर्श केन्द्र में मामलों को निपटाते टीम के सदस्य। अमृत विचार



कर्मियों की बैठक लेते सचिव। अमृत विचार

### पक्षकारों की निजता बनाये रखने की दी सलाह

उरई (जालौन)। मध्यस्थता एवं सुलह-समझौता केन्द्र के कार्य में गतिशीलता लाये जाने एवं सफल मध्यस्थता का प्रतिशत बढ़ाये जाने के उद्देश्य से सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजीव सरन ने मध्यस्थों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में मध्यस्थता एवं सुलह-समझौता केन्द्र में नये तरह के आ रहे फौजदारी एवं सिविल वादों में मध्यस्थता कराये जाने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया तथा वैवाहिक व पारिवारिक विवादों की पृष्ठभूमि और पक्षकारों की मंशा को समझने के लिये मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाये जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। पक्षकारों की निजता बनाये रखने एवं सुलह-समझौता केन्द्र में घरेलू वातावरण बनाने की बात की गयी। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजीव सरन द्वारा समस्त मध्यस्थों को निर्देशित किया गया कि वह भविष्य में और प्रभावी एवं परिणामोन्मुखी मध्यस्थता करायें, ताकि कुछ मामले ऐसे है, जिनमें मध्यस्थता प्रारम्भ नहीं हो सकी। इसका कारण पूछने पर मध्यस्थों ने बताया कि पक्षकारों की उपस्थिति अत्यन्त कम है। इस संबंध में यह पाया गया कि मध्यस्थों द्वारा ''उत्तर प्रदेश सिविल प्रक्रिया मध्यस्थता नियमावली, 2009'' की अनुसूची-4 का पालन नहीं किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में सभी मध्यस्थगण से अपेक्षा की गयी कि अनुपस्थित पक्षकार की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु मध्यस्थगण पक्षकार को नोटिस तैयार कर सूचित करेंगे। सभी मध्यस्थों ने अनुपालन सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। उपस्थित मध्यस्थगण को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत तथा प्री-लिटिगेशन के प्रकरणों में भी सहयोग देने हेतु प्रेरित किया गया। बैठक में मीडियेटर्स विनोद प्रकाश व्यास, सुलेखा सिंह एवं राजकुमारी निषाद उपस्थित रहे।

### विधिक साक्षरता शिविर 31 मई को

उरई (जालौन)। सचिव/तहसीलदार तहसील विधिक सेवा समिति उरई ने विधिक साक्षरता शिविर/जागरुकता कार्यक्रम 31 मई 2024 के आयोजन के सम्बंध में बताया कि सचिव/ सिविल जज (सीडि) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पत्र 30 मई 2024 के द्वारा माह अप्रैल, 2024 में विधिक सेवा कार्यक्रम/विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन 31 मई 2024 को ग्राम मिनौरा कालपी के पंचायत भवन मिनौरा कालपी में तम्बाकू निषेध दिवस नि:शुल्क विधिक सेवाये व समाज कल्याण योजनायें/ एल्कोहल धूम्रपान एवं तम्बाकू सेवन से उत्पन्न रोगों की रोकथाम कार्यक्रम हेतु अपरान्ह चार बजे निर्धारित किया गया है, जिसमें टीम लीडर महेश सिंह परिहार, पीएलवी नामित किये गये हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि MOBEEN AHMAD S/O ABDUL SAKOOR निवासी सिकंदरपुर परसरामपुर बस्ती का रहने वाला हूँ। अब मैंने अपना नाम बदल कर ABDUL MOOBIN रख लिया है। अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

पंजीकृत फर्म में0 लकी ट्रेडर्स विवेक नगर सुलतानपुर की साझेदारी में श्री दया नारायण सिंह पुत्र स्व0 श्री शीतला बक्श सिंह निवासी ग्राम सदरपुर तहसील लम्भुआ जिला सुलतानपुर की मृत्यु दिनांक 02-04-2022 को हो गयी। इनको फर्म से पृथक करते हुए नया साझीदार सौरभ सिंह पुत्र श्री राम बहादुर सिंह निवासी विवेक नगर सुलतानपुर को शामिल किया गया है। **राम बहादुर सिंह, साझीदार, में0 लकी ट्रेडर्स, विवेक नगर सुलतानपुर।**

**सूचना**

यह कि मेरे पुत्र सहीद का चाल चलन सही न होने कारण उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबध विच्छेद कर लिए हैं। उसके द्वारा किए गए किसी कार्य की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **नसीर पुत्र मैकू, निवासी खानपुर, थाना ठठिया, जनपद-कन्नौज**

**सूचना**

मैंने अपना नाम MOHAMMAD SAIF से बदलकर MOHAMMAD SAIF KHAN रख लिया है। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O MOHAMMAD IYAZ AHMAD ADD- MANGAURA POST- DULARI NAGAR, AMETHI (U.P.)**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र प्रशांत तथा उसकी पत्नी हेमा को उनके गलत आचरण के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के वह स्वयं उत्तरदायी होंगे मेरे व परिवार के किसी भी सदस्य से कोई वास्तव सरोकार नहीं रहेगा। **हरिशंकर पुत्र स्व0 अशर्फी लाल निवासी गणेश नगर कॉलोनी थाना कोतवाली जिला खीरी**

**सूचना**

विकास खण्ड मुसाफिरखाना जनपद अमेठी की न्याय पंचायत रसूलाबाद की ग्राम पंचायत रसूलाबाद, कोड.री मोहीउद्दीनपुर एवं न्याय पंचायत दादरा की ग्राम पंचायत निजामुद्दीनपुर, भद्दौर के समस्त मछुआ समुदाय के मत्स्य पालक, मत्स्य विक्रेता व मत्स्य आखेटक को सूचित किया जाता है कि दिनांक 06.06.2024 को समय 11 बजे दिन में स्थान बाबा परागदास आश्रम निजामुद्दीनपुर पर नई मत्स्य जीवी सहकारी समिति के संगठन की तृतीय बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें आप सभी की उपस्थिति अनिवार्य है, बैठक में पहुंचकर सफल बनाए। **भवदीय राम सजीवन निषाद ग्राम-निजामुद्दीनपुर, पोस्ट- इसौली, मुसाफिरखाना, अमेठी।**

# लू लगने से 13 पीड़ित अस्पताल पहुंचे, हालत गंभीर

## जिला अस्पताल समेत सीएचसी में बेड गंभीर मरीजों के लिए आरक्षित, ओपीडी में देखे गए 12 सौ से अधिक मरीज

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** गर्मी-लू के कारण मरीजों की अस्पतालों में भीड़ बढ़ती जा रही है। बच्चों से लेकर बड़े तक लू की चपेट में आ रहे हैं। डायरिया, बुखार और पेट दर्द से लोग पीड़ित हो रहे हैं। मंगलवार को जिला अस्पताल की ओपीडी की संख्या 12 सौ से अधिक हो गई। जिला अस्पताल में मंगलवार को लू के कारण 13 मरीजों को भर्ती कराया गया। इनकी हालत गंभीर बनी है। जिला अस्पताल समेत सभी सीएचसी कुछ बेड गंभीर मरीजों के लिए आरक्षित कर दिए गए हैं।

बताया गया कि अस्पताल आए मरीजों को खेतों में काम करते समय लू लगी है। हालत पहले तो घर वाले घरेलू इलाज करते रहे, राहत नहीं मिलने पर उसे जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसे भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया गया। इसमें चौफेरवा की रहने वाली सुनैना भी शामिल थी। तीन सैकड़ा से अधिक गर्मी जनित बीमारियों के मरीज शामिल रहे। मेडिसिन विभाग, गैस्ट्रो, त्वचा रोग, और हृदय रोग विभाग की ओपीडी दोपहर दो बजे तक चलती रही। इस दौरान इलाज के लिए लोगों को धक्के खाने पड़े। बता दें कि अस्पताल के तीनों जनरल वार्ड करीब-करीब फुल हो चुके हैं। अस्पताल में गंभीर मरीजों को ही भर्ती किया जा रहा है। इस दौरान अस्पताल में जांच की पर्ची बनवाने और पैथोलॉजी में ब्लड सैंपल देने के लिए लोग भीषण गर्मी के बीच बेहाल रहे। संचारी रोग नियंत्रण इकाई के प्रभारी अधिकारी डॉ. आफाक अहमद ने बताया कि गर्मी से उल्टी-दस्त, पेट दर्द और डायरिया की समस्या बढ़ गई है। इससे निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से तैयारी की गई है। जिला अस्पताल समेत सभी सीएचसी कुछ बेड गंभीर मरीजों के लिए आरक्षित कर दिए गए हैं। गर्मी से बचने के लिए लोगों को ज्यादा तरल पदार्थ का सेवन करना चाहिए। जरूरी हो तभी धूप में बाहर निकलें। नियमित अंतराल में पानी पीते रहें। आम का पना, नींबू का पानी, तरबूज, खीरा, ककड़ी आदि का सेवन करें। ढीले और हल्के रंग के कपड़े पहनें। ओआरएस का घोल का सेवन करें।


ओपीडी के बाहर लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार


राहत पाने के लिए नहर में नहाते लोग। अमृत विचार

### खेती पर भी असर

किसान बहुत मजबूत होता है लेकिन भीषण गर्मी में किसानो का हौसला भी टूट रहा है। इसलिए भीषण गर्मी से खेती किसानी भी अब प्रभावित होने लगी है। सुबह के समय तो किसान खेतों में काम कर रहे है लेकिन जैसे ही धूप बढ़ती है किसानों की हिम्मत भी जबाव देने लग जाती है। मवेशियों को चराने वाले पशु पालक भी अब सुबह से ही मवेशियों को चराने निकलते है और धूप बढ़ते ही वापस लौट रहे हैं।

### यह कदापि न करें

- भीषण गर्मी में तली, भुनी चीजों से दूरी बनाएं, यह पेट खराब कर सकती हैं
- बाजार में बने खाद्य पदार्थों से दूरी रखें इनसे इन्फेक्शन का खतरा
- चाय और कोल्डड्रिंक भी सेहत बिगाड़ सकती है, दूरी बनाए रखें
- कलरफुल न पहनें तो बेहतर रहेगा, धूप में देर तक रहने से बचें।

### यह जरूर करें


- सुबह जब भी काम पर निकलें तो घर से भरपेट पानी पीकर निकलें
- सुबह नाश्ता जरूर करें और दोपहर के समय हल्का भोजन करें
- कोशिश करें कि पूरे दिन तरल पदार्थ लेते रहें, आम का पना पीएं
- तरबूज, खीरा, ककड़ी और सत्तू का भरपूर सेवन करें
- घर से निकलें तो तो पूरे शरीर को सूती कपड़ों से ढकें, ढीले कपड़े पहनें

### पारा 47 डिग्री पर, सड़कों पर लॉकडाउन जैसा दृश्य

**फतेहपुर।** चिलचिलाती धूप झुलसा रही है। आसमान से बरसती आग से धरती लाल हो रही है। हीटवेव की वजह से सड़कों पर लॉक डाउन सा नजारा देखने को मिल रहा है। तापमान बढ़कर 47 डिग्री से भी अधिक पहुंच गया है। लोग घरों में कैद होने को मजबूर हो गए हैं। सोमवार को गर्मी का सितम और बढ़ गया। आसमान से बरसती आग से तपती धरती से जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित रहा। पंखों से निकलती हवा लू में परिवर्तित हो गई लोग व्याकुल हो गए। बुजुर्गों का कहना है कि उन्होंने इससे पहले ऐसी भीषण गर्मी नहीं देखी। इस बार तो सूरज की तपिश मानो ऐसा लगता है कि जला देगी। भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप से बचने को लोग तरह तरह के जतन कर रहे हैं लेकिन गर्मी से बचाव के उपाय भी कारगर साबित नहीं हो रहे। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। शहर में जहां भीषण गर्मी व्यापार ठंडा पड़ गया है बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है। दुकानदार भी व्यापार न होने से परेशान हैं। चौक बाजार, स्टेशन रोड, जीटी रोड, वर्मा चौराहा आदि पर दोपहर होते ही लॉकडाउन सा नजारा दिखाई दिया। सूरज ढलने के बाद लोग घरों से निकले तो सड़कों और भवनों से उठती आंच से लोग ज्यादा देर तक बाजार में नहीं टिक सके।

# घरों में बिजली उपकरण एक साथ न चलाने की अपील

संवाददाता, फतेहपुर



- बार-बार आ रही फाल्टों के कारण विभाग ने की अपील
- शाह छह से रात 11 बजे तक फ्रिज न चलाने की अपील

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में जिस तरह से बिजली का लोड बढ़ा है उससे बिजली विभाग की भी चिंतायें बढ़ी हुयी हैं। उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली की आपूर्ति मिले इसके लिए विभाग की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं। बिजली विभाग की ओर से आम उपभोक्ताओं से कहा गया है कि वह बिजली सप्लाई में बढ़े लोड की वजह से घरों में भी विद्युत उपकरण एक साथ न चलायें।

पानी की मोटर, वाशिंग मशीन और अन्य भारी लोड सुबह 5 बजे से 11 बजे तक चलायें। शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक फ्रिज बंद रखें। शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक अपने घर में लगे एसी को लगातार न चलाकर आधा-आधा घंटे के अंतराल में चलायें। बिजली विभाग के जिम्मेदारों का कहना है कि विभाग की टीमें बराबर आपूर्ति देने के लिए लगी हैं। जहां पर फाल्ट होते हैं सूचना मिलने पर टीम पहुंच रही हैं और आपूर्ति उपभोक्ताओं को बेहतर मिले इसका प्रयास पूरा किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में सिस्टम ओवरलोड होने की वजह से दिक्कतें आ रही हैं। ट्रिपिंग की दिक्कत भी है। इसलिए सप्लाई बंद होने पर उपभोक्ता संयम रखें। उन्होंने कहा कि यदि किसी उपभोक्ता के सामने कोई दिक्कत हो, सुन न रहा हो तो सीधे जानकारी दें। वैसे सभी एसडीओ और अवर अभियंताओं को पहले ही निर्देशित किया जा चुका है कि वह अपने अपने क्षेत्रों की बिजली व्यवस्था बेहतर रखें। उपभोक्ताओं से अच्छे संबंध रखें। जिससे कि कहीं फाल्ट हो तो खबर मिले।

# 57 निजी अस्पतालों में आग लगी तो बचना मुश्किल

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** मेडिकल कॉलेज बनने के बाद जिला अस्पताल और महिला अस्पताल में तो आग से बचाव के मानक पूरे हो गए लेकिन 57 निजी अस्पताल ऐसे हैं जो आग से बचाव के मानकों का माखौल उड़ा रहे हैं। इनमें से कई अस्पताल तो आग को दावत देने जैसी लापरवाही बरत रहे हैं। जबकि इनमें आग लगी तो बुझाने का उपाय नहीं सूझेगा और हाथ मलते रहे जाएंगे।

इस समय जिले में 80 निजी अस्पताल ऐसे चल रहे हैं जो स्वास्थ्य विभाग द्वारा पंजीकृत हैं। इनके अलावा सैकड़ों की संख्या में अस्पताल संचालित हो रहे हैं। इनमें से 57 अस्पताल ऐसे हैं जो फायर ब्रिगेड के बार-बार नोटिस देने के बावजूद आग से बचाव के लिए कोई उपकरण नहीं लगा रहे हैं। इस समय तापमान 46 डिग्री से ऊपर चल रहा है। फायर ब्रिगेड के पल्लव का कहना है कि इतने ऊंचे तापमान में मामूली गलती भी आग का कारण बन जाती है। दिल्ली व बागपत के निजी अस्पताल में आग लगने की घटनाएं भी दोआबा के अस्पतालों को सबक नहीं दे पाईं। शहर के कई ऐसे स्थानों पर निजी अस्पताल चल रहे हैं जहां आग लगने पर फायर बिग्रेड की गाड़ी रास्ते में ही अवैध पार्किंग के चलते फंस सकती है। यदि ऐसा हुआ तो समय पर अस्पताल न पहुंच पाने से आग सबकुछ तबाह कर सकती है। इसी तरह एक निजी अस्पताल आबू नगर में इतने संकरे रास्ते पर चल रहा है कि फायर बिग्रेड को वहां बहुत परेशानी होगी।

विभाग को चकमा दे रहे संचालक

बताया कि अस्पताल के रजिस्ट्रेशन के लिए फायर ब्रिगेड की एनओसी जरूरी है। एनओसी देने के पहले फायर बिग्रेड आग से बचाव के मानक पूरा कराती है। मानक से बचने के लिए डॉक्टर ने अब अस्पताल के लिए क्लीनिक का लाइसेंस लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर दिया है। फायर ब्रिगेड को चकमा देने के लिए आधा दर्जन से अधिक निजी अस्पताल क्लीनिक का रजिस्ट्रेशन करा रहे हैं।


शहर में स्थित दमकल विभाग। अमृत विचार

### अस्पतालों में क्या होना चाहिए

- तीन मंजिल तक के अस्पताल में 10 हजार लीटर वाटर टैंक
- हौजरील, फायर हाइड्रेंट
- दो रास्ते, दो सीढ़ियां
- कम से कम 2 मीटर का रैंप
- फायर एस्टिंग्यूशर

"आग से बचाव के उपाय न करना मरीजों व कर्मचारियों की जान से खिलवाड़ करना है। हमारा कार्यालय उसी अस्पताल का रजिस्ट्रेशन कर रहा है जो पहले फायर ब्रिगेड से अनापत्ति प्रमाणपत्र लाकर जमा कर रहे हैं।
–डॉ. इस्तियाक अहमद, सीएमओ

# अमौली के सीएचसी की हालत सुधारने की मांग

संवाददाता, फतेहपुर

- अस्पताल में मशीनें हैं लेकिन संचालन करने वाला नहीं

**अमृत विचार।** भ्रष्टाचार निवारण एवं सामाजिक विकास परिषद के राष्ट्रीय महासचिव सुयश पटेल ने सीएमओ समेत स्वास्थ्य मंत्रालय देख रहे उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक व जिलाधिकारी को पत्र देकर सीएचसी अमौली के हालातों के बारे में अवगत कराया है।

पत्र में उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अमौली ब्लाक के करीब एक सैकड़ा गांवों की लगभग एक लाख आबादी अपना इलाज कराने के लिए निर्भर हैं। सरकार ने इस स्वास्थ्य केंद्र में हर तरह की जांच की मशीनें उपलब्ध कराई है। हर मर्ज के डॉक्टर नियुक्त किए हैं। बताया कि मशीनें रख देने और डॉक्टरों की नियुक्ति कर देने मात्र से ही किसी का इलाज संभव नहीं है। पिछले कई सालो से हाल यह हैं कि अस्पताल में मशीनें तो हैं लेकिन उन्हें चलाने वाला नहीं, मरीज तो है लेकिन डॉक्टर नहीं, कोई भी डॉक्टर समय से अस्पताल नहीं पहुंचता है। मरीज सुबह से शाम तक बैठे रहते हैं लेकिन डाक्टरों के दर्शन तक नहीं होते हैं। मजबूरन हर तरह की सुविधा तथा पर्याप्त डॉक्टर उपलब्ध होने के बाद भी लोगों को प्राइवेट अस्पतालों में अपना इलाज कराना पड़ता है। मांग की है कि सामुदायिक स्वास्थ केद्र कि हालत को सूधारने के लिए उचित कठोर कदम उठाए जाएं जिससे लोगों को अपना इलाज कराने के लिए महंगे प्राइवेट अस्पतालों में न जाना पड़े और हर गरीब व्यक्ति को कम से कम खर्च में बेहतर सुविधा मिल सके।

## सार-संक्षेप

### डीजल भंडारण की रिपोर्ट दर्ज कराई

**औंग।** पिछले सप्ताह बरामद हुए 482 लीटर डीजल को लेकर पूर्ति निरीक्षक पवन सिंह विकास खण्ड मलवां तहसील बिन्दकी ने एक अज्ञात सहित तीन लोगों के नाम अवैध डीजल रखने और उसकी कालाबाजारी के आरोप में औंग थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पिछले वर्ष अप्रैल 2023 में भी पूर्ति निरीक्षक ने इसी थाने पर स्वाति वाल्व कैरियर ट्रांसपोर्टर के चालक व खलासी सहित छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। यह मामला भी डीजल चोरी और कला बाजारी से सम्बन्धित था। जिसमें अज्ञात लोगों का आज तक खुलासा नहीं हुआ और न ही कालाबाजारी को लेकर कोई तहकीकात हुई। पूर्ति निरीक्षक पवन सिंह ने एफआईआर में भंडारण दिखाकर इसके स्रोत का खुलासा नहीं किया है, जबकि इस क्षेत्र की जानकारी के लिए यह जरूरी था कि 482 लीटर तेल कहां से आया। काला बाजारी तो तब होती है जब तेल पम्प से खरीदकर अधिक दामों पर बेचा जा रहा हो, जबकि एक साल से इस क्षेत्र में लोगों को सस्ता डीजल मिल रहा था जिसे पूर्ति निरीक्षक झुठला नहीं सकते। इस बार की रिपोर्ट में योगेन्द्र पाल पुत्र बलिराज, गंगा प्रसाद यादव उर्फ ननकऊ पुत्र रामगोपाल यादव और एक अज्ञात को आरोपी बनाया गया है। डीजल की काला बाजारी में एक ग्रामीण ने सीधे तौर पर पूर्ति विभाग को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि यदि डीजल सस्ता बिक रहा था तो चोरी का हो सकता है या फिर सिंथेटिक जिसकी विस्तार से जांच होनी चाहिए। अगर इसकी सीवीसी जांच होती है तो दर्जनों ग्रामीणों के द्वारा पूर्ति निरीक्षक के खिलाफ शपथ पत्र दिए जाने दावा किया जा रहा है।

### दुकान खाली कराने पर अस्पताल स्टाफ से मारपीट

**फतेहपुर।** प्राइवेट अस्पताल में महंगी दवा बेच रहे मेडिकल स्टोर संचालक को जब दुकान खाली करने को कहा गया तो उसने डाक्टर व स्टाफ के साथ मारपीट व गाली-गलौज की। अस्पताल संचालक ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है। शहर के रामगंज पक्का तालाब निवासी डा. राकेश साहू पक्का तालाब पर अस्पताल व ट्रामा सेंटर का संचालन करते हैं। उन्होंने बताया कि अस्पताल में हुसेनगंज थाना क्षेत्र के मथैयापुर निवासी अभिषेक ने मेडिकल स्टोर खोला था। अभिषेक मरीजों को महंगे दाम पर दवाएं बेचता था। उन्होंने शिकायत मिलने पर मेडिकल स्टोर संचालक को चेतावनी दी। उसके बाद भी बढ़े दाम में दवा देना बंद नहीं किया। इस पर सेंटर से मेडिकल स्टोर खाली करने को कहा गया। अभिषेक ने मेडिकल स्टोर में कुछ सामान छोड़कर सारा हटा लिया। पूरा सामान हटाने को कहा गया, तो 22 मई की शाम सात बजे अभिषेक, अनमोल, सौरभ व उनके साथी अस्पताल पहुंचे। डाक्टर व स्टाफ के साथ गाली-गलौज कर मारपीट शुरू की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने सभी के खिलाफ मारपीट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### वीर सावरकर को भारत रत्न देने की मांग

**फतेहपुर।** अखिल भारत हिंदू महासभा द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन के महान क्रांतिकारी नेता, प्रखर राष्ट्रवादी हिंदू महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर विनायक दामोदर सावरकर की 141वीं जयंती श्री हनुमान मंदिर पटेल नगर चौराहा फतेहपुर में उनके तैलीय चित्र पर माल्यार्पण आरती करके धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर चौराहे में आम राहगीरों को शरबत भी पिलाया गया। गोष्ठी के माध्यम से केंद्र की सत्ताधारी सरकार से सावरकर जी को शीघ्र भारत रत्न देने की मांग की गई।

# पति से विवाद के बाद पत्नी ने खाया जहर, मौत

संवाददाता, किशनपुर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के नरैनी गांव में पति से झगड़कर महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं मृतक महिला के मायकेपक्ष ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया है।

किशनपुर थाना क्षेत्र के नरैनी गांव निवासी राजकुमार कोरी की शादी करीब तीन सालह पहले थरियांव थाना क्षेत्र के औराई गांव निवासी कामिनी देवी के साथ हुई थी। शादी के बाद दोनों पति-पत्नी अपने माता-पिता से अलग रहते थे। दोनों के बीच पिछले करीब तीन वर्षों में किसी भी प्रकार का कोई विवाद नहीं हुआ था। सोमवार की देर शाम दोनों खाना-पीना खाकर छत में सोने चले गए। इस दौरान दोनों पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद पत्नी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद महिला को उल्टियां शुरू हो गई। हालात को बिगड़ता देख मामले की जानकारी परिजनों को लगी। इसके बाद परिजन आनन-फानन में महिला को इलाज के लिए ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद महिला के मायके पक्ष के लोगों को मामले की जानकारी दी गई।

# ज्येष्ठ माह के पहले मंगल पर भंडारा व शर्बत वितरण

संवाददाता, फतेहपुर

- जनपद में कई जगह हुए धार्मिक आयोजन
- चौक स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-पाठ की धूम

**अमृत विचार।** दोआबा में ज्येष्ठ के पहले बड़े मंगल को देखते हुए नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के हनुमान मंदिरों में बाबा का भव्य श्रृंगार कराया गया। इसके साथ ही शर्बत वितरण किया गया। आईटीआई रोड पर विशाल भंडारा व शर्बत वितरण कराया गया। तपती धूप में भी बाबा का प्रसाद पाने के लिए भक्तों की भारी भीड़ देखी गई।

ज्येष्ठ माह के पहले मंगल पर नगर में जगह जगह शर्बत वितरण कराया गया। जहां दोआबा में आईटीआई रोड, पटेल नगर, शादीपुर, चौक बाजार, पक्का तालाब समेत हनुमान मंदिरों में बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया। इसके अलावा चौगलिया स्थित शिव मंदिर में में बाबा की पूजा अर्चना की गई। इसके साथ ही शहर के छोटे बड़े चौराहे पर भी विशाल भंडारे का आयोजन कराया। जहां आने जाने वाले लोगों ने भंडारे का प्रसाद चखा। भंडारा दोपहर से शाम तक अनवतर चलता रहा। इसी तरह अन्य सभी मार्गों में शर्बत वितरण कराया गया। जहां आने जाने वाले लोगों ने गर्मी में शर्बत पीकर राहत महसूस की। मंगलवार को विशाल भंडारे का शुरुआत की सैकड़ों की संख्या में हनुमान के भक्तों ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही पटेल नगर में सैकड़ों लोगों ने भी प्रसाद ग्रहण किया। ज्येष्ठ मास के बड़े मंगल पर दान-पुण्य का बड़ा महत्व है। इसके चलते मंगलवार को शहर में जगह-जगह भंडारे हुए। इसके साथ ही शरबत वितरण भी किया गया। श्रद्धालुओं के साथ ही राहगीरों ने भी भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। शरबत पीकर अपनी प्यास बुझाई। वहीं सुबह से के घरों व मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ हुआ। मंदिरों में हनुमानजी के दर्शन को श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।


आईटीआई रोड पर राहगीरो को शर्बत पिलातें भक्त। अमृत विचार

बारिश में क्या होगा — सफाई की रफ्तार धीमी, गंदगी से रुक रहा नालों का पानी, बारिश में चोक नालों से होगा जलभराव

# मानसून से पहले बजबजा रहे शहर के छोटे-बड़े नाले

संवाददाता, फतेहपुर

- शहर में सीओ कार्यालय के सामने बना नाला पूरी तरह हुआ चोक

**अमृत विचार।** मानसून से पूर्व होने वाले रखरखाव को लेकर नगर पालिका परिषद द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ सकता है। बारिश का मौसम यूं तो जुलाई में शुरू होता है। लेकिन अब तक शहर के नालों की साफ-सफाई नहीं हुई है। इसके कारण बारिश के पानी में अवरोध होने पर परेशानी होगी। इसके कारण कालोनी के घरों में पानी भरने की आशंका बनी रहती है।

नालों की सफाई नहीं होने के कारण भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। विशेषकर रानी कालोनी मार्ग में जलभराव की समस्या अधिक रहतीं है। पालिका का दावा है कि शहर के 50 फीसदी नालों की सफाई जेसीबी मशीन से करा दी गयीं है जबकि इस समय नाला गैंग के जरिये सफाई कर्मी छोटे बड़े नालों की सफाई में जुटे है। हर साल बरसात से पहले नालों की सफाई का कार्य कराया जाता है और पहली ही बारिश में इस कार्य की पोल भी खुल जाती है। यह खेल हर साल होता है ऐसे में नाला सफाई के नाम पर लाखों खर्च होने के बाद भी नतीजा नहीं निकलता। शहर के अधिकांश नालों पर लोगों ने ऊपर से पक्का निर्माण कर लिया है। कई लोग इसी में कचरा डालते हैं। ऐसे में मोटा और भारी कचरा साफ नहीं हो पाता है। पिछले दिनों पालिका ने आबू नगर में बने नाले की सफाई कराई थी, जिसमें कई ट्राली मलबा निकाला गया और नाले के किनारे डाल दिया गया। सूखने के बाद उठाने की बात कही गई लेकिन अब तक वह मलबा नहीं उठाया गया और अब धीरे-धीरे वही मलबा नाले में फिर से जाने लगा है। बता दें कि शहर के सीओ कार्यालय के सामने बना नाला पूरी तरह से चोक हो गया है। जिसका गंदा पानी उफान मारकर सड़क पर बहने लगा है। मानसून के मौसम से पहले शहर में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नाले व नालियों की सफाई की जाती है। आम तौर पर 15 जून तक सभी नालों की सफाई की जानी चाहिए, लेकिन इस बार शहर के नालों एवं नालियों की सफाई को लेकर नगरपालिका के अफसर सचेत नहीं दिख रहे हैं। नगर के नाले कूड़े व कचरे से अटे पड़े हैं। हालात यह हैं कि पानी की निकासी भी ठीक से नहीं हो पा रही है। जिसके चलते हल्की बारिश में पूरी गंदगी सड़कों पर फैलने की आशंका है। नालों से आ रही बदबू से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है, अफसरों पर इसका कोई खास फर्क नहीं दिख रहा है। कालोनियों में भी छोटे-छोटे नालों में गंदगी के साथ मिट्टी भरी पड़ी है।


शहर के सीओ आफिस के सामने चोक नाला।

"नालों की सफाई मानसून से पहले की जाती है। नालो की सफाई का कार्य कराया जा रहा है। मतगणना के चलते अभी काम धीमा है लेकिन चार जून के बाद यह कार्य युद्धस्तर पर कराया जाएगा।
–समीर कश्यप, ईओ

# गर्मी से रिटायर्ड शिक्षक को पड़ा पैरालिसिस अटैक

**फतेहपुर।** तापमान मंगलवार को बढ़कर 47 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। एक डिग्री तापमान बढ़ने से गर्मी ने प्रचंड रूप धारण कर लिया है। न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस पहुंचने से रात में भी उमस भरी भीषण गर्मी रही। कूलर पंखों की हवा गर्म होने से लोग रात में भरपूर नींद नहीं ले पा रहे हैं।

ऐसे में लोग बीमार होने लगे हैं। बताया जा रहा है कि रात में बिजली आपूर्ति खराब होने से एक सेवानिवृत्त शिक्षक जगतपाल सिंह को पैरालिसिस का दौरा पड़ गया। वह रात भर तड़पते रहे, कुछ बोल भी नहीं सके। सुबह उनकी पत्नी ने देखा तो होश उड़ गए। आनन फानन एंबुलेंस से उन्हें कानपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

परोक्षे कार्यहन्तारं प्रत्यक्षे प्रियवादिनम्।
वर्जयेत्तादृशं मित्रं विषकुम्भं पयोमुखम् ॥

पीठ पीछे काम बिगाड़नेवाले या सामने प्रिय बोलने वाले ऐसे मित्र को मुंह पर दूध रखे हुए विष के घड़े के समान त्याग देना चाहिए ।

## संपादकीय

# एआई पर अंतर्राष्ट्रीय संधि

हर क्षेत्र में आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का दायरा और हस्तक्षेप बढ़ता जा रहा है। एआई से आने वाले वर्षों में मानव जीवन के लगभग हर पहलू के बदलने की उम्मीद है। पिछले दिनों एआई के उपयोग को नियंत्रित करने वाली कानूनी रूप से बाध्यकारी पहली अंतर्राष्ट्रीय संधि को मंजूरी दी गई। यूरोप परिषद का यह कदम कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। यह संधि एआई तकनीक का ज़िम्मेदारी के साथ इस्तेमाल किए जाने को प्रोत्साहित करती है। यानी यह संधि समानता, गैर-भेदभाव, निजता और लोकतांत्रिक मूल्यों के सैद्धांतिक उद्देश्यों के मुताबिक एआई के उपयोग को बढ़ावा देती है। संधि गैर-यूरोपीय देशों के लिए भी खुली है और एक कानूनी ढांचा तैयार करती है जो एआई सिस्टम के पूरे जीवनचक्र को कवर करती है और जिम्मेदार नवाचार को बढ़ावा देते हुए उनके द्वारा उत्पन्न होने वाले जोखिमों को संबोधित करती है। गौरतलब है कि एआई पर वैश्विक साझेदारी की जरूरत पर भारत हमेशा से बल देता रहा है।

वैश्विक साझेदारी सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि 21वीं सदी के लिए एआई सबसे बड़ा वरदान बन सकता है तो यह 21वीं सदी को तबाह करने में भी अहम भूमिका निभा सकता है। इसलिए नैतिक मूल्यों पर आधारित एआई के लिए वैश्विक सहमति से फ्रेमवर्क बनाने की आवश्यकता है। देखा जाए तो यह संधि एआई के उपयोग को लेकर वैश्विक स्तर पर एक कानूनी मानक स्थापित करना चाहती है। लेकिन एआई को नियम-क़ानून के दायरे में बांधना बेहद मुश्किल है। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि एआई का विस्तार बहुत व्यापक है, यानी एआई किसी खास क्षेत्र या प्रौद्योगिकी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका विस्तार मशीन लर्निंग, कंप्यूटर विज़न और न्यूरल नेटवर्क्स यानी एआई की एक विधि जो कंप्यूटर को मानव मस्तिष्क से प्रेरित होकर आंकड़ों का विश्लेषण करना सिखाती है, जैसी अत्याधुनिक और लगातार विकसित हो रही प्रौद्योगिकियों तक फैला हुआ है। संधि की लचीली कार्यान्वयन रणनीति और स्वतंत्र निरीक्षण तंत्र महत्वपूर्ण घटक हैं, फिर भी दायित्वों और देयताओं पर स्पष्ट दिशा निर्देशों की कमी व्यावहारिक लागू करने और प्रवर्तन में बाधा उत्पन्न करती है। वैसे भी अंतर्राष्ट्रीय संधि का मसौदा तैयार करने और विचार-विमर्श के दौरान सिर्फ यूरोपीय परिषद के सदस्य देश और कुछ अन्य देशों ने ही भाग लिया है, बाकी दुनिया के राष्ट्रों की इसमें कोई भागीदारी नहीं है। जाहिर है कि इससे इस संधि की वैधानिकता पर सवाल खड़े होते हैं और यह कहीं न कहीं इसे ज़मीनी स्तर पर लागू करने में रुकावटें पैदा कर सकता है।

# मंडेला की एएनसी पर संकट, क्यों खफा भारतवंशी


विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

दरअसल भारतवंशियों की एक बड़ी आबादी एएनसी की समर्थक रही है। सबको पता है कि मंडेला का भारत से आत्मीय संबंध था। वे लंबी जेल यात्रा से रिहा होने के बाद 1990 में दिल्ली आए थे। वह उनकी जेल से रिहा होने के बाद पहली विदेश यात्रा थी। भारत सरकार ने उन्हें भारत रत्न से भी सम्मानित किया।

दक्षिण अफ्रीका में होने वाले आम चुनाव को अमानवीय रंगभेद के अंत के खात्मे के बाद के सबसे महत्वपूर्ण आम चुनाव का दर्जा मिल सकता है। सत्तारूढ़ अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) 1994 में सत्तासीन होने के बाद पहली बार बहुमत खो सकती है। अमेरिका के जार्जिया यूनिवर्सिटी में अफ्रीकी मामलों के प्रोफेसर डॉ. उत्सव कुमार सिंह को लगता है कि इस चुनाव के बाद वहां एएनसी का एकछत्र राज खत्म होगा। वहां मिली-जुली सरकार बनेगी। दक्षिण अफ्रीका में गोरी सरकार के शासन के अंत के बाद देश में सातवां आम चुनाव है। इस चुनाव में करीब पौने तीन करोड़ मतदाता देश की नई सरकार को चुनेंगे।

दक्षिण अफ्रीका और भारत सिर्फ गांधी जी और नेल्सन मंडेला के कारण ही आपस में भावनात्मक रूप से नहीं जुड़ते। इन्हें करीब 15 लाख भारतवंशी भी जोड़ते हैं, जो वहां सौ से भी अधिक सालों से बसे हुए हैं। उसी दक्षिण अफ्रीका में बुधवार (29 मई) को होने वाले आम चुनावों को लेकर भारतवंशी भी गहरी दिलचस्पी ले रहे हैं। उनका आरोप है कि दक्षिण अफ्रीका में उन्हें हाशिए पर धकेल दिया गया है। भारतीय मूल के कुछ राजनेता दक्षिण अफ्रीका में आम चुनाव लड़ भी रहे हैं। इनमें पैट्रिक पिल्ले शामिल हैं, जिन्होंने डेमोक्रेटिक लिबरल कांग्रेस (डीएलसी) नाम से पार्टी बनाई है। एससिंह विपक्षी पार्टी डेमोक्रेटिक एलायंस के उम्मीदवार हैं। इनके अलावा भी कुछ निर्दलीय के रूप में क्वाजुलु-नटाल प्रांत से चुनाव लड़ रहे हैं। क्वाजुलु-नटाल प्रांत के प्रमुख शहर डरबन में भारतीयों की आबादी खासी है। इसे मिनी दिल्ली या मुंबई भी कहा जाता है। यह डरबन शहर ही है जहां महात्मा गांधी 1893 में भारत से आए थे। बाद में गांधी जी ने पास के शहर फ़ीनिक्स में अपना आश्रम बनाया था, उसे कुछ साल पहले हुई हिंसा में बुरी तरह से तबाह कर दिया गया था। डीएलसी ने चुनावों में भारतीय मूल के 10 उम्मीदवार उतारे हैं। वहां के भारतवंशी भी बेरोजगारी के शिकार हैं। माइनॉरिटी फ्रंट पार्टी की शमीन ठाकुर-राजबंसी दक्षिण अफ्रीका के क्वाजुलु-नटाल प्रांत की विधानसभा की सदस्य हैं। वह भी अपने देश के भारतवंशियों के हक में सक्रिय रहती हैं। भारतीय मूल के तीन व्यक्ति, फसीहा हसन, मागेशवरी गोवेन्दर और शाएक इमरान सुब्रथी नेल्सन मंडेला की पार्टी अफ्रीकन कांग्रेस पार्टी (एएनसी) के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं।

दरअसल भारतवंशियों की एक बड़ी आबादी एएनसी की समर्थक रही है। सबको पता है कि मंडेला का भारत से आत्मीय संबंध था। वे लंबी जेल यात्रा से रिहा होने के बाद 1990 में दिल्ली आए थे। वह उनकी जेल से रिहा होने के बाद पहली विदेश यात्रा थी। भारत सरकार ने उन्हें भारत रत्न से भी सम्मानित किया। राजधानी दिल्ली में नेल्सन मंडेला मार्ग का होना इस बात की गवाही है कि सारा भारत मंडेला की कुर्बानियों से प्रेरित होता है। मंडेला 1995 में भी भारत आए थे। नेल्सन मंडेला के नाम पर जामिया मिल्लिया इस्लामिया में साल 2004 में नेल्सन मंडेला सेंटर फॉर पीस एंड कान्फ्लिक्ट कनफिल्कट रेज़लूशन की स्थापना की गई। इस सेंटर की स्थापना मुख्य रूप से इसलिए की गई थी ताकि दुनियाभर में शांति और सदभाव के लिए भारत की तरफ से की जाने वाली कोशिशों का गहराई से अध्ययन हो सके। जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी में भी अफ्रीकन अध्ययन केंद्र है।

दक्षिण अफ्रीका में होने वाले आम चुनाव को अमानवीय रंगभेद के अंत के खात्मे के बाद के सबसे महत्वपूर्ण आम चुनाव का दर्जा मिल सकता है। सत्तारूढ़ अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) 1994 में सत्तासीन होने के बाद पहली बार बहुमत खो सकती है। अमेरिका के जार्जिया यूनिवर्सिटी में अफ्रीकी मामलों के प्रोफेसर डॉ. उत्सव कुमार सिंह को लगता है कि इस चुनाव के बाद वहां एएनसी का एकछत्र राज खत्म होगा। वहां मिली-जुली सरकार बनेगी। दक्षिण अफ्रीका में गोरी सरकार के शासन के अंत के बाद देश में सातवां आम चुनाव है। इस चुनाव में करीब पौने तीन करोड़ मतदाता देश की नई सरकार को चुनेंगे। अगर एएनसी को चुनावों में 50 फीसद से कम वोट मिले, तो पार्टी को गठबंधन सरकार बनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उस हालत में एएनसी के नेता और राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा को मिली-जुली सरकार बनाने के लिए बाध्य होना पड़ सकता। बताते चलें कि वे 2019 में भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि थे। एएनसी ने 2018 में बदनाम राष्ट्रपति जैकब जुमा को हटाकर रामाफोसा को देश का राष्ट्रपति बनाया था। जैकब जुमा पर 2009 और 2018 के बीच राष्ट्रपति पद पर रहते हुए भ्रष्टाचार के अनगिनत केस लगे थे। जुमा पर यह भी आरोप था कि उन्होंने भारत के उद्योगपति 'गुप्ता ब्रदर्स' (अनिल और अजय) को खूब लाभ पहुंचाया। उत्तराखंड पुलिस ने बीते दिनों एक बड़े बिल्डर को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गुप्ता ब्रदर्स को गिरफ्तार किया था। बेशक, एएनसी से अवाम की नाराजगी की वजह जुमा के कुशासन के कारण ही हुई थी।

बेशक, एक दौर में एएनसी के प्रति दक्षिण अफ्रीका के अवाम के मन में गहरा प्रेम मंडेला के कारण था। एएनसी को पिछले 2019 के आम चुनाव में पहली बार झटका लगा था। तब उसे देश की 60 फीसद जनता का भी समर्थन नहीं मिला था। तब पार्टी को 57.50 फीसद वोट मिले थे।

दक्षिण अफ्रीका हत्याओं के मामले बीते 20 साल के उच्च स्तर पर है, देश में लगभग हर 20 मिनट में एक व्यक्ति का कत्ल हो जाता है। जनता पुलिस की काहिली से बहुत नाराज है। बेरोजगारी, बिजली की बार-बार कटौती, पानी का संकट के स्थायी हल ना खोज पाने के कारण जनता एएनसी से दूर हो रही है। सरकारी विभागों में फैले भ्रष्टाचार से एएनसी को नुकसान ही हुआ है।

दक्षिण अफ्रीका की जनता राष्ट्रपति रामाफोसा में मंडेला का अक्स देखती थी। पर वे भी जनता के मसलों को हल करने में नाकाम ही रहे। उन्होंने कुछ समय पहले एक भाषण में स्वीकार किया था, "भ्रष्टाचार ने हमारे लोकतंत्र को घायल कर दिया है और लोगों का हमारे संस्थानों में विश्वास हिला दिया है। अगर भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगाई जाती है, तो हम कहीं के नहीं रहेंगे। सबसे बड़ा नुकसान स्वयं लोकतंत्र में विश्वास के लिए होगा।"

दक्षिण अफ्रीका की मुख्य विपक्षी पार्टी, सेंट्रिस्ट डेमोक्रेटिक एलायंस (डीए), का नेतृत्व जॉन स्टीनहुइसन करते हैं और इसे कई लोग गोरे दक्षिण अफ्रीकियों की पार्टी मानते हैं। इस चुनाव के लिए, डीए ने छोटी विपक्षी पार्टियों के साथ एक गठबंधन ब्लॉक बनाया है। कहने वाले कह रहे हैं कि डीए सत्ता पर काबिज हो सकती है। अगर सर्वेक्षणों पर विश्वास किया जाए, तो एएनसी को जरूरत पड़ने पर इकोनॉमिक फ्रीडम फाइटर्स (ईएफएफ) या डीए के साथ गठबंधन बनाने के बीच चुनाव करना पड़ सकता है। डीए के नेता स्टीनहुइसन ने अपनी ओर से, एएनसी के साथ गठबंधन में जाने से इनकार नहीं किया है। यानी एएनसी और डीए भी मिलकर सरकार बना सकते हैं। ईएफएफ एक वामपंथी पार्टी है जिसका नेतृत्व एएनसी के पूर्व युवा नेता जूलियस मालेमा करते हैं।

खैर, भारत में लोकसभा चुनाव के नतीजे 4 जून को और मित्र देश दक्षिण अफ्रीका में 2 जून को घोषित किए जाएंगे। इसके बाद दोनों देशों में नई सरकारें बनेंगी। उम्मीद करनी चाहिए कि दक्षिण अफ्रीका में नई सरकार भारतवंशियों के हितों के हल तलाश करेगी। भारतीयों के बिना अधूरा है दक्षिण अफ्रीका। वहां के शिखर क्रिकेटर हाशिम आमला और केशव महाराज भारतीय मूल के ही हैं।

## प्रसंगवश

# सनातन धर्म का एक चेहरा


शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

19 वीं सदी में हिंदू धर्म सती प्रथा, विधवा पुनर्विवाह और छुआछूत समाप्ति के बड़े सुधारों से गुजर रहा था। वह अपने नए आधुनिक गौरव की तरफ बढ़ रहा था, तभी 1885 में 'सनातन धर्म सभा' की स्थापना हुई। इसका उद्देश्य हिंदू धर्म में चल रहे सुधारों का विरोध करना था और संरक्षणवाद को फैलाना था। यह दयानंद सरस्वती के आर्य समाज के भी विरोध में था और दलितों को छुआछूत से मुक्त करने के उनके अभियान के पक्ष में नहीं था। सनातन धर्म सभा के मुख्य कर्ताधर्ता एक संपन्न ब्राह्मण पुरोहित दीन दयालु थे। इस संगठन ने आगे चलकर गांधी के अछूतोद्धार कार्यक्रम का भी विरोध किया, पर उस दौर में उन सबका विरोध आंधी में पतंग उड़ाने जैसा था।

हिंदू धर्म में सुधारों का विरोध करने के उद्देश्य से ही 1902 में 'भारत धर्म महामंडल' की स्थापना की गई। ये सभी सनातनी संगठन उस दौर में विवेकानंद के विचारों के भी विरोधी थे। 1910 में छपी एक पुस्तिका 'भारत धर्म महामंडल रहस्य' में रूढ़िपोषक सनातन पंथियों की देशभक्ति का उदाहरण इस प्रकार है, 'परम दयालु परमेश्वर की कृपा से आर्य प्रजा को इस प्रकार की नीतिज्ञ और उदार गवर्नमेंट मिली है कि ऐसी गवर्नमेंट विदेशियों के हित के लिए विश्व भर में और कहीं देखने में नहीं आती।' रूढ़िपोषक सनातनपंथियों की एक बड़ी सीमा आर्यावर्त है, अर्थात उत्तर भारत को ही भारत समझने की है, जबकि भारत एक बड़ा देश है। निश्चय ही हिंदू धर्म सनातन धर्म से अधिक व्यापक है। हम अप्पर, ज्ञानेश्वर, तुकाराम, सूर, मीरा, तुलसी, सहजोबाई, दयानंद सरस्वती, विवेकानंद, श्री अरविंद आदि को सनातनी नहीं कह सकते। स्पष्ट है कि सनातन धर्म के पुनरुत्थान में लगे लोग वस्तुतः जाति व्यवस्था और पितृसत्ता के तो कट्टर समर्थक हैं ही, ये भारत के स्वभाव से ही अनजान हैं। हम प्राचीन काल से ही 'नवोन्मेषशील सनातन' और 'जड़ांध सनातन' की दो धाराएं स्पष्ट देख सकते हैं। इसलिए इस समय सनातन को लेकर बढ़ रहे हुंकार को देश पर एक बड़े खतरे की घंटी के रूप में देखना चाहिए।

# पर्यावरण विनाश का कारण बनते घातक हथियार


डॉ. मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

इन हथियारों के प्रभाव को जानकर इतना तो स्पष्ट है कि ये प्रकृति/पर्यावरण और उसके जैविक और अजैविक घटकों को बहुत ज्यादा क्षति पहुंचा रहे हैं।

विज्ञान एवं तकनीकी युग में आज मनुष्य एक ओर तो प्रकृति पर विजय प्राप्त करना चाहता है, कई वर्षों तक जीवित रहना चाहता है, बुढ़ापे को दूर भगाना चाहता है, जिंदगी को आराम दायक बनाना चाहता है, वहीं दूसरी ओर अपनी बढ़ती महत्वाकांक्षा से चालित प्रकृति को जाने-अनजाने में तरह-तरह से हानि पहुंचा रहा है। साथ ही समय-समय पर विभिन्न देशों के मध्य होने वाले युद्ध, युद्धाभ्यास, आतंकी हमलों में प्रयुक्त घातक हथियार और उनकी टेस्टिंग जल (समुद्र), वायु, थल, नभ को बुरी तरह से प्रभावित कर रही हैं, प्रदूषित कर रही है। आजकल जो युद्ध हो रहे हैं, वे इतिहास की किताबों में दर्ज परंपरागत युद्ध जैसे नहीं हैं, जिनमें तलवार, धनुष और तोपखाने का उपयोग किया जाता हो। उन्नीसवीं शताब्दी से युद्ध में उपयोग होने वाले हथियार और सामग्री में बहुत बदलाव आया है। कंप्यूटरीकरण प्रणाली तथा सूचना तंत्र का उपयोग हथियारों में बढ़ा है। युद्धक विमान, मिसाइल, राकेट लांचर, तोप, बम और उनमें उपयोग होने वाले तरह-तरह के विस्फोटक और उनकी सटीक मारक क्षमता ने युद्ध को मनुष्य और पर्यावरण के लिए पहले से ज्यादा घातक और नुकसान दायक बना दिया है। उदाहरण के लिए लगभग पिछले दो वर्ष से जारी रुस-यूक्रेन युद्ध में तरह-तरह के घातक हथियारों का उपयोग हो रहा है यथा-विस्फोटक हथियार जो अपने विखंडन, विस्फोटक, आगजनी के प्रभाव से प्रकृति और मानव को बेतहाशा नुकसान पहुंचा रहे हैं। दूसरे रासायनिक हथियार (क्लोरोपिक्रिन जैसे दम घुटने वाले ऐजेंट आदि) जो मनुष्य सहित विभिन्न जीव-जंतुओं के फेफड़ों, आंखों, त्वचा में जलन पैदा करके तथा उल्टी, मतली, दस्त का कारण बन हथियार के प्रभाव क्षेत्र में आने वाले हर व्यक्ति और जीवों को मौत के घाट उतार रहे हैं, इनका वनस्पतियों पर क्या प्रभाव पड़ा है, युद्ध समाप्ति पर होने वाले शोध से ही अवज्ञत हो सकेगा। कुछ हथियार ऐसे भी उपयोग में लाए जा रहे हैं जो आगजनी तथा धुआं फैला कर जन-धन को हानि पहुंचा रहे हैं (नेपान, थर्माइट, सफेद फास्फोरस आदि) तथा कुछ हथियार ऐसे हैं जिन्हें ईंधन वायु विस्फोटक (थर्मोबेरिक हथियार)कहा जाता है (एरोसोल बम या वैक्यूम बम) जो उच्च तापमान वाले विस्फोट को उत्पन्न करने के लिए हवा से आक्सीजन का उपयोग करते हैं। इन विस्फोटक से उत्पन्न गर्मी इंसान को झुलसा देती है। इसके घातक प्रभाव को देखते हुए इन हथियारों को गैर परमाणु हथियार में सबसे ख़तरनाक माना जाता है। परमाणु हथियार को अभी होल्ड पर रखा है जो बड़े क्षेत्र में सामुहिक विनाश का कारण बन सकता है। रुस-यूक्रेन युद्ध में इस विनाशक हथियार के उपयोग की आंशका बनी हुई है।

इन हथियारों के प्रभाव को जानकर इतना तो स्पष्ट है कि ये प्रकृति/पर्यावरण और उसके जैविक और अजैविक घटकों को बहुत ज्यादा क्षति पहुंचा रहे हैं और युद्ध विराम के बाद भरपाई करने या यूं कहें युद्ध के पहले की स्थिति में लाने में वर्षों लग सकते हैं।

आज विश्व के देशों में गुटबाजी स्पष्ट दिखाई देती है। एक तरफ रूस, चीन, उत्तरी कोरिया जैसे देशों का समूह है तो दूसरी तरफ अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी जैसे नाटों देशों का समूह है तो तीसरी ओर भारत जैसे वे देश है जो अभी किसी गुट में नहीं है तथा विश्व शांति के पक्ष में है और उन्हें अपने देश में पर्यावरण की रक्षा करते हुए विकास की रफ्तार को तेज करना है, विकसित राष्ट्र बनना, अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है तथा अपने नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना है। विश्व में कुछ ऐसे भी देश है जो सीधे तौर पर तो युद्ध में शामिल नहीं है पर युद्ध करने के लिए देशों को उकसा रहे हैं, उन्हें घातक हथियारों की आपूर्ति कर रहे हैं, शांति-वार्ता को किसी परिणामदायक स्थिति में पहुंचने से अप्रत्यक्ष रूप से रोक रहे हैं। वास्तव में युद्ध विराम न होना या यूं कहें युद्ध का लंबा खिंचना वर्तमान में चल रहे युद्ध और उससे उपजे पर्यावरणीय संकट की स्थिति को और भयावह बना रहा है, परमाणु हमले की आशंकाओं को जन्म दे रहा है। ऐसा लगता है जिन देशों के मध्य युद्ध (ईजराइल-हमास,रुस-यूक्रेन आदि) जारी है वे शांति, युद्ध विराम जैसे शब्द अपने शब्दकोश से मिटा चुके हैं, उन्हें कराहती मानवता की आवाज सुनाई ही नहीं देती। जबकि युद्ध में संलग्न देशों को भलीभांति ज्ञात है कि आधुनिक घातक अस्त्र-शस्त्र के प्रयोग से पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र के जैविक घटकों (पेड़-पौधों, जीव-जंतुओं, पशु-पक्षी तथा मानव आदि) को बेतहाशा नुकसान पहुंचता है।

## सोशल फोरम

# कृत्रिमता का परिणाम


तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

फ्लैटों ने हमें सुविधा तो दी है लेकिन हमारा बहुत कुछ छीन भी लिया है। न ऊपर आसमान अपना न नीचे धरती। वो बड़े बड़े आंगन, बरामदे और दालान वाले घर तो अब सपना हो गए। अब तो लोग खुले में सोते भी नजर नहीं आते। आधुनिक सुविधा के लालच ने इंसान को दड़बों तक सीमित कर दिया। अब पूरा जीवन दो से तीन कमरों के बीच सिमट कर रह जाता है। अब तक कि नौकरी पेशा जिंदगी भाड़े के घरों में कट गई। जहां अपनी मर्जी संभव नहीं थी। बचपन मे घर के आंगन में या ऊपर छत पर सोने का आनन्द लगभग भूल चुका था। सयुंक्त परिवारों में छत पर बिस्तर लगा रात को गप्पें मारने का भी एक अलग सुख होता था। पास पड़ोस के साथ उम्र के हिसाब से अलग अलग टोलियां बन जाती थी। आज कृत्रिम सुविधाओं की आदि देह भी अब ये सारे आनन्द भूल चुकी है।

16 साल पहले सासाराम में गर्मी में हम बाहर ही सोया करते थे। क्योंकि बिजली केवल 6-7 घंटे के लिए ही आती थी। इस कष्ट के बावजूद एक सुख भी था। प्रदूषण कम होने के कारण आकाश तारों से भरा दिखता था और पूर्णिमा की चांदनी तो ऐसी थी जैसे किसी ने छोटा बल्ब जला रखा हो। हम अक्सर रात का खाना मून लाइट में ही खाया करते थे।

इतने सालों में बढ़े प्रदूषण और शहर की जगमगाती लाइटों ने आकाश से तारों को ही गायब कर दिया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि कृत्रिम रोशनी के बढ़ते उपयोग से पशुओं के स्वभाविक जीवन पर असर होता है और मानव शरीर को भी अनिद्रा, मधुमेह, मोटापा, डिप्रेशन, कैंसर और दिल की बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। विटामिन डी के लिए अब हम सूरज के बजाय टैबलेटों की शरण में जाते हैं। जीवन में बढ़ती कृत्रिमता का परिणाम तो हमें भोगना ही होगा।

अलग किस्म के सुख और दुख हमारे चारों तरफ बिखरे पड़े हैं। अब ये हमारा चुनाव है कि अपनी मानसिकता अनुसार हम किसे दुख समझे और किसे सुख। देखा जाए तो हमारी पृथ्वी से अंधेरा भाग रहा है लेकिन ये हमारे लिए खुशी नहीं बल्कि दुख की बात है। खुशी की बात तब होती जब हमारे दिलों दिमाग पर छाया अंधेरा भागता।

-फेसबुक वॉल से

# आजीवन किसान हितों के प्रति समर्पित रहे चौधरी चरण सिंह


मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल'
पूर्व अतिथि प्रवक्ता
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

1950 में यूपी के मुख्यमंत्री सम्पूर्णानंद की सरकार में चौधरी साहब के प्रयास और मार्गदर्शन में ही जमींदारी उन्मूलन विधेयक बना जो एक जुलाई 1952 को लागू भी हो गया।

देश की आजादी के शुरूआती दशकों में जनसंचार माध्यमों के पर्याप्त अभाव के बाद भी किसानों की लड़ाई लड़ने वाले नेता की पहचान अखिल भारतीय स्तर पर किसान मसीहा के रुप में स्थापित होना किसी आश्चर्य से कम नहीं है। ऐसे में चौधरी चरण सिंह समकालीन पीढ़ी के लिए उस दौर के अचंभित करने वाले नेता के तौर पर ही पहचाने जाते हैं। आज भी सुदूर ग्रामीण अंचलों में किसानों के हक और हकूक की लड़ाई लड़ने वाले नेता के रूप में लोगों की जुबान पर बरबस चौधरी साहब का नाम सहज ही आ जाता है। उनके किसान हितैषी व्यक्तित्व का ही प्रभाव रहा कि मौजूदा भारत सरकार को चुनावी वर्ष में चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित कर उस महान धारा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना पड़ी।

चौधरी चरण सिंह आजीवन किसान हितों के प्रति समर्पित रहे। लोकतांत्रिक भारत के इतिहास में पहली बार उन्होंने प्रशासनिक सेवाओं में खेतिहर और ग्रामीणों के लिए पचास फीसदी आरक्षण की बात की। खेती-किसानी और नौजवानों के रोजगार को ही मुद्दा बनाते रहे। जहां एक ओर उन्होंने राजनीतिक भ्रष्टाचार से खुद को आजीवन बचाए रखा, वहीं दूसरी ओर अपने से जुड़े लोगों की शुचिता और साख के मजबूत बने रहने के लिए विशेष अनुशासन के नियम को बनाए रखा। चौधरी साहब के लेखन को पढ़ने और समझने से एक दृष्टि पैदा होती है कि कैसे राजनीति में रहते हुए चकाचौंध से दूर रह कर आमजन के हित का काम पूरी ईमानदारी से किया जा सकता है।

1950 में यूपी के मुख्यमंत्री सम्पूर्णानंद की सरकार में चौधरी साहब के प्रयास और मार्गदर्शन में ही जमींदारी उन्मूलन विधेयक बना जो एक जुलाई 1952 को लागू भी हो गया। इसी तरह 1964 में सुचेता कृपलानी की सरकार में बतौर कृषि मंत्री उन्होंने 'कृषक समाज' की स्थापना के माध्यम से किसानों को आधुनिक तकनीकि से जोड़ने का प्रयास शुरू किया। जिसे आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री बनने के बाद 'चकबंदी कानून' को अतिरिक्त मजबूत करते हुए किसान हित का ध्यान रखा।

23 दिसम्बर 1977 को केंद्र सरकार द्वारा उन्हें मंत्रिमंडल से निकाले जाने के विरोध में आयोजित किसान रैली के ऐतिहासिक भीड़ के विषय में जानकर तत्कालीन समय में उनकी लोकप्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता है। 1977 में जनता पार्टी की प्रथम बैठक में भारतीय अर्थव्यवस्था और किसान नीति की बेहतरी के लिए बनाए गई रिपोर्ट की चर्चा करते हुए उन्होंने लघु एवं कुटीर उद्योग के लिए बजट का 40 प्रतिशत हिस्सा कृषि पर व्यय करने से लेकर 50 फीसदी गांवों के विकास पर खर्च करने का पक्ष उनके गांव-किसान से गंभीर जुड़ाव को ही दर्शाता है। किसान विकास योजनाओं में धन की पर्याप्त उपलब्धता करने के लिए उन्होंने अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान नाबार्ड का गठन किया, जिसकी सफलता आज भी निर्विवाद बनी हुई है। "मेरे सपनों के भारत" विषय पर चर्चा करते हुए उन्होंने पांच बिंदुओं पर अपनी बात कही थी कि प्राथमिक आवश्यकताएं सब की पूरी हो, ऐशो-आराम की चीजें नहीं। दूसरे सब को रोजगार मुहैया हो, तीसरे अमीरों और गरीबों में अंतर कम से कम होता जाए। चौथे यह कि हर आदमी ईमानदार हो अर्थात देश में भ्रष्टाचार ना हो और हर आदमी रोटी कमाने के काम में स्वतंत्र रहे, अपने कर्तव्य का ईमानदारी से पालन करता रहे। पांचवें यह कि हर आदमी अपने मुल्क को तरक्की की बुलंदियों तक पहुंचाने का स्वप्न देखे और एक यह भी कि भारत में ऊंच-नीच का भेदभाव बिल्कुल ना रहे। इसके साथ ही चौधरी साहब ने एक ठोस आर्थिक नीति का मॉडल प्रस्तुत किया जिससे देश की गरीबी और बदहाली को दूर करने का रास्ता सुझाया जा सके।

गांधीवादी परंपरा के चौधरी चरण सिंह अपने सार्वजनिक जीवन में व्यक्तिगत संपत्ति के आग्रह से पूरी तरह दूर रहे। चौधरी साहब के प्रिय शिष्य 1974 में उत्तर प्रदेश की राजनीति में दो नौजवान छात्रनेता सतपाल मलिक और राजेंद्र चौधरी आज भी उस धारा के प्रकाश बिंदु के रूप में क्रमशः पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री के रूप में उस वैचारिकी को जीवंत बनाए हुए हैं। बीते कुछ वर्षों में जिस तरह किसानों के मुद्दों और उनका दखल एक दबाव समूह के रूप में उभरा है उसे चौधरी साहब की नीतियों के आधार पर समाजवादी विचार परंपरा के वाहक अखिलेश यादव राजनीति के केंद्र में बनाए हुए है। आज जब राजनीति व्यवसाय, विचारहीनता और पदलोलुपता के मकड़जाल में उलझता चला जा रहा है। ऐसे में चौधरी चरण सिंह की याद बेपटरी हो चुकी राजनीति में एक प्रकाशपुंज की भांति प्रतीत होती है जिनके बताए रास्ते पर चलकर समाज में समृद्धि और समरसता कायम की जा सकती है। चौधरी साहब की पुण्यतिथि पर सबसे सच्ची श्रद्धांजलि उनके किसानोंन्मुख छवि पर आम जनता में विमर्श करते हुए किसानों की मूलभूत समस्याओं के विषय में मौलिक एवं सहज समाधान प्राप्त करने के माध्यम से किया जा सकता है।

# विश्व में भुखमरी की स्थिति


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

2022में भारत ग्लोबल इंडेक्स में 107वे नम्बर पर था, जो 2023,में 111वे स्थान पर खिसक गया है। यह स्थिति तो तब है जब अन्न योजना के अंतर्गत सरकार 81 करोड़ लोगों को लगातार अनाज वितरण का काम कर रही है।

विश्व में भूख दिवस यानी हंगर डे हर साल 28 मई को मनाया जाता है। इसकी शुरुआत 2011 में की गई थी और उद्देश्य था भुखमरी को दूर करना। ताकि हर व्यक्ति को दो समय की रोटी मिल सके। उद्देश्य यह भी था कि आगामी 2030 तक विश्व पटल से भूखमरी समाप्त की जा सके किंतु ताजा आंकड़ों के अनुसार 820 मिलियन लोग अभी भी भूख, बीमारी और कुपोषण से ग्रस्त बने हुए हैं। मध्य अफ्रीकी देश और मेडागास्कर इस सूची में सबसे प्रभावित देशों में रखे गए हैं, इस विषय में हमारे देश की स्थिति बिल्कुल भी अच्छी नहीं। 2022 में भारत ग्लोबल इंडेक्स में 107वे नम्बर पर था, जो 2023, में 111वे स्थान पर खिसक गया है। यह स्थिति तो तब है जब अन्न योजना के अंतर्गत सरकार 81 करोड़ गरीब जनता को लगातार अनाज वितरण का काम कर रही है। इस इंडेक्स के अनुसार पड़ोसी छोटे देश श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल भी बेहतर स्थिति में हैं। हालांकि भारत सरकार हंगर इंडेक्स के इन आंकड़ों को सही नही मान रही। परंतु यह एक विचारणीय विषय है कि इस स्थिति में सुधार कैसे किया जा सके। अब देखना है कि आने वाले दिनों में हमारे देश की स्थिति में कैसे सुधार होगा, देश की बड़ी आबादी को भुखमरी और कुपोषण की संख्या से निकालने के लिए अथक प्रयासों की जरूरत है ताकि देश हंगर इंडेक्स में बेहतर स्थान प्राप्त कर सके।

# कमजोर संगठन के साथ बसपा के दांव से मुश्किल में कांग्रेस


## देवरिया में चार दशक का सूखा खत्म करने की चुनौती


मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार ।** महान संत देवरहा बाबा की धरती देवरिया में चुनावी घमासान अब जीत-हार के दावों के बीच जातीय गुणा-भाग में बदल गया है। भाजपा के पास इस बार देवरिया लोकसभा सीट पर जीत की हैट्रिक लगाने तो सपा-कांग्रेस गठबंधन के तहत चुनाव लड़ रही कांग्रेस के सामने 40 साल से बना सूखा समाप्त करने का मौका है। कांग्रेस को इस सीट पर आखिरी बार 1984 में जीत मिली थी। पार्टी कई चुनावों में चौथे नंबर पर पिछड़ती रही है। ऐसे में कांग्रेस की सारी उम्मीदें सपा के वोट बैंक पर ही टिकी हैं, जिसमें बसपा के यादव जाति के प्रत्याशी द्वारा की जा रही सेंधमारी से राह आसान नहीं नजर आ रही है।

देवरिया में सबसे बड़ा मुद्दा समस्या चीनी मिलों को चालू करना और बेरोजगारी है। बातचीत में लोग सड़क, बिजली, पानी जैसी बुनियादी समस्याएं बताने के साथ बाढ़ से छुटकारा दिलाने के उपाय करने और रिंग रोड बनाए जाने की जरूरत बताते हैं। इसी तरह जनता के एजेंडे में नया जिला अस्पताल, विश्वविद्यालय और उच्च शिक्षा संस्थान खोले जाने जैसी मांगें भी हैं। पिछले दो चुनावों से यहां भाजपा जीत रही है। लेकिन दोनों सांसद बाहरी माने जाते थे, शायद लोगों की इसी नाराजगी को भांपकर भाजपा ने इस बार मौजूदा सांसद डॉ. रमापति राम त्रिपाठी की जगह स्थानीय प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने यहां अपने पूर्व विधायक और राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह पर दांव लगाया है। इन दोनों की लड़ाई में बसपा प्रत्याशी पूर्व विधायक आनंद यादव के पुत्र संदेश यादव तीसरा कोण बनाने की कोशिश के साथ कांग्रेस प्रत्याशी की मुश्किल बढ़ाते नजर आ रहे हैं।

देवरिया में भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी भले ही पहला चुनाव लड़ रहे हों, लेकिन उनका परिवार राजनीति से जुड़ा रहा है। शशांक के दादा विधान परिषद सदस्य और उनके चाचा विधायक रहे हैं, तो पिता लेफ्टिनेंट जनरल प्रकाश मणि त्रिपाठी सेवानिवृत्त होने के बाद दो बार भाजपा से सांसद चुने जा चुके हैं। शशांक मणि पिछले काफी समय से क्षेत्र में उद्यमिता विकास के लिए सक्रिय हैं। वह युवाओं को स्टार्टअप के माध्यम से रोजगार दिलाने में आगे रहे हैं। उनके मुकाबले कांग्रेस प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह अनुभवी राजनीतिज्ञ हैं। वह वर्ष 2012 में बांसगांव की रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए थे। लेकिन उनके द्वारा इलाके में कराए गए विकास कार्यों को लोग आज भी याद करते हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि बसपा प्रत्याशी संदेश यादव जो जिला पंचायत सदस्य भी हैं, जिस तरह सजातीय मतों में सेंध लगाने का प्रयास कर रहे हैं, उससे इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी अखिलेश प्रताप की मुसीबत बढ़ रही है। देवरिया सीट से 2019 के चुनाव में भाजपा के रमापति राम त्रिपाठी ने जीत हासिल की थी। उन्हें 5,80,644 मिले थे। सपा-बसपा गठबंधन से मैदान में उतरे बसपा के बिनोद कुमार जयसवाल ने 3,30,713 वोट पाए थे। कांग्रेस के नियाज अहमद खान को 51,056 वोट मिले थे। देवरिया लोकसभा सीट पर 17.54 लाख मतदाता हैं। इनमें इस सीट ब्राह्मण, राजपूत और कुर्मी वोटर निर्णायक भूमिका में माने जाते हैं। लोकसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा 51 फीसदी ओबीसी वोटर हैं। करीब 13 फीसदी मुस्लिम वोटर माने जाते हैं। अनुसूचित जाति के वोटर 14 फीसदी से कुछ अधिक और अनुसूचित जनजाति के करीब तीन फीसदी वोटर गिने जाते हैं। सामान्य श्रेणी के मतदाताओं की संख्या 19% के आसपास है।


शशांक मणि त्रिपाठी।


अखिलेश प्रताप सिंह।

- भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी के सामने फंसे नजर आ रहे कांग्रेस नेता अखिलेश प्रताप

### 2014 में 51% वोट पाकर जीते थे कलराज

- 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा नेता कलराज मिश्रा ने जीत हासिल की थी। उन्हें 4,96,500 (51.1%) वोट मिले थे। कलराज ने बसपा प्रत्याशी नियाज अहमद 2,65,386 (27.3%) मत को हराया था। तीसरे स्थान पर सपा के बलेश्वर यादव 1,50,852 (15.5%) वोट थे। कांग्रेस प्रत्याशी चौथे स्थान था।

### सभी पांचों विधानसभा सीटों पर खिला था कमल

देवरिया लोकसभा सीट के अंतर्गत पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इसमें कुशीनगर जिले की तमकुही राज और फाजिल नगर भी शामिल है। देवरिया जिले की पथरदेवा, रामपुर कारखाना और देवरिया सीट हैं। विधानसभा चुनाव में सभी पांचों सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी।

## सपा के सहारे भगवा गढ़ में जातीय घेरेबंदी

महाराजगंज लोकसभा सीट

**अमृत विचार।** गोरखपुर मंडल में आने वाली महाराजगंज लोकसभा सीट से मोदी सरकार में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी एक बार फिर चुनावी मैदान में हैं। इस बार उनका मुकाबला करने के लिए सपा-कांग्रेस गठबंधन की तरफ से कांग्रेस ने 2022 के विधानसभा चुनाव में फरेंदा से जीते अपने विधायक वीरेंद्र चौधरी को उतारा है। महाराजगंज सीट से पंकज चौधरी भाजपा से छह बार सांसद चुने जा चुके हैं और राजनीति के दिग्गज खिलाड़ी माने जाते हैं। 1991 के चुनाव में भाजपा ने उन्हें पहली बार यहां से टिकट दिया था, इसके बाद से पार्टी अब तक नौ बार उन पर भरोसा जता चुकी है, जिसमें आधा दर्जन बार पंकज चौधरी ने कमल खिलाया है। साल 2014 को चुनाव में पंकज चौधरी को 44.65 और 2019 में 59.20 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस ने इस सीट पर 2009 में जीत दर्ज की थी। पिछले दो चुनावों में पार्टी एक लाख मत पाने के लिए तरसती रही है। ऐसे में यहां चर्चाओं में भाजपा को एक बार फिर भारी माना जा रहा है। हालांकि कांग्रेस इस सीट को हल्के में नहीं ले रही है। वीरेंद्र चौधरी के नामांकन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सपा महासचिव शिवपाल सिंह मौजूद रहे थे।


पंकज चौधरी।


वीरेंद्र चौधरी ।

- अब तक छह चुनाव जीत चुके केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी को चुनौती दे पाएंगे कांग्रेस के विधायक वीरेंद्र चौधरी
- बसपा से किस्मत आजमा रहे मोहम्मद मौसमे आलम सपा-कांग्रेस गठबंधन की बढ़ा रहे मुश्किल

### चार विधानसभा सीटें भाजपा के पास

महाराजगंज लोकसभा सीट में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से चार पर भाजपा और उसके सहयोगी दलों का कब्जा है तो एक सीट कांग्रेस के पास है।

**18%** वोटों के अंतर से भाजपा ने पिछली बार सपा-बसपा का गठबंधन होने पर जीती थी सीट

### 2019 का परिणाम

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | पंकज चौधरी | 7,26,349 | 59.20 |
| सपा | अखिलेश सिंह | 3,85,925 | 31.45 |
| कांग्रेस | सुप्रिया श्रीनेत | 72,516 | 5.91 |
| - | - | - | - |

### 2014 का जनादेश

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | पंकज चौधरी | 4,71,542 | 44.65 |
| बसपा | काशी नाथ शुक्ल | 2,31,084 | 21.88 |
| सपा | अखिलेश सिंह | 2,13,974 | 20.26 |
| कांग्रेस | हर्ष वर्धन | 57,193 | 5.42 |

### दो चौधरी, असमंजस में कुर्मी वोटर

महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र में कुर्मी वोटरों की बहुलता है, जिनका एकमुश्त समर्थन पंकज चौधरी को मिलता रहा है। लेकिन इस बार कांग्रेस से वीरेंद्र चौधरी के चुनाव लड़ने के कारण कुर्मी मतों में बंटवारा होना तय माना जा रहा है। वीरेंद्र चौधरी अब तक पांच बार विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। इस कारण क्षेत्र में पहचान और प्रभाव रखते हैं। 2017 के चुनाव में वह मात्र दो हजार वोट से हार गए थे। इसके चलते इलाके में कुछ लोग इसे दो चौधरियों की जंग भी बता रहे हैं।

लेकिन इस लड़ाई में बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी मोहम्मद मौसमे आलम पर दांव लगाकर इंडिया गठबंधन की चुनौती को कमजोर करने का प्रयास किया है। देवरिया सीट पर अन्य पिछड़ा वर्ग के लगभग 25% मतदाता हैं, इनमें कुर्मी वोटर 10% और यादव 9% गिने जाते हैं। अनसूचित जाति के 18% और मुस्लिम समुदाय के मतदाताओं की संख्या 17% है।

ब्राह्मण लगभग 8%, वैश्य और निषाद मतदाता 7-7 % तथा क्षत्रिय मतदाताओं की संख्या लगभग 3% है। भाजपा और कांग्रेस दोनों तरफ से जातीय समीकरण साधने का प्रयास हो रहा है।

## हिमाचल में दो मोर्चों पर छिड़ा चुनावी घमासान

सरकार का संघर्ष

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** हिमाचल प्रदेश में चार लोकसभा और छह विधानसभा सीटों पर हो रहे उप चुनाव के लिए सातवें और अंतिम चरण में पहली जून को वोट डाले जाएंगे। यहां सभी सीटों पर कांग्रेस और भाजपा के बीच कड़ा मुकाबला देखने में आ रहा है। भाजपा ने साल 2014 और 2019 के चुनाव में राज्य की सभी चार लोकसभा सीटें जीतकर क्लीन स्वीप किया था, पार्टी इस बार जीत की हैट्रिक लगाने के साथ विधानसभा की छह सीटों पर भी कमल खिलाने की पुरजोर कोशिश में लगी है, ताकि राज्य में कांग्रेस की सुक्खू सरकार के पतन का मार्ग प्रशस्त किया जा सके।

हिमाचल प्रदेश में लोकसभा की चार सीटें हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी और शिमला हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा ने सभी चारों सीटें जीती थीं, लेकिन साल 2021 में मंडी सीट से भाजपा के सांसद रामस्वरूप शर्मा का निधन हो जाने के बाद हुए उपचुनाव में कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने जीत का परचम लहरा दिया था। इस बार प्रतिभा सिंह के पुत्र विक्रमादित्य सिंह मंडी लोकसभा सीट पर भाजपा की उम्मीदवार फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत का मुकाबला कर रहे हैं। मंडी सीट को राज्य की सबसे हॉट सीट माना जा रहा है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने यहां अपनी प्रतिष्ठा लगा रखी है। बसपा ने मंडी में डॉ. प्रकाश चंद भारद्वाज को उतारा है। लेकिन सीधा और दिलचस्प संघर्ष भाजपा तथा कांग्रेस के बीच ही हो रहा है।

शिमला लोकसभा सीट पर भाजपा के सुरेश कुमार कश्यप के सामने कांग्रेस से विनोद सुल्तानपुरी चुनाव लड़ रहे हैं। यहां बसपा से अनिल कुमार मंगेट प्रत्याशी हैं। हमीरपुर लोकसभा सीट पर केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर को कांग्रेस से सतपाल रायजादा चुनौती दे रहे हैं। यहां बसपा से हेमराज चुनावी मैदान में हैं। जानकारों के मुताबिक यहां अनुराग ठाकुर को कांग्रेस के मुकाबले बढ़त मानी जा रही है। राज्य की कांगड़ा लोकसभा सीट पर भाजपा के डॉ. राजीव भारद्वाज को दिग्गज कांग्रेस नेता आनंद शर्मा की चुनौती से जूझना पड़ रहा है। आनंद शर्मा पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। देर से टिकट घोषित होने के कारण पूरे क्षेत्र में प्रचार नहीं कर पाए हैं। यहां बसपा ने रेखा चौधरी पर दांव लगा रखा है।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें


मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू।


भाजपा नेता जयराम ठाकुर।


मंडी से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह।


मंडी से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत।

- 2014 और 2019 में राज्य की सभी चार लोकसभा सीटें जीतने वाली भाजपा इस बार जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश में
- मंडी सीट पर कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह और भाजपा उम्मीदवार फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के मुकाबले पर सभी की नजर

### कांग्रेस के लिए छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव जीतना बेहद जरूरी

- हिमाचल में कांग्रेस और भाजपा दोनों दलों के नेताओं की लोकसभा चुनाव से ज्यादा दिलचस्पी छह सीटों पर हो रहे उपचुनाव को लेकर दिख रही है। इसकी वजह यह है कि इन छह सीटों के परिणाम राज्य में सत्ता परिवर्तन या मौजूदा सरकार का भविष्य तय करेंगे। दरअसल लोकसभा चुनाव से पहले हुए राज्यसभा के चुनाव में कांग्रेस विधायकों की बगावत की वजह से सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार संकट में फंस गई थी। प्रदेश से राज्यसभा की एक सीट के चुनाव में कांग्रेस के छह विधायकों की बगावत के कारण राज्यसभा पार्टी के उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी चुनाव हार गए थे और भाजपा के हर्ष महाजन को जीत मिली थी। बाद में विधानसभा के स्पीकर ने इन छह बागी विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया था। इसी कारण इन न सीटों पर उपचुनाव हो रहा है। कांग्रेस के सभी बागी विधायक भाजपा में शामिल हो गए थे और भाजपा ने इन्हें टिकट देकर कमल निशान से चुनावी मैदान में उतार रखा है। ऐसे में उपचुनाव वाली सभी सीटों पर कांग्रेस पूरा जोर लगा रही है, ताकि जीत हासिल करके सरकार पर आने वाला संकट टला जा सके।

## सलेमपुर में बसपा की चुनौती से बना त्रिकोणीय संघर्ष

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** सलेमपुर लोकसभा सीट पर भाजपा ने दो बार के सांसद रवींद्र कुशवाहा को मैदान में उतार कर जीत की हैट्रिक लगाने का मौका दिया है। यहां उनका मुकाबला सपा प्रत्याशी पूर्व सांसद रमाशंकर राजभर से है। रमाशंकर राजभर साल 2009 में बीएसपी के टिकट पर सांसद चुने गए थे। लेकिन बसपा ने यहां भीम राजभर को चुनावी मैदान में उतार कर राजभर वोटों में सेंध लगा रखी है। सलेमपुर लोकसभा सीट पर पिछड़ी जातियों का दबदबा है। इसमें 32 प्रतिशत माने जाने वाले कुर्मी और राजभर मतदाता जीत-हार का गणित तय करते हैं। यहां 18 फीसदी कुर्मी, मौर्य और कुशवाहा तो 14 फीसदी राजभर मतदाता गिने जाते हैं। अनुसूचित जाति के मतदाता 15 फीसदी हैं। साल 2019 के चुनाव में भाजपा के रवींद्र कुशवाहा ने 4.67 लाख वोट पाकर बसपा के आरएस कुशवाहा को 1.12 लाख वोटों से हराया था। सुभासपा के राजाराम को 33 हजार और कांग्रेस प्रत्याशी राजेश कुमार मिश्रा को 27 हजार से कुछ अधिक वोट मिले थे। सलेमपुर लोकसभा सीट के तहत पांच विधानसभा सीटें आती हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में तीन सीटों पर भाजपा तथा समाजवादी पार्टी और सुभासपा ने एक-एक सीट पर जीत दर्ज की थी।


**दीदी का रोड मार्च** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अंतिम चरण के लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए कोलकता में सड़क मार्च करके टीएमसी समर्थकों में जीत का जोश भरा।


**हम में है दम** बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा मुखिया अखिलेश यादव ने जनसभा करके वोट मांगे।

## ओडिशा में सरकार बनाने के दावों से साधी दिल्ली की लड़ाई

6 सीटों का रण

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** ओडिशा में सातवें और अंतिम चरण में छह लोकसभा सीटों मयूरभंज, बालासोर, भद्रक, जाजपुर, केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर के साथ इनसे संबंधित 42 विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे। इस बार राज्य में बीजद और भाजपा दोनों ने सरकार बनाने के दावे के साथ सरकार गठन के शपथ ग्रहण के दिन की घोषणा भी कर रखी है। साल 2019 के चुनाव में भाजपा ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए आठ सीटें जीती थीं, जबकि बीजद की सीटों की संख्या घटकर 12 रह गई थी। इससे पहले 2014 के चुनाव में बीजद ने 20 सीटें जीती थीं, जबकि भाजपा एक ही सीट जीत पाई थी। सामान्यतया लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ-साथ होने पर अधिकांश मौकों पर मतदाता एक ही पार्टी को चुनते रहे हैं, शायद यही वजह है कि भाजपा और बीजद लोकसभा चुनाव का प्रचार तो कर रहे हैं, लेकिन असली लड़ाई का मोर्चा विधानसभा चुनाव में खोल रखा है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और उनके करीबी सहयोगी वीके पांडियन पर भाजपा खासी हमलावर है। गृह मंत्री अमित शाह से लेकर चुनाव प्रचार में भाजपा का हर बड़ा नेता ओडिशा के गौरव और सम्मान का सवाल उठाकर यह आरोप लगाता रहा है कि एक तमिल बाबू ओडिशा में शासन कर रहे हैं। एक तमिल व्यक्ति ओडिशा पर कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। भाजपा सत्ता में आने पर युवा उड़िया भाषी को मुख्यमंत्री बनाएगी।




- भाजपा और बीजद दोनों ने राज्य में सरकार के शपथ ग्रहण के दिन की कर रखी है घोषणा
- साल 2019 के चुनाव में भाजपा ने लोकसभा की आठ और बीजद ने जीती थीं 12 सीटें

### बालासोर में इस बार फिर हो रहा है त्रिकोणीय मुकाबला

- बालासोर में इस बार फिर त्रिकोणीय मुकाबला हो रहा है। यहां भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और मौजूदा सांसद प्रताप चंद्र सारंगी को मैदान में उतारा है। उनका मुकाबला कांग्रेस से पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीकांत कुमार जेना कर रहे हैं। यहां बीजद ने भाजपा से आईं लेखाश्री सामंतसिंघर पर दांव लगाया है। 2014 के चुनाव में बीजद उम्मीदवार ने 41.33 प्रतिशत वोट हासिल करेक भाजपा उम्मीदवार को हराया था। 2019 के चुनाव में भाजपा ने 41.79 प्रतिशत वोट पाकर बीजद को हराया था।

### राष्ट्रपति मुर्मू के मयूरभंज में फिर जीतेगी भाजपा ?

- आदिवासी बहुल मयूरभंज लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीट है और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम से जानी जाती है। राष्ट्रपति का गृहनगर होने के नाते इस सीट पर हर किसी की नजर है। वर्तमान में यहां भाजपा सांसद बिश्वेश्वर टुडू हैं। लेकिन भाजपा ने द्रौपदी मुर्मू के विश्वासपात्र नबा चरण माझी को मैदान में उतारा है, जो रायरंगपुर से विधायक हैं। रायरंगपुर सीट का राष्ट्रपति मुर्मू ने 2009 तक दो बार प्रतिनिधित्व किया था। बीजद ने मयूरभंज सीट पर सुदाम मारंडी को उतारा है। इंडिया गठबंधन से इस सीट पर झामुमो संस्थापक शिबू सोरेन की बेटी अंजलि सोरेन एक बार फिर किस्मत आजमा रही हैं। अंजिल 2019 में भी यहां से चुनाव लड़ी थीं।

### जाजपुर में बीजद और भाजपा का संघर्ष

- जाजपुर सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। भाजपा ने रवींद्र नारायण बेहरा और कांग्रेस ने आंचल दास को मैदान में उतारा है। 2019 में बीजद की शर्मिष्ठा सेठी ने 1,01,693 वोटों से सीट जीती थी। शर्मिष्ठा सेठी को 5,44,020 वोट मिले थे और उन्होंने भाजपा के अमियकांता मलिक को हराया था।

| ओडिशा वोट शेयर 2019 पार्टी | सीट | वोट % |
|---|---|---|
| बीजद | 12 | 42.8 |
| भाजपा | 8 | 38.4 |
| कांग्रेस | 01 | 13.8 |

### भद्रक में फिर से रोमांचक मुकाबले की तस्वीर

- भद्रक लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भद्रक से बीजद को जीत मिली थी। बीजद की मंजूलता मंडल ने भाजपा प्रत्याशी अविमन्यू सेठी को 28,803 मतों के अंतर से हरा दिया था। मंजूलता को 5,12,305 तो अविमन्यू सेठी को 4,83,502 वोट मिले थे। कांग्रेस की मधुमिता सेठी ने 2,07,811 वोट हासिल किए थे। भाजपा ने इस बार भी यहां बीजद सांसद मंजूलता मंडल के सामने पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजद नेता अर्जुन चरण सेठी के बेटे अविमन्यु सेठी को ही मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने इस बार वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद अनंत प्रसाद सेठी को मौका दिया है।

### जगतसिंहपुर में भाजपा को पहली जीत की तलाश

- जगतसिंह पुर आरक्षित लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी पूर्व सांसद बिभू प्रसाद तराई, कांग्रेस के रवीन्द्र कुमार सेठी का मुकाबला बीजद की सांसद डॉ. राजश्री मल्लिक से हो रहा है। यहां भाजपा को अपनी पहली जीत की तलाश है। बीजद की राजश्री मल्लिक ने 2019 में चुनाव भाजपा के विभु प्रसाद तराई को हराया था। बीजद और भाजपा को क्रमश: 50.44% और 28.34% वोट मिले थे। 2014 में बीजद प्रत्याशी कुलमणि सामल इस सीट से जीते थे। उन्होंने तब कांग्रेस में रहे बिभू प्रसाद तराई को हराया था। कांग्रेस यहां 1998 से जीत के लिए तरस रही है।

## एक नजर

### आपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में जांच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट संचालित किए जा रहे हैं। 16 मार्च से 27 मई तक पुलिस विभाग ने आपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए हैं। वहीं, 4766 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराए गए हैं। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 28,28,174 लोगों को पाबंद किए जाने के नोटिस किए गए, जिनमें से 26,82,469 लोगों को पाबंद किया जा चुका है।

# निवेशकों के लंबित प्रकरणों पर शासन सख्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ समय सीमा निर्धारित कर मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को भेजी गई

**30 दिनों में हो निर्णय**

आवास एवं शहरी नियोजन, नगर विकास विभाग तथा अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास में धारा–80 के अंतर्गत कार्रवाही को लेकर निर्देश दिया गया कि इन विभागों में अनापत्ति के लिए 30 दिन की समय निर्धारित किया गया है। तीन दिनों के भीतर आपत्ति अथवा अनापत्ति का निर्णय नहीं होने की स्थिति में इसे डीम्ड टू नो आब्जेक्शन मानकर निस्तारित कर दिया जाएगा।

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता- 2006 की धारा- 80, 89, 98 एवं 101 के अंतर्गत तहसीलों और कलेक्ट्रेट से की जाने वाली कार्रवाइयों का समय से निस्तारण न होने से शासन सख्त हो गया है। शासन ने मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर इन मामलों का त्वरित निस्तारण कराने को कहा है। साथ ही पुनः समय सीमा निर्धारित की है। अधिकारियों का कहना है कि निस्तारण में देरी के कारण निवेश मित्र पोर्टल पर कई प्रकरण लंबित दिख रहे हैं, जिसके कारण निवेशकों और उद्यमियों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

**डीएम, एसडीएम इतने दिनों में निपटाएं मामलेः** राजस्व संहिता की धारा–80 का निस्तारण एसडीएम स्तर का अधिकारी करता है। निस्तारण की समय सीमा 45 दिन निर्धारित की गई है। धारा-89 का निस्तारण (20.2344 हेक्टेयर तक) जिलाधिकारी करता है। इसकी समय सीमा भी 45 दिन रखी गई है। शासन ने जिलाधिकारी के प्रस्ताव प्राप्त होने पर राजस्व परिषद एवं संबंधित विभाग की संस्तुति प्राप्त करने की प्रक्रिया (40.4688 हे.) के लिए 30 दिन निर्धारित किया है। धारा-98 के लिए (कलेक्टर की अनुज्ञा प्राप्त करने के लिए) कुल 45 दिन निर्धारित किया है।

जबकि धारा-101 के (सामान्य श्रेणी की भूमि) निस्तारण के लिए एसडीएम के लिए 45 दिन का समय निर्धारित किया गया है। इसके अलावा आरक्षित श्रेणी की भूमि के लिए 60 दिन का समय दिया गया है। मंडलायुक्तों को निर्देश है कि धारा-101 (आरक्षित श्रेणी की भूमि) के लिए भारत सरकार व राज्य सरकार के वाणिज्यिक विभाग के लिए 40 लाख से अधिक की वस्तु की अनुज्ञा के लिए 60 दिन तथा निजी उद्योगों, संस्था एवं न्यास के लिए भी 60 दिन निर्धारित किया गया है।

### बीमा कंपनी देगी 35 लाख रुपये क्लेम, ब्याज भी

अमृत विचार, लखनऊ : आर्मी साइकिल स्टोर, शाहजहांपुर रोड नकटिया बरेली में आग लगने पर चोलामंडलम एमएस जनरल इंश्योरेंस कंपनी बीमाधारक को 60 दिन में 35 लाख रुपये क्षतिपूर्ति व ब्याज देगी। साथ ही 2.52 लाख रुपये हर्जाना भी अदा करेगी।

यह आदेश राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष अशोक कुमार ने कंपनी द्वारा निरस्त की गई अपील पर दिया है। प्रोपराइट जयदेवी पत्नी स्व. सुखदेव सिंह ने 21 मई 2017 को अपने आर्मी साइकिल स्टोर का कंपनी से बीमा कराया था। बीमित राशि 65.42 लाख रुपये थी।

# इंटर कॉलेजों में शुरू होगी करियर काउंसिलिंग क्लास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ छात्रों को बेहतर करियर के लिए किया जायेगा गाइड

**अमृत विचारः** सरकारी इंटर कॉलेजों में नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों के लिए अब करियर काउंसिलिंग क्लास भी आयोजित की जायेगी। जिसमें 12वीं के बच्चों को बताया जायेगा कि वह इंटर के बाद किस करियर को चुने या फिर आगे की पढ़ाई के लिए क्या करें। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की ओर से सभी कॉलेजों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

शैक्षिक सत्र 2024-25 में छात्रों को इसका लाभ मिलेगा। छात्र भी शिक्षकों से करियर को लेकर अपनी जिज्ञासा को दूर कर सकेंगे। कई बार छात्रों को 12वीं की पढ़ाई के बाद नहीं पता होता है कि उन्हें क्या करना है, इसको ध्यान में रखते हुए ये क्लास शुरू की जायेगी। निदेशालय की ओर से इस बारे में भी जिला विद्यालय निरीक्षकों और संयुक्त शिक्षा निदेशकों को आदेश जारी किए गये हैं कि हर सरकारी विद्यालय में इसका कड़ाई से पालन कराया जाए।

# न्याय के लिए ग्रामीणों की नहीं घिसेगी चप्पल

## तहसील स्तर पर ग्राम न्यायालय बनाकर शहर से दूर गांवों में न्याय दिलाने की प्रकिया को आसान बनाने की कवायद

अजय दयाल, लखनऊ

▶▶ नौ न्यायाधिकारियों की नियुक्ति के साथ राज्य सरकार ने रखा मील का पत्थर

▶▶ पीड़ित को इंसाफ पाने के लिए गांव से दूर स्थित अदालत नहीं जाने की पड़ेगी जरूरत

▶▶ विशेष मौके पर मोबाइल कोर्ट के माध्यम से भी होगी संबंधित गांव की सुनवाई

**अमृत विचारः** न्याय की आस में अब पीड़ित ग्रामीणों की शहर की अदालतों में चक्कर लगाते-लगाते चप्पल नहीं घिसेगी। गांव में ही तहसील व पंचायत स्तर पर बने ग्राम न्यायालय में उन्हें न्याय दिलाने की प्रक्रिया में तेजी लायी जा रही है। किसी भी सूरत में छह माह की समय सीमा में वाद का निपटारा कर दिया जाएगा। ऐसे में घर बैठे ग्रामीणों को त्वरित और सुगम न्याय मिलेगा। हाल ही में नौ न्यायाधिकारियों की नियुक्ति के साथ राज्य सरकार ने इस दिशा में मील का पत्थर रख दिया है।

दरअसल, शहर से दूर गांवों में न्याय दिलाने की प्रकिया को आसान बनाने के लिए भारत सरकार ने ग्राम न्यायालय अधिनियम 2008 पारित किया था। इसके लिए सरकार ने सभी राज्यों को निर्देशित भी किया था। इनको तहसील स्तर पर बनाने का प्रावधान था। इसी कड़ी में लगभग डेढ़ दशक बाद ही सही अब तेजी से गांव स्तर पर एक के बाद बाद कोर्ट स्थापित किए जा रहे हैं। 22 मई को नौ जिलों के तहसील मुख्यालयों पर स्थापित गांव न्यायालय में न्यायाधिकारी नियुक्त किए गए हैं। ये सभी सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) संवर्ग के अधिकारी हैं।

वहीं ग्राम न्यायालयों में दीवानी मामलों में आपसी समझौतों और फौजदारी मामलों में 'प्ली बार्गेनिंग' के माध्यम से मामलों का निपटारा करने की व्यवस्था भी की गई है।

### मुकदमों की बढ़ती संख्या का बोझ कम किया जा सकेगा


इस कवायद के पीछे उद्देश्य यह है कि किसी भी ग्रामीण को आर्थिक, सामाजिक या किसी और कारण से न्याय से वंचित न रहना पड़े। इससे जिला स्तरीय अदालतों पर मुकदमों की बढ़ती संख्या का बोझ कम किया जा सकेगा और लंबित पड़े मामलों की सुनवाई में तेजी आएगी। साथ ही किसी पीड़ित को इंसाफ पाने के लिए घर से बहुत दूर बने अदालतों के चक्कर नहीं लगना पड़ेंगे।

### इन न्यायाधिकारियों को किया गया नियुक्त

तहसील मुख्यालय बिल्सी (बदायूं) में अर्जित वर्मा, चकरनगर (इटावा) में रजत शर्मा, जखनिया (गाजीपुर) में जीशान मेहदी, कैम्पियरगंज (गोरखपुर) में दीक्षा त्यागी, शाहगंज (जौनपुर) में विपिन कुमार चौरसिया, बदलापुर (जौनपुर) में आशुतोष सिंह, मरिहान (मीरजापुर) में प्रीति द्वितीय, बिलारी (मुरादाबाद) में अशोक कुमार–चतुर्दश और बिलासपुर (रामपुर) में कु. श्वेता को नियुक्त किया गया है। ये सभी सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) संवर्ग से हैं।

### इस तरह और ऐसे मामलों की हो सकेगी सुनवाई

ग्रामीण न्यायालय की स्थापना की मंशा लोगों के घर तक न्याय को पहुंचाने की है। इतना ही नहीं, उद्देश्य होगा कि त्वरित व सुलभता से न्याय मिल सके। खास बात यह कि मोबाइल कोर्ट के माध्यम से भी संबंधित गांव में विशेष मौके पर सुनवाई हो सकेगी। हालांकि ग्राम न्यायालयों में सिर्फ उन्ही मामलों की सुनवाई की जाएगी जिनमें अधिकतम सज़ा दो वर्ष का कारावास (जुर्माने के साथ या बगैर) या इससे कम हो, अपराध क्षमायोग्य हो आदि। इस इसके अलावा इस कोर्ट में बिजली चोरी, 125–सीआर पीसी, बाइक चालान सहित सिविल केस आदि की सुनवाई भी की जा सकेगी।



“ग्राम पंचायत स्तर पर न्यायालयों की तक पहुंच से लोगों के लिये समय और धन की बचत होगी। लंबित मामलों में एक बड़ी संख्या उन मामलों की भी है जिनका आपसी सुलह या मध्यस्थता से निस्तारण किया जा सकता है, ग्राम न्यायालयों के गठन से ऐसे मामलों में भारी कमी आएगी। जनता में विधि व्यवस्था के प्रति विश्वास बढ़ेगा।

–**राघवेंद्र प्रताप सिंह**, वरिष्ठ अधिवक्ता, फखरपुर, बहराइच



“न्यायाधिकारियों की ग्रामीण स्तर पर नियुक्तियां करने के साथ उनकी व्यवहारिक सुविधाओं और सुरक्षा का भी ध्यान रखना होगा। उनके आवागमन और रहने के स्थान की क्या व्यवस्था होगी। –**शैलेन्द्र टंडन**, सेवानिवृत्त न्यायाधीश, लखनऊ

# जीएनएम एकीकृत प्रवेश परीक्षा शासन के लिए बनी समस्या

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** जनरल नर्स मिडवाइफरी (जीएनएम) कोर्स में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से दाखिला लेने के निर्णय के खिलाफ नर्सिंग कॉलेजों की आपत्तियां दिन पर दिन बढ़ती जा रही हैं। आनन-फानन में नर्सिंग कॉलेजों में दाखिले के लिए एकीकृत प्रवेश परीक्षा कराने के निर्णय के खिलाफ शासन प्रशासन में शिकायतों का पुलिंदा बढ़ता जा रहा है। इस प्रक्रिया को लागू न करने के पीछे कॉलेजों द्वारा अपने-अपने तर्क भी दिये जा रहे हैं।

आपत्ति दर्ज कराने वालों में बरेली स्थित चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस के सुधांशु मिश्रा का कहना है कि मिशन निरामया के अंतर्गत बीएससी नर्सिंग व जीएनएम आदि पाठ्यक्रमों के प्रति लड़कियों में आकर्षण बढ़ाने के लिए राज्य सरकार के निर्देश पर हम मेंटर को विभिन्न इंटर कॉलेजों में भेजा गया था। हम लोगों ने नर्सिंग पाठ्यक्रम की उपयोगिता और उज्जवल भविष्य की संभावनाओं को लेकर काउंसिलिंग की थी, दाखिले के लिए छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को बताया था कि 12 वीं के प्राप्तांक की मेरिट से लिए जाते हैं, उसी को आधार पर फार्म देकर कॉलेज स्तर पर रजिस्ट्रेशन किये गए थे।

### प्रवेश परीक्षा का औचित्य नहीं

प्रवेश परीक्षा के औचित्य पर सवाल उठाते हुए सुधांशु मिश्रा ने बताया कि वर्तमान सरकार में 10 वीं व 12 वीं परीक्षाएं नकल विहीन हो चुकी हैं, यानि शिक्षित बच्चे ही उत्तीर्ण हो रहे हैं, ऐसे में डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा कराने से छात्र–छात्राओं की योग्यता के साथ ही कॉलेजों में आवंटित सीटों पर शत–प्रतिशत दाखिले होने पर भी संकट गहरा जायेगा, गत वर्ष नई व्यवस्था से बीएससी नर्सिंग में सीटे खाली रह जाने का परिणाम भुगत रहे हैं।

### दो साल पहले जारी करें गाइड लाइन

कॉलेज प्रबन्धक का कहना है कि अगर दाखिले के लिए नई नीति लागू करनी है तो को सत्र शुरु करने के कम से कम दो साल पहले ही गाइड लाइन के साथ सूचना जारी कर देनी चाहिए, ताकि कॉलेज प्रबन्धन के साथ छात्र और अभिभावक भी मानसिक रूप से तैयार रहें।

### शासन के निर्णय से बनी असमंजस की स्थिति

दाखिले को लेकर नई नीति की जानकारी न ही उप्र.स्टेट मेडिकल फैकल्टी की वेबसाइट पर दी गई और न ही कॉलेज प्रबन्धकों को पत्राचार द्वारा सूचित किया गया है। समाचार पत्रों के माध्यम से मिली जानकारी से दाखिला ले चुके छात्र के साथ ही अभिभावक परेशान हैं और लगातार नर्सिंग कॉलेज प्रबन्धक व प्रधानाचार्यो से संपर्क कर रहे हैं, जबकि कॉलेज प्रशासन के पास भी संबन्धित स्पष्ट और समुचित जानकारी नहीं है। असमंजस की इस स्थिति खत्म नहीं हो रही है।

### बिजली आपूर्ति बाधित होने से रुकी मेट्रो

**अमृत विचार, लखनऊः** बिजली आपूर्ति बाधित होने से मंगलवार को दोपहर 3:15 मिनट पर हनुमान सेतु के पास दो मिनट के लिए मेट्रो के पहिए थम गए। इसका वीडिओ भी सामने आया है। मेट्रो की तरफ से ज्येष्ठ के मंगल को यात्रियों से मेट्रो से यात्रा करने की अपील की गई थी।

लखनऊ मेट्रो के पीआरओ पंचानन मिश्रा ने बताया कि उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) की बिजली आपूर्ति बाधित होने से समस्या उत्पन्न हुई। दो मिनट मेट्रो का संचालन रुका था। मेट्रो रुकने के अन्य कारणों की भी जांच की जा रही है।

# गाजीपुरः न विकास, न रोजगार, यहां मुद्दा है मुख्तार

विनय सिंह, लखनऊ

▶▶ मौत के दो महीने बाद भी गाजीपुर के चुनाव में जिंदा है मुख्तार अंसारी

**अमृत विचारः** छह चरणों का चुनाव समाप्त हुआ अब पहली जून को सातवें चरण का चुनाव होना है। सातवें चरण की सबसे हॉट सीट गाजीपुर इस समय सर्वाधिक चर्चा का विषय बना हुआ है। यहां पर मुख्तार अंसारी के बड़े भाई अफजाल अंसारी तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं।

यह सीट चर्चा का विषय इसलिए भी है, क्योंकि गाजीपुर मुख्तार अंसारी का गढ़ रहा है। इस चुनाव में मुख्तार अंसारी की मौत को विक्टिम के रूप में दर्शा कर वोटों की फसल काटने का भी प्रयास हो रहा है। हालांकि भाजपा मुख्तार की मौत को माफिया उन्मूलन से जोड़ते हुए अपने लक्षित वोटों पर निशाना साध रही है। खासबात यह है कि अपनी मौत को दो महीने बाद भी मुख्तार अंसारी गाजीपुर के चुनाव में जिंदा है। विकास अथवा रोजगार यहां मुद्दा नहीं है।

गाजीपुर संसदीय सीट पर चल रहा चुनाव प्रचार चरम पर है। आश्चर्य की बात यह है कि यहां पर विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि पर चर्चा ही नहीं हो रही। यहां पर चर्चा सिर्फ मुख्तार अंसारी की है।

### भाजपा भी जोर-शोर से दे रही है जवाब

मुख्तार अंसारी को लेकर इंडी गठबंधन की ओर से विक्टिम कार्ड भी खेला जा रहा है। गठबंधन से जुड़े कार्यकर्ता मुख्तार की मौत को भाजपा की ज्यादती बताकर वोट मांग रही है। उधर, मुख्तार की मौत का जवाब भाजपा भी जोर–शोर से दे रही है। कार्यकर्ता मुख्तार की मौत को माफिया उन्मूलन से जोड़ते हुए वोट मांग रहे हैं। मुख्तार की मौत सही अथवा गलत, इस सोंच पर मतदाता दो भागों में बंट गए हैं। आश्चर्य की बात यह है कि गाजीपुर के विकास लिए केंद्र की वर्तमान सरकार अथवा पूर्व की सरकारों ने क्या किया, क्या नहीं किया, यह चर्चा का विषय ही नहीं है। रोजगार जैसा सार्वभौमिक मुद्दा भी यहीं पर नहीं गूंज रहा है। यह अलग बात है कि चुनाव प्रचार के लिए गाजीपुर पहुंचने वाले भाजपा और इंडी गठबंधन के बड़े नेता इन मुद्दों को जरूर अपने–अपने भाषणों में शामिल करते हैं। अब प्रत्याशी की जीत ही बताएगी कि मुख्तार का मुद्दा प्रासंगिक था य जनता ने इस मुद्दे को नकार दिया।

## वर्ग पहेली-84

**बाएं से दाएं**

4. 1. अध्ययन या शोधकार्य हेतु प्रदत्त या प्राप्त वृत्ति, अध्येतावृत्ति 2. मैत्री, भाईचारा, मेलजोल, मिलाप 3. समान विचार वाले लोगों का समूह, समाज या संघ।

5. 1. सूखे पत्तों के टूटने से उत्पन्न शब्द 2. हिंसक पशुओं के रहने का स्थान, मांद।

6. अच्छे चाल–चलन वाला, सच्चरित्र, सदाचारी।

9. 1. आसानी का भाव, बिना किसी असुविधा की स्थिति 2. सुख

10. 1. ठहरने का स्थान या जगह 2. स्थान, जगह 3. पड़ाव 4. ठहराव 5. घर, वासस्थल 6. भूमिका।

**ऊपर से नीचे**


1. 1. मंथन, मर्दन 2. मन में उठने वाली उहापोह की स्थिति 3. क्षोभ 4. द्वंद्व।

2. 1. कुएं के मेढक की तरह एक ही जगह रहने या सीमित स्थान को ही दुनिया समझ लेने की अवस्था या भाव 2. बाहर की दुनिया की जानकारी की कमी, अल्पज्ञता।

3. 1. कृपालु, दयालु, अनुग्राहक, अनुग्राही 2. दयावान, दयावंत, दयाशील।

7. 1. छोटी लता 2. बेल।

8. 1. एक सेर का चौथाई भाग, पाव 2. इस मान का बटखरा 3. रुतबा, पद 4. बरतन जिसमें पाव भर दूध आता है।



### वर्ग पहेली -83 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 श | रा | स | न | | | 2 पु |
| | | | | 3 बं | द | नी |
| | | 4 ब | | दा | | ता |
| | 5 म | हा | ज | न | | |
| 6 दं | दा | ना | | 7 वा | क | या |
| | र | | | ज़ | | |
| | | 8 खा | टी | | 9 धे | री |

## सुडोकू -163

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | 4 | | | |
| 6 | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | 2 | | | | | | | 8 |
| | | | | | | | | |
| 8 | | | | 7 | | | | 4 |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | 9 |
| | 4 | | | | 5 | | | |

### सुडोकू -162 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 8 | 5 | 9 | 6 | 7 |
| 7 | 8 | 5 | 9 | 2 | 6 | 4 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 9 | 7 | 1 | 3 | 2 | 8 | 5 |
| 5 | 3 | 1 | 6 | 9 | 8 | 7 | 4 | 2 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 4 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 5 | 9 | 6 |
| 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 2 | 9 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 5 | 4 |
| 4 | 9 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 8 |

# स्मार्ट क्लास में पढ़ेंगे सरकारी विद्यालयों के छात्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ समग्र शिक्षा के अन्तर्गत स्मार्ट क्लास के लिए बीईओ और एसआरजी को दिया गया प्रशिक्षण

**अमृत विचारः** सरकारी प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों सहित कस्तूरबा गांधी बालिक विद्यालय के बच्चे अब डिजिटल प्रणाली के तहत स्मार्ट क्लास में पढ़ेंगे। बच्चे जब गर्मियों की छुट्टी के बाद अपने स्कूल पहुंचेंगे तो उन्हें अपनी कक्षा में एक बड़े टीवी स्क्रीन की तरह इन्ट्रैक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले उपकरण दिखाई पड़ेगा। शिक्षक बच्चों को इसी के माध्यम से पढ़ायेंगे।

मंगलवार को आईसीटी आधारित तकनीकि प्राविधि विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में मंडल के सभी खंड शिक्षा अधिकारी और एसआरजी को राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि किस तरह से डिजिटल बोर्ड पर बच्चों को पढ़ाया जा सकता है। प्रशिक्षण की शुरूआत शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा व अपर राज्य परियोजना निदेशक मधुसुदन हुल्गी, प्रोजक्ट डायरेक्टर रॉबिन सरकार ने की।

इस दौरान एससीईआरटी के निदेशक गणेश कुमार, संयुक्त निदेशक पवन सचान, पुष्पा रंजन, सहायक उप शिक्षा निदेशक, प्रशिक्षण, दीपा तिवारी, सहायक शिक्षा निदेशक, डायट् प्राचार्य अजय कुमार सिंह, शिव नाडर फाउण्डेशन से प्रोजेक्ट डायरेक्टर रॉबिन सरकार, एजीएम मंयक सिन्हा, मुख्य प्रशिक्षक प्रीति शर्मा भी उपस्थित रहे।

**अब जिले स्तर पर शिक्षकों को करना होगा प्रशिक्षित :** प्रशिक्षण में मंडल के सभी खंड शिक्षा अधिकारी और एसआरजी विद्यालयों में जाकर शिक्षकों को भी प्रशिक्षित करेंगे। ताकि बच्चों को आसानी से डिजिटल बोर्ड के जरिए शिक्षा प्रदान की जा सके।


**एनईपी के तहत बच्चों को रोचक ढंग से पढ़ाने का लक्ष्यः** विद्यालयों में आईसीटी आधारित स्मार्ट क्लास स्थापित करने की दिशा में इन्ट्रैक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले उपकरण विद्यालयों को वितरित किया जा रहा है। इसके माध्यम से कक्षा 1 से 8 तक के विधार्थियों को डिजिटल प्रणाली से शिक्षा दी जाएगी। ताकि बच्चे रोचक एवं प्रभावी ढंग से पढ़तें हुए कक्षावार अधिगम दक्षता को निरन्तर प्राप्त करते रहे।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 मई बुधवार 2024 संवत–2081, शक संवत 1946 मास–ज्येष्ठ, पक्ष–कृष्ण पक्ष, तिथि–षष्ठी 13.39 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल–उत्तर। ऋतु–ग्रीष्म।
चन्द्रबल–मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल–अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र–श्रवण 08.38 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

**मेष** – आज कार्यक्षेत्र की अव्यवस्था को दूर करने को लेकर आप काफी प्रतिबद्ध रहेंगे। रक्तचाप के रोगी अपनी सेहत का ध्यान रखें। अधिकारी वर्ग की अपेक्षा आपसे बढ़ सकती है। यदि विदेश में नौकरी ढूंढ रहे हैं तो आज का दिन काफी अनुकूल रहेगा।

**वृष** – आज धार्मिक कृत्यों का दिखावा करने से बचें। पिता को लेकर कुछ तनाव हो सकता है। कृषि से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। स्थान–परिवर्तन की योजना बना सकते हैं। कारोबार में बड़ा बदलाव करने से आपको बचना चाहिए।

**मिथुन** – आज व्यवसाय से जुड़े लोगों को ग्राहकों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। पैर में चोट लगने की आशंका है। आपको नौकरी में बदलाव करने की जरूरत महसूस होगी, किन्तु यह समय किसी निर्णय लेने का नहीं है।

**कर्क** – आज व्यवसाय में बदलाव के लिए प्रयास करेंगे। जीवनसाथी को करियर में अच्छी सफलता मिल सकती है। अटके हुए मामलों को सुलझाने में लगे हुए होंगे। बुजुर्ग लोगों की बातों का बुरा न मानें। भारी उद्योगों से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है।

**सिंह** – आज सरकारी कार्यों में बाधा आ सकती है। सेहत को लेकर बिल्कुल भी लापरवाही न करें। अधीनस्थ कर्मचारियों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं, लेकिन आप स्थितियों को अपने नियंत्रण में लाने में भी सफल रहेंगे।

**कन्या** – आज आपको प्रेम संबंधों में परेशानियों का अनुभव होगा। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर कुछ कन्फ्यूज हो सकता है। जीवनसाथी आपसे प्रेम की अपेक्षा रखेगा। किन्तु आपकी व्यस्तता काफी ज्यादा होगी। व्यवसाय में बड़ा निवेश करने से बचें।

**तुला** – आज आप थोड़े गुस्से में रहेंगे। परिस्थितियां आपके लिए कुछ कठिन रहेंगी। कार्यक्षेत्र में आपकी व्यस्तता बढ़ेगी। अधिकारियों को लेकर आपके मन में रोष रहेगा। आय के दूसरे विकल्पों पर आप काम करेंगे। नकारात्मक प्रकृति के लोगों से दूरी बनाकर रखें।

**वृश्चिक** – आज आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। प्रेमी जन को प्रपोज कर सकते हैं। यदि आप किसी यात्रा पर जा रहे हैं तो उसकी तैयारी अच्छी रखें। आप जल्दबाजी में कुछ सामान भूल सकते हैं। इन्टरव्यू आदि में सफलता मिलने की सम्भावना है।

**धनु** – आज आपकी अपेक्षाओं पर लोग खरे नहीं उतरेंगे। प्रेम संबंधों में तनाव होने की आशंका है। यदि आप धैर्यवान रहते हैं तो आप सम्पत्ति विवादों को सुलझा सकते हैं। ज्यादा धूप और गर्मी में निकलने से बचें। शरीर में पोषक तत्वों की कमी देखने को मिल सकती है।

**मकर** – आज शेयर मार्केट के माध्यम से बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। मित्रों के सहयोग से आप कई रुके हुए कार्य करवा सकते हैं। उधार दिया हुआ धन वापस मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। अधीनस्थ कर्मचारी आपका काफी ध्यान रखेंगे। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहने वाला है।

**कुंभ** – आज परिवार में धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है। नशे जैसी गंदी आदतों से जितना हो सके दूर रहें। इससे आपकी छवि बुरी तरह से खराब हो सकती है। शान्तिपूर्वक समय निकालना बुद्धिमत्ता होगी। शाम को आप मनोरञ्जन के साधनों का आनन्द लेंगे।

**मीन** – आज आप दिन भर आराम करना पसन्द करेंगे। धार्मिक विषयों पर आप लोगों को काफी सहायता दे सकते हैं। व्यवसाय में विस्तार करने में सफलता मिलेगी। भाई–बहनों को लेकर परेशानी दूर होगी। सन्तान के व्यवहार से आप प्रसन्न रहेंगे।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- खिलाड़ी 1992 – सुबह : 11.42
- बधाई हो बधाई – शाम : 06.23

&pictures
- फुकरे रिटर्न्स – सुबह : 10.50
- रश्मी रॉकेट – रात : 08.00

Sony Pix
- बेबी ड्राइवर – सुबह : 08.49
- हैनकॉक – रात : 09.00

Zee Cinema
- अटैक 2016 – सुबह : 10.25
- राम लखन – रात : 08.30

Colors Cineplex
- दोस्ताना – सुबह : 11.57
- आंखे – रात : 08.46

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मां – बेटा इतनी लिपस्टिक लगा के कहां जा रही है
बेटी – मां मैं कॉलेज जा रही हूं
मां – बेटी तुझे कोई लड़का पसंद है क्या ?
बेटी खुश होके – हां मां बहुत पसंद है
मां – तो उस कमीने से बोल दे कि तेरी शादी वर्मा जी के बेटे से तय कर दी है।

चिंटू– “राहों में उनसे मुलाकात हो गई, जिससे डरते थे वही बात हो गई ...इस गाने का क्या मतलब है?
मिंटू– इसका मतलब है कि गायक का चालान कट गया है।

# पुलिस ने भेष बदलकर मारा पब-बार पर छापा

**पुणे कार दुर्घटना**

नागपुर, एजेंसी

पुणे कार दुर्घटना के मद्देनजर महाराष्ट्र के नागपुर में पुलिस अधिकारियों ने पहचान छिपाकर शहर में नियमों का उल्लंघन करने वाले पब और बार पर छापा मारा।

एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि नागपुर पुलिस की विशेष टीम ने पब, बार और क्लब पर छापा मारा और महाराष्ट्र निषेध अधिनियम के नियमों का उल्लंघन करने वालों का पता लगाया। पुलिस आयुक्त डॉ. रविंदर सिंघल ने बताया कि अधिकारियों के निष्कर्षों के आधार पर एक विस्तृत रिपोर्ट दर्ज होगी और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम के तहत उल्लंघन के लिए पब और क्लबों के प्रबंधन को नोटिस जारी किये जाएंगे। अन्य अधिकारी ने बताया कि सहायक पुलिस आयुक्त और पुलिस उपायुक्त सहित कम से कम 13 वरिष्ठ अधिकारी ग्राहक बनकर पब में गए और निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मियों ने रविवार रात कुल 13 जगहों पर छापा मारा और कई स्थानों पर भीड़भाड़ और कम उम्र के ग्राहकों को शराब परोसने जैसे नियमों का उल्लंघन होते हुए पाया। अधिकारी ने बताया कि पब के कुछ हिस्सों को निगरानी मुक्त रखने के लिए कुछ स्थानों पर बेहद चालाकी से सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। उन्होंने बताया कि कानून के मुताबिक, जिन पब या फिर बार में शराब परोसी जाती है वहां मार्शल को तैनात करना जरूरी होता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ग्राहक शराब पीकर गाड़ी न चलाएं लेकिन कोई भी पब और बार इस नियम का पालन करते हुए नहीं पाया गया।

- **सहायक पुलिस आयुक्त और पुलिस उपायुक्त पहुंचे ग्राहक बनकर**
- **नियमों के उल्लंघन पर पब और क्लबों के प्रबंधन को जारी किए जाएंगे नोटिस**

### गिरफ्तार डॉक्टर के लिए विधायक का सिफारिश पत्र सामने आया

**पुणे।** पोर्श कार दुर्घटना मामले में ससून जनरल अस्पताल के डॉ. अजय तावड़े की गिरफ्तारी के बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता एवं महाराष्ट्र के विधायक सुनील टिंगरे का 2023 का वह पत्र सामने आया है जिसमें उन्होंने डॉ. तावड़े को चिकित्सा अधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार देने की सिफारिश की थी। पुलिस ने सरकारी अस्पताल के फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. अजय तावड़े, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रीहरि हलनोर और डॉ. तावड़े के अधीन काम करने वाले अतुल घाटकाम्बले को इस मामले में गिरफ्तार किया है। पुणे में 19 मई की सुबह पोर्श कार की टक्कर से दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी। यह कार 17 वर्षीय नाबालिग चला रहा है। जिस समय हादसा हुआ, उस समय किशोर नशे में था। किशोर को किशोर न्याय बोर्ड ने जमानत दे दी थी और उसे दुर्घटनाओं पर निबंध लिखने को कहा था लेकिन आलोचना और पुलिस द्वारा पुनरीक्षण याचिका के बाद उसे 5 जून तक हिरासत केंद्र में भेज दिया गया।

### चालक के अपहरण में नाबालिग का पिता पुलिस हिरासत में

**पुणे।** पुणे की अदालत ने मंगलवार को पोर्श कार दुर्घटना में शामिल किशोर के पिता को परिवार के चालक के कथित अपहरण और बंधक बनाने के मामले में 31 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। कोर्ट ने इसी मामले में आरोपी किशोर के दादा की पुलिस हिरासत भी 31 मई तक बढ़ा दी। दोनों आरोपियों को न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) एए पांडे के समक्ष पेश किया गया। पुणे शहर के कल्याणी नगर इलाके में 19 मई की सुबह कथित तौर पर नाबालिग द्वारा चलाई जा रही तेज रफ्तार पोर्श कार की चपेट में आने से दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी।

**बांग्लादेश सांसद हत्याकांड**

## कोलकाता फ्लैट में मिले खून का डीएनए परीक्षण करा सकती है पुलिस

**कोलकाता।** बांग्लादेश पुलिस यहां के न्यू टाउन इलाके के एक फ्लैट में पाए गए रक्त के नमूने का डीएनए परीक्षण कराएगी और बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार के किसी रिश्तेदार के रक्त के नमूने से उसका मिलान करेगी ताकि यह पुष्टि हो सके कि राजनेता की हत्या की गई थी।

आशंका है कि एक पखवाड़े से लापता अनार की उसी फ्लैट में हत्या कर दी गयी और शव के टुकड़े नहर में फेंक दिये गये। जांच के सिलसिले में कोलकाता आए ढाका पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि यदि अवामी लीग के सांसद के शरीर के अंग नहीं मिल सके तो अंतिम विकल्प के रूप में डीएनए परीक्षण किया जाएगा। यदि शरीर के अंग नहीं मिलते हैं, तो हम डीएनए परीक्षण कराएंगे और अनार के परिवार में से किसी एक के डीएनए के साथ इसका मिलान करेंगे और इसके अनुसार मामले में जांच आगे बढ़ेगी।

# भारत दे रहा महंगी बीमारियों का सस्ता इलाज



भारत को फार्मा की राजधानी कहा जाता है और यह सस्ते चिकित्सा उपायों की उपलब्धता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत कई महंगी कैंसर की दवाओं का उत्पादन करता है और उन्हें विदेशी बाजारों में सस्ती कीमत पर बेचता है। भारतीय फार्मास्युटिकल कंपनियां जेनरिक दवाओं का उत्पादन करती हैं, जो ब्रांडेड दवाओं की तुलना में काफी सस्ती होती हैं। आइए जानते हैं कुछ प्रमुख महंगी कैंसर की दवाओं और उनके जेनरिक संस्करणों के बारे में....



### भारत सबसे बड़ा जेनेरिक का उत्पादक

भारत 20% वैश्विक जेनेरिक दवाओं का उत्पादन करता है, जिससे यह दुनिया का सबसे बड़ा जेनेरिक दवाओं का निर्यातक बन गया है। ब्रांडेड दवाओं की तुलना में जेनेरिक दवाएं 30-80% तक सस्ती होती हैं।

### देश में निर्मित कैंसर की दवाएं

- **ग्लिवेक :** नोवार्टिस द्वारा निर्मित भारतीय जनरिक निर्माता : सिप्ला, डॉक्टर रेड्डीज, सन फार्मा, और लुपिन सोरेलिक
- **नेक्सावर :** बायर द्वारा निर्मित, भारतीय जनरिक निर्माता : सिप्ला, ग्लेनमार्क, और डॉक्टर रेड्डीज, ट्रास्टुज़ुमैब
- **हेरसेप्टिन :** रोश द्वारा निर्मित, भारतीय जनरिक निर्माता : बायोकॉन,
- **बेवासिजुमैब अवास्टिन :** रोश द्वारा निर्मित, भारतीय जनरिक निर्माता बायोकॉन, सिप्ला लेनालिडोमाइड
- **रेवलेमिड :** सेल्जीन द्वारा निर्मित, भारतीय जनरिक निर्माता : नेटको फार्मा, हेटेरो एर्बिटुक्स

### स्रोत और आंकड़े

- **भारतीय फार्मास्युटिकल एलायंस :** यह संगठन भारत में फार्मा उद्योग के विकास और नवाचार को प्रोत्साहित करता है।
- **विश्व स्वास्थ्य संगठन :** भारत जेनेरिक दवाओं के सबसे बड़े निर्यातकों में से एक है। विभिन्न फार्मा मैगजीन और रिपोर्ट्स में भारत के फार्मा उद्योग और सस्ते चिकित्सा उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी मिलती है। इन सबके माध्यम से भारत दुनिया भर के लोगों को सस्ती चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने में भूमिका निभा रहा है।

**एक नजर**

### श्रद्धा वालकर हत्याकांड में पूरक आरोपपत्र दाखिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वालकर की हत्या करने और उसके शव के टुकड़े-टुकड़े करने के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला के खिलाफ और अधिक डिजिटल तथा फॉरेंसिक सबूतों के साथ एक पूरक आरोपपत्र दाखिल किया है। अदालत के सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अविरल शुक्ला के समक्ष करीब 3,000 पृष्ठों का आरोपपत्र दाखिल किया गया। पूनावाला ने मई 2022 में राष्ट्रीय राजधानी के महरौली में वालकर की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी थी और उसके शव के टुकड़े-टुकड़े कर उन्हें शहर के अलग-अलग इलाकों में फेंक दिया था।

### तीन खनिक अवैध खदान में तीसरे दिन भी फंसे रहे

**डिब्रूगढ़ (असम)।** असम के तिनसुकिया जिले में अवैध खदान में तीन खनिक तीसरे दिन मंगलवार को भी फंसे रहे और उन्हें बचाने के प्रयास जारी हैं। तिनसुकिया के आयुक्त स्वप्निल पॉल ने कहा कि अधिकारियों के अलावा, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ खनिकों का पता लगाने के लिए खोज और बचाव के अभियान में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि तीन कोयला खनिक अब भी लापता हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की एक-एक टीम और स्थानीय बचाव कर्मी लापता खनिकों का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं।

### पाकिस्तान में सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सोमवार देर रात एक जीप के गहरी खाई में गिरने से एक ही परिवार के आठ सदस्यों की मौत हो गई। क्षेत्र के जिला पुलिस अधिकारी इमरान खान ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना के शांगला जिले में तब हुई, जब एक मोड़ पर जीप के चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। अधिकारी ने बताया कि मारे गए लोगों में तीन बच्चे, चार महिलाएं और चालक शामिल है। श्री खान ने कहा कि बचाव दल और स्थानीय स्वयंसेवकों ने शवों को पोस्टमार्टम के लिये निकटवर्ती अस्पताल ले गए। उन्होंने कहा कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार सड़क की खराब स्थिति के कारण यह हादसा हुआ।

### बाकिर कालीबाफ फिर बने ईरान की संसद के अध्यक्ष

**दुबई।** ईरान की संसद ने मंगलवार को एक बार फिर मोहम्मद बाकिर कालीबाफ को अध्यक्ष चुना। संसद में कुल 287 सांसदों ने मतदान किया, जिनमें से 198 ने कालीबाफ को पद पर बरकरार रखने के पक्ष में वोट दिया। कालीबाफ 2021 में संसद के अध्यक्ष चुने गए थे। राष्ट्रपति चुनावों में मिली असफलताओं के बाद वह संसद के अध्यक्ष बने थे। इससे पहले वह ईरान की राजधानी तेहरान के मुखिया थे। कालीबाफ को 1999 में रिवॉल्यूशनरी गार्ड का जनरल रहते हुए ईरानी विश्वविद्यालय के छात्रों के खिलाफ हिंसक कार्रवाई का समर्थन करने के लिए जाना जाता है।

### अमेरिका में आए तूफान से 22 लोगों की मौत

**ह्यूस्टन (अमेरिका)।** मध्य और दक्षिणी अमेरिका में गत सप्ताहांत में एक के बाद एक आए शक्तिशाली तूफानों में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गयी, बड़ी संख्या में मकान एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठान पूरी तरह से तबाह हो गये और बिजली आपूर्ति ठप हो गई। टेक्सास, ओक्लाहोमा, अर्कांसस और केंटकी में विनाशकारी तूफानों के कारण लोगों ने अपनी जान गंवाई। दक्षिण टेक्सास से फ्लोरिडा तक तेज गर्मी और लू ने नया रिकॉर्ड बनाया। मौसम वैज्ञानिकों ने पूर्वानुमान जताया है कि सोमवार के बाद ईस्ट कोस्ट में मौसम खराब हो सकता है और छुट्टियां मनाने गए लोगों से वहां से लौटने की सलाह दी गई है।

# फिलिस्तीन को राष्ट्र बनाने के पक्ष में स्पेन : प्रधानमंत्री सांचेज

## यूरोपीय संघ के इजराइल के साथ बढ़ते मतभेद के बीच लिया गया फैसला

मैड्रिड, एजेंसी



- **आयरलैंड और नॉर्वे भी बाद में देंगे मान्यता, किसी बड़े पश्चिमी देश ने नहीं किया ऐसा**
- **राफा में हो रहे हमलों पर इजराइल के खिलाफ प्रतिबंध पर होना चाहिए विचार : सांचेज**

यूरोपीय संघ के इजराइल के साथ बढ़ते मतभेद के बीच स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने कहा कि उनके देश का मंत्रिमंडल मंगलवार को बैठक में फिलिस्तीन राष्ट्र को मान्यता देगा। आयरलैंड और नॉर्वे भी बाद में फिलिस्तीन राष्ट्र को आधिकारिक तौर पर मान्यता देंगे। दर्जनों देशों ने फिलिस्तीन राष्ट्र को मान्यता दी है लेकिन किसी बड़े पश्चिमी देश ने ऐसा नहीं किया है।

सांचेज ने प्रधानमंत्री आवास के द्वार पर खड़े होकर कहा कि यह ऐतिहासिक फैसला है जिसका एकमात्र लक्ष्य इजराइल और फिलिस्तीन के लोगों को शांति स्थापित करने में मदद करना है। सांचेज के इस भाषण का टेलीविजन पर प्रसारण किया गया। समाजवादी नेता सांचेज ने पिछले सप्ताह संसद के समक्ष अपने देश के फैसले की घोषणा की थी। उन्होंने गाजा में संघर्ष विराम और मान्यता के लिए समर्थन जुटाने के मकसद से यूरोपीय और पश्चिम एशियाई देशों का दौरा किया था। यूरोपीय संघ के सदस्य आयरलैंड और स्पेन द्वारा फलस्तीन राष्ट्र को राजनयिक मान्यता देने की पूर्व संध्या पर यूरोपीय संघ और इजराइल के आपसी संबंध सोमवार को रसातल में पहुंच गए। दक्षिणी गाजा शहर राफा में लगातार हमलों के लिए इजराइल के खिलाफ प्रतिबंधों पर विचार किया जाना चाहिए।

इजराइली विदेश मंत्री इजराइल काट्ज ने स्पेन से कहा है कि यरूशलम में उसके वाणिज्य दूतावास को फिलिस्तीनियों की मदद करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल ने अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय का पुरजोर समर्थन किया है जिसके अभियोजक इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और हमास के नेताओं सहित अन्य के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट का अनुरोध कर रहे हैं। नॉर्वे ने फिलिस्तीन राष्ट्र को औपचारिक मान्यता देने से पहले सप्ताहांत में फिलिस्तीन सरकार को राजनयिक दस्तावेज़ सौंपे।

सांचेज ने कहा कि फिलिस्तीन राष्ट्र को मान्यता देने का निर्णय इजराइल समेत किसी के भी खिलाफ नहीं है। उन्होंने गाजा में स्थायी संघर्ष विराम, मानवीय सहायता सामग्री की आपूर्ति बढ़ाने और पिछले साल 7 अक्टूबर को हमला करने के बाद हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को रिहा किए जाने का आह्वान किया। सांचेज ने फिलिस्तीनी राष्ट्रीय प्राधिकरण द्वारा शासित एक ऐसे राष्ट्र की कल्पना की जो वेस्ट बैंक और गाजा को पूर्वी यरुशलम से जोड़े।

## बंदूकधारियों के हमले में सात की मौत, 150 लोगों का अपहरण

**अबुजा।** नाइजीरिया के मध्य नाइजर प्रांत में एक समुदाय पर बंदूकधारियों के हमले में चार स्थानीय सुरक्षा कर्मियों सहित कम से कम सात लोग मारे गए। नाइजीरियाई मीडिया के अनुसार मुन्या सरकारी क्षेत्र के कुची समुदाय में हुई घटना के दौरान भारी हथियारों से लैस बंदूकधारियों ने 150 से अधिक निवासियों का अपहरण कर लिया था। ब्लूप्रिंट समाचार पत्र ने मुन्या सरकारी क्षेत्र के प्रमुख अमीनू नाजूम ने बताया कि बंदूकधारियों ने भारी बारिश के दौरान समुदाय पर धावा बोल दिया और घर-घर जाकर लोगों को अगवा किया। भागने का प्रयास करने वाले तीन ग्रामीणों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मुठभेड़ में सरकार समर्थित सुरक्षा टास्क फोर्स के चार सदस्य भी मारे गए। उन्होंने मुन्या पर हो रहे हमलों पर दुख व्यक्त किया और सरकार से निवासियों को आतंकित करने वाले डाकुओं के खिलाफ सुरक्षा प्रयासों को मजबूत करने का आग्रह किया। पुलिस ने अभी तक नवीनतम घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

- **नाइजीरिया के मध्य नाइजर प्रांत में हुआ हमला**

# इजराइल के साथ युद्धविराम को लेकर बातचीत नहीं होगी: हमास

गाजा, एजेंसी

- **इजराइली के राफा में विस्थापितों के टेंटों को निशाना बनाने के जवाब में लिया फैसला**

हमास ने कहा है कि रविवार की रात दक्षिणी गाजा शहर राफा पर इजराइल के हमले के बाद वह गाजा पट्टी में युद्धविराम या कैदी विनिमय समझौते के लिए किसी भी बातचीत में भाग नहीं लेगा। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक हमास ने यह निर्णय इजराइली सेना द्वारा राफा के उत्तर-पश्चिम में विस्थापित नागरिकों के टेंटों को निशाना बनाने के जवाब में लिया है, जिसमें 10 से अधिक लोग मारे गए और घायल हो गए।

सूत्रों ने कहा कि हमास को बातचीत फिर से शुरू करने के संबंध में मिस्र या कतर में मध्यस्थों से कोई आधिकारिक अधिसूचना नहीं मिली है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक राफा शहर के पास विस्थापित लोगों के तंबुओं पर इजराइली हवाई हमलों में बच्चों और महिलाओं सहित कम से कम 45 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। हमास के वरिष्ठ अधिकारी ओसामा हमदान ने सोमवार को बेरूत में कहा कि मध्यस्थों को प्रस्तुत की गई हमारी शर्तों को छोड़कर इजराइल को कभी उसके नागरिक वापिस नहीं मिलेंगे। स्थायी युद्धविराम सहित किसी समझौते पर पहुंचने के लिए हमास की शर्तें पहले जैसी ही रहेंगी।

### राफा में लक्ष्य कर किया गया हमला

यरुशलम। इजराइल ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन के प्रशासन को बताया है कि उसने राफा में लक्षित और सटीक गोला बारूद से ईंधन टैंक पर हमला किया था, जिसमें आग लगने से विस्थापित फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। सीएनएन ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से कहा कि हम इसकी पुष्टि नहीं कर सकते, लेकिन इजराइल ने हमें इस हमले की जानकारी दी है। हमारा मानना है कि इजराइल द्वारा अपनी जांच पूरी करने के बाद हम और जानकारी प्राप्त होगी। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शरणार्थी शिविर पर हवाई हमले को दुखद दुर्घटना बताया और कहा कि जांच चल रही है।

### इजराइली टैंकों ने राफा केंद्र पर किया कब्जा

राफा। इजराइली टैंकों ने राफा के मध्य में अल-अवदा चौराहे को अपने कब्जे में ले लिया है। यह जानकारी राफा में प्रत्यक्षदर्शियों और मीडिया ने मंगलवार को दी। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अल-अवदा चौराहा प्रमुख बैंकों, सरकारी संस्थानों, व्यवसायों और दुकानों के लिए एक प्रमुख स्थल है। दक्षिणी तरफ फिलिस्तीनी-मिस्र की सीमा से सिर्फ आधा किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह चौराहा पर तोपखाने से गोलीबारी कर इजरायली सेना ने इसे अपने कब्जे में ले लिया है। रिपोर्ट में एक प्रत्यक्षदर्शी के हवाले से बताया गया कि उसने शहर के पश्चिमी हिस्से में स्थित अमीराती अस्पताल में अपने परिवार के सदस्यों के साथ शरण मांगी थी। प्रत्यक्षदर्शी ने कहा कि सैनिक चौक के समीप एक इमारत के शीर्ष पर तैनात हो गए और क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर उन्होंने गोलाबारी शुरू कर दी।

# संदेशखालि: शेख के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज


नई दिल्ली, एजेंसी

- **सीबीआई ने ईडी की टीम पर हमले के संबंध में की कार्रवाई**

सीबीआई ने पांच जनवरी को संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पर भीड़ के किए हमले के संबंध में निलंबित टीएमसी नेता शाहजहां शेख, उसके भाई और पांच पर आपराधिक साजिश और हत्या के प्रयास का आरोप लगाया है।

अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि मामले में एजेंसी का पहला आरोपपत्र सोमवार को बशीरहाट विशेष अदालत के समक्ष दायर किया गया। पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में शेख के घर पर छापेमारी करने गई ईडी की टीम पर 1,000 लोगों की भीड़ ने हमला किया था। टीम शेख को गिरफ्तार करने भी गई थी क्योंकि घोटाले में जांच के घेरे में आए, गिरफ्तार पूर्व राज्य खाद्य मंत्री ज्योति प्रिय मलिक के साथ उसके कथित संबंध थे। आरोप पत्र में सात लोगों के नाम हैं, जिनमें शेख, उसका भाई आलमगीर और सहयोगी जियाउद्दीन मुल्ला, मफुजर मुल्ला और दीदारबख्श मुल्ला शामिल हैं। सीबीआई ने आरोपियों पर आपराधिक साजिश और हत्या का प्रयास के अलावा दंगा समेत कई आरोप लगाए हैं।

## इन्हें भी चाहिए गर्मी से राहत



ज्येष्ठ की तपती गर्मी ने सभी को बेहाल कर रखा है। सभी इससे राहत पाने के लिए कई प्रकार के उपाय कर रहे हैं। वहीं कुल लोग इस गर्मी में पशुओं को राहत पहुंचाने के लिए कई उपाय कर रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को नई दिल्ली के राष्ट्रीय प्राणी उद्यान में गर्मी से हाथी को निजात दिलाने की कोशिश करता चिड़ियाघर संचालक। जो हाथी को पानी के बौछार से राहत पहुंचाने का प्रयास कर रहा है। • एजेंसी

# जापान में पहली बार कोविड-19 एंटीबॉडीज दर हुई 60 प्रतिशत

टोक्यो, एजेंसी

- **स्वास्थ्य मंत्रालय के किए गए दो सर्वेक्षणों से हुआ खुलासा**

जापान के स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से किए गए दो हालिया सर्वेक्षणों के अनुसार यहां कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों में एंटीबॉडी पाए जाने की दर पहली बार 60 प्रतिशत से अधिक हो गई है।

मंत्रालय ने मार्च में किए दो सर्वेक्षणों के नतीजे विशेषज्ञों के एक पैनल के सामने पेश किए। सभी आयु समूहों को कवर करने वाले सर्वेक्षण में एंटीबॉडी कब्जे की दर 60.7 प्रतिशत थी, जबकि देश भर में 16 से 69 वर्ष की आयु के रक्त दाताओं को लक्षित करने वाले एक अन्य सर्वेक्षण में, दर 64.5 प्रतिशत तक पहुंच गई। सर्वेक्षण में सभी आयु समूहों को शामिल करते हुए 22 प्रान्तों में 3,947 लोगों के डेटा का विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार पांच से 19 वर्ष की आयु वालों के लिए, एंटीबॉडी दर 85 प्रतिशत से अधिक थी, जबकि 70 वर्ष और उससे अधिक आयु वालों के लिए यह दर 30 प्रतिशत की सीमा में थी। दूसरे सर्वेक्षण में जापान के सभी प्रान्तों में 18,048 रक्त दाताओं को लक्षित किया। होक्काइडो और टोक्यो के उत्तरी प्रान्त सहित कुल 38 प्रान्तों में एंटीबॉडी दर 60 प्रतिशत से अधिक है। उच्चतम दर ओकिनावा के दक्षिणी प्रान्त में 77.6 और सबसे कम अकिता प्रान्त में 50 प्रतिशत देखी गई।

**खगोलशास्त्र** हमारे सौर मंडल के नौवें ग्रह के अस्तित्व के साक्ष्य मिले

# पृथ्वी से चार गुना विशाल है यह रहस्यमय ग्रह

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** रहस्यमय ढंग से छिपे हमारे सौर मंडल के नौवे ग्रह की मौजूदगी के साक्ष्य खगोल वैज्ञानियों ने खोज निकाले हैं। इस ग्रह के अस्तित्व के सबूत क्षुद्रग्रहों से मिले हैं, जो नौवे ग्रह के गुरुत्वाकर्षण से बंधे हैं। खगोलविदों को उम्मीद है कि इसे जल्द खोज लिया जाएगा।

प्रथम दृष्टया प्लैनेट 9 नेप्च्यून के आकार का है, जो हमारे सौर मंडल के बाहरी इलाके में छिपा हुआ है। कैलटेक यूनिवर्सिटी और साउथवेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने शोध के जरिए साक्ष्य जुटाए हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार ग्रह 9 के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव के कारण नेपच्यून से परे छोटे पिंडों का एक समूह एक साथ जुड़ जाता है। ये सुदूर सौर मंडल के पिंड क्षुद्रग्रह बेल्ट के चट्टानी पत्थर अपनी कक्षा में प्लैनेट 9 के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव के कारण समान रूप से फैले हुए नहीं हैं। ज्ञातब्य हो कि इसी तरह आठवें ग्रह नेपच्यून की खोज की गई थी।



इस तरह का हो सकता है नौवां ग्रह। (काल्पनिक चित्र)

नेपच्यून यूरेनस की कक्षा में घूम था। गणितीय आधार पर नेप्च्यून की खोज हुई थी। हैरानी की बात है कि इसकी मौजूदगी का पता चलने के सौ साल बाद इसे देखा गया। प्लैनेट 9 भी इसी तरह खोजा जा सकता है। इसके नजदीकी क्षुद्रग्रहों की गति व कक्षा की निगरानी शुरू करने की तैयारी हो रही है। संभव है कि यहीं से प्लैनेट 9 की पुष्टि हो सकेगी। शोधकर्ताओं के अनुसार यह ग्रह पांच पृथ्वियों के आकार का होगा (नेप्च्यून के बराबर) और पृथ्वी की तुलना में सूर्य से 400 से 800 गुना अधिक दूर होगा। इस खोज को एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स ने प्रकाशन के लिए पेपर स्वीकार कर लिया है।

### रुबिन वेधशाला टेलेस्कोप से होगी खोज

वेरा रुबिन वेधशाला दूरबीन नौवें ग्रह की खोज में लगाई जाएगी। इस दूरबीन को अगले वर्ष स्थापित किया जाएगा। इस दूरबीन को खासकर हमारे सौर मंडल के छोटे ब्लैक होल की खोज के लिए ईजाद किया जा रहा है। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि प्लैनेट 9 की खोज में यह दूरबीन कारगर साबित होगी। प्लैनेट 9 के अस्तित्व को लेकर लंबे समय से वैज्ञानिकों के बीच चर्चा होते रही हैं। इस ग्रह को प्लैनेट एक्स नाम भी दिया गया है। इसे सौर मंडल का बेहद रहस्यमय ग्रह माना जाता है।

## गिरफ्तार श्रीलंकाइयों का 46 वर्षीय शख्स हो सकता है आका

**कोलंबो।** श्रीलंका के सुरक्षा बलों को शक है कि एक 46 वर्षीय शख्स उन चार श्रीलंकाइयों का आका है जिन्हें पिछले हफ्ते भारत के अहमदाबाद हवाई अड्डे पर आईएसआईएस के साथ कथित संबंध के मामले में गिरफ्तार किया गया था। एक खबर में यह जानकारी दी गई है।

न्यूज़फर्स्ट समाचार पोर्टल के मुताबिक, श्रीलंका पुलिस ने बताया कि संदिग्ध उस्मानद जेर्राड डेमाटागोडा का निवासी है और अक्सर हुलिया बदलता रहता है। पोर्टल ने मंगलवार को कहा कि माना जाता है कि जेर्राड श्रीलंका के संदिग्ध नागरिकों की भारत आने जाने में मदद करता है। पुलिस ने संदिग्ध के ठिकाने की विश्वस्त सूचना देने पर हाल में 20 लाख रुका इनाम घोषित किया था।

# बांग्लादेश में रेमल के कहर से पांच और लोगों की मौत

ढाका, एजेंसी

- **तेज हवाओं से पेड़ उखड़े और बिजली के खंभे गिरने से जनजीवन अस्त-व्यस्त**

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में सोमवार रात चक्रवाती तूफान रेमल के कारण अलग-अलग इलाकों में तेज हवाओं के साथ पेड़ उखड़ने और बिजली के खंभे गिरने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गयी।

ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पुलिस चौकी प्रभारी बच्चू मिया ने मंगलवार को मौतों की पुष्टि की। ढाका में आए चक्रवाती तूफान रेमल का प्रभाव आज सुबह तक देखा गया और राजधानी में बारिश और तेज हवाएं चल रहीं है। ढाका से 259 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में, खगराचारी जिले में चक्रवाती तूफान के कारण उखड़े हुए पेड़ों को हटाते समय आज तड़के अग्निशमन कर्मी की बिजली के तारों की चपेट में आने से मौत हो गयी। बांग्लादेश का तटीय क्षेत्र तूफान की तेज़ हवाओं से प्रभावित हुआ है। चक्रवाती तूफान से पेड़ और घरों और इमारतों की छतें उड़ गईं और बड़े पैमाने पर बिजली और पानी की आपूर्ति बाधित हुई है।

कथित तौर पर देश के दक्षिणी और दक्षिण-पूर्वी क्षेत्रों के कुछ हिस्सों में चक्रवाती तूफान से बाढ़ सुरक्षा तटबंध क्षतिग्रस्त हो गए हैं। देश के आपदा प्रबंधन और राहत राज्य मंत्री मोहम्मद मोहिबुर रहमान ने सोमवार को कहा कि चक्रवाती तूफान रेमल के बांग्लादेश के समुद्र तट से टकराने और बाद में इसके कमजोर पड़ने के दौरान कम से कम 10 लोगों की मौत हो गयी।